दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्ष: 4 अंक: 22 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 01 नवम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया



किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

## डिजिटल इंडिया से डीप टेक तक, भारत रच रहा नए कीर्तिमान : प्रधानमंत्री मोदी

### चंद्रयान से बायोइकोनॉमी तक हर क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का परचम, साइंस और इनोवेशन में ग्लोबल लीडर बन रहा देश

समाज जागरण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत डिजिटल इंडिया से लेकर डीप टेक, चंद्रयान से लेकर बायोइकोनॉमी तक अनेक क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के एक आर्टिकल को रीपोस्ट करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा – "हम सभी के प्रयासों से हमारा देश साइंस और इनोवेशन में ग्लोबल लीडरशिप को पुनर्परिभाषित कर रहा है। आत्मविश्वास से भरा आत्मनिर्भर भारत अब पूरी दुनिया को प्रेरित कर रहा है।"



केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने अपने लेख में कहा कि अब भारत तकनीक के क्षेत्र में किसी का अनुकरणकर्ता नहीं, बल्कि प्रेरणास्त्रोत बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में भारत ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार में अभूतपूर्व प्रगति की है।

- *यूपीआई ने वैश्विक भुगतान प्रणाली को पुनर्परिभाषित किया*
- *बायोइकोनॉमी 10 अरब डॉलर से बढ़कर 165.7 अरब डॉलर*
- *चंद्रयान और गगनयान ने भारत को अंतरिक्ष में अग्रणी बनाया*
- *एआई, 5जी और डिजिटल कूटनीति से कनेक्टिविटी को नई दिशा*

**"17% बढ़ा यूपीआई खर्च"**

*बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष दशहरा से दीपावली तक यूपीआई लेनदेन 17.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गए हैं।*

***चंद्रयान और गगनयान मिशनों ने अंतरिक्ष यात्रा करने वाले देशों में भारत की सशक्त स्थिति सुनिश्चित की है। वहीं, 5जी की शुरूआत और डिजिटल कूटनीति ने कनेक्टिविटी को अंतिम छोर तक पहुंचाने का काम किया है।***

उन्होंने कहा कि डिजिटल सशक्तिकरण से लेकर अंतरिक्ष अनुसंधान तक भारत ने ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज की हैं। यूपीआई क्रांति ने डिजिटल भुगतान को वैश्विक स्तर पर नई परिभाषा दी है। भारत की बायोइकोनॉमी 2014 के 10 अरब डॉलर से बढ़कर 2024 में 165.7 अरब डॉलर तक पहुंच गई है।

भारत अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में भी एक वैश्विक लीडर के रूप में उभर रहा है, जिससे कृषि, स्वास्थ्य सेवा और सुशासन के हर क्षेत्र में स्मार्ट टेक्नोलॉजी का विस्तार हो रहा है।

इसी क्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा की एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि इस वर्ष दशहरा-दीपावली फे-स्टिव सीजन में यूपीआई ट्रांजैक्शन 17 प्रतिशत बढ़कर 17.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गए हैं। यह साबित करता है कि देश तेजी से डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## जातिवाद, परिवारवाद या छुआछूत के आधार पर समाज को बांटने वालों का करें विरोध : सीएम योगी

समाज जागरण

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में 'भारत रत्न' सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि हमें उन सभी कुत्सित प्रयासों का विरोध करना चाहिए, जो जातिवाद, परिवारवाद या छुआछूत के आधार पर समाज को बांटने का काम करते हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस का यही संदेश है कि हम सब मिलकर भारत की अखंडता को सशक्त बनाएं और सामाजिक एकता को मजबूत करें।

**सीएम योगी ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया**

योगी ने कहा कि सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें हर उस शक्ति का विरोध करना चाहिए जो राष्ट्र की एकता को कमजोर करने का प्रयास करती है। उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और कहा कि भारत की अखंडता और एकता के लिए जिन्होंने अपना जीवन समर्पित किया, उन लौह पुरुष सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारें।

**सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया**

सीएम योगी ने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन, समर्पण और त्याग आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आइए, इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर हम संकल्प लें कि जाति, भाषा, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर भारत की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से ही देश में उन महान सपूतों को सम्मान देने की परंपरा शुरू हुई है, जिन्होंने भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया।

## सप्ताह के आखिरी दिन बाजार में गिरावट, मीडिया और मेटल शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट



समाज जागरण

कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 465.75 अंक या 0.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 83,938.71 और निफ्टी 155.75 अंक या 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,722.10 पर था।

मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स का भी प्रदर्शन कमजोर रहा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 270.35 अंक या 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,825.90 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 88.90 अंक या 0.48 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,380.80 पर था।

सेंसेक्स पैक में बीईएल, एलएंडटी, टीसीएस, आईटीसी और एसबीआई गेनर्स थे।

**बाजार के ज्यादातर सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।**

सबसे अधिक गिरावट निफ्टी मीडिया (1.32 प्रतिशत), निफ्टी मेटल (1.09 प्रतिशत), निफ्टी सर्विसेज (0.91 प्रतिशत), निफ्टी हेल्थकेयर (0.89 प्रतिशत) और निफ्टी कमोडिटीज (0.84 प्रतिशत) में दर्ज की गई। वहीं, निफ्टी पीएसयू बैंक (1.56 प्रतिशत), निफ्टी इंडिया डिफेंस (1.03 प्रतिशत) और निफ्टी पीएसई (0.11 प्रतिशत) की तेजी के साथ बंद हुआ।

इटरनल (जोमैटो), एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस , सन फार्मा और टाटा स्टील टॉप लूजर्स थे।

बाजार के जानकारों ने कहा कि दिन के दौरान उतार-चढ़ाव के बाद भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। इसकी वजह डॉलर का मजबूत प्रदर्शन, फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल की ओर से ब्याज दरों पर नकारात्मक टिप्पणी के बाद, एफआईआई की फिर से बिकवाली शुरू करना था।

**उन्होंने आगे कहा कि बाजार में निवेशक अभी मुनाफावसूली कर रहे हैं और ऐसे में गिरावट पर खरीदारी की रणनीति सही रहेगी।**

भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत हल्की तेजी के साथ हुई थी। सुबह करीब 9 बजकर 25 मिनट पर सेंसेक्स 153.83 अंक या 0.18 प्रतिशत की तेजी के साथ 84,558.29 पर कारोबार कर रहा था। वहीं, निफ्टी 33.95 अंक या 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,911.80 स्तर पर बना हुआ था

## काशी में 16 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं विभिन्न स्टेज में

मुख्यमंत्री ने बताया कि विगत वर्षों में काशी में 51 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। जिसमें से 34 हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण प्रधानमंत्री के कर कमलों से संपन्न हो चुकी हैं और 16 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं विभिन्न स्टेज में चल रही हैं। आज रोड, रेल, एयर और जल मार्ग की बेहतरीन कनेक्टिविटी यहां के जीवन को सरल बना रही है। बहुत शीघ्र काशी वासियों को प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से अर्बन रोपवे की सौगात मिलने वाली है। यह पर्यावरण अनुकूल होने के साथ सार्वजनिक परिवहन को नई दिशा देगी। कुछ लोगों ने यहां कब्जा करने का किया था प्रयास मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का ये समारोह पवित्र कार्तिक मास में आयोजित होने वाला महत्वपूर्ण समारोह है। जिस धर्मशाला का यहां अभी उद्घाटन हुआ है,

## अमित शाह ने ह्यकेन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक 2025' से सम्मानित सभी पुलिसकर्मियों को बधाई दी

रघुनंदन पराशर समाज जागरण

जैतो,31 अक्टूबर ;केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने ह्यकेन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक 2025' से सम्मानित सभी पुलिस-।कर्मियों को बधाई दी ।एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि ह्यकेन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक 2025' से सम्मानित सभी पुलिसकर्मियों को बधाई। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान, अन्वेषण, आसूचना और फोरेंसिक विज्ञान में अनुकरणीय मानक स्थापित करते हुए, राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केन्द्रीय पुलिस संगठनों के कर्मियों ने हमारे राष्ट्र को और अधिक दृढ़ और सुरक्षित बनाने में योगदान दिया है। श्री शाह ने कहा कि साहस, प्रतिबद्धता और समर्पित सेवा को सम्मानित करने के लिए गृह मंत्रालय द्वारा 2024 में स्थापित यह पुरस्कार और अधिक लोगों को राष्ट्र सेवा के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करेगा।



## ग्रामीणों से ठगी कर दिल्ली भागी महिला

### डेढ़ वर्षों तक ग्रामीणों को करती रही गुमराह

संवादाता,दैनिक समाज जागरण।

विष्णुगढ़ ।प्रखंड के रमुआ में एक बार फिर ठगी का शिकार हुए ग्रामीण ।बताते सहिया में कार्यरत रीना देवी पति सचिन कुमार रमुआ निवासी ग्रामीणों से लाखों की ठगी कर डेढ़ वर्षों पूर्व सपरिवार दिल्ली भाग गई।दिल्ली भागने के बाद ग्रामीणों को कुछ दिनों तक झांसा देती रही,पैसे लौटाने के लिए हामी भरती रही।लेकिन डेढ़ वर्ष के बाद रीना देवी ग्रामीणों का फोन उठाना बंद कर दी।जिससे ग्रामीण रीना देवी के छानबीन को मजबूर हो रहे है।बताते दिल्ली में किसी निजी स्कूल में कार्य कर रही है लेकिन अपना पता किसी को नहीं बता रही है।



## लोनी के एनएच-709 का दुर्भाग्य: जाम और गंदे पानी ने यात्रियों की खैर नहीं मानी

### भाजपा नेताओं की उदारता, गंदे पानी में उतरकर खुलवाया जाम

***लोनी के एनएच - 709 का दुर्भाग्य, कई दिनों से जूझ रहे हैं जाम की परेशानी से**

***अधिकारी आए, फोटो खिंचवाई और अधीनस्थ को आदेश देकर जिम्मेदारी की करली इति श्री**





समाज जागरण

लोनी, 31 अक्टूबर: क्षेत्र में नेताओं के लुढ़कते वादे और जन आक्रोश की घुलती ठंडक के बीच अगर आज कहीं गर्मी है तो लोनी के दिल्ली-सहारनपुर मार्ग के सियासी गलियारों में. हम बात कर रहे हैं गड्ढों में तब्दील और गंदे पानी से लबालब दिल्ली-सहारनपुर मुख्य मार्ग की, जो जिम्मेदारों की कारगुजारी के चलते यात्रियों के लिए आफत का सबक बना हुआ है. शिविर और नाले के बदबूदार गंदे पानी में फंसे वाहनों एवं दुर्घटनाओं के चलते यहा जाम जैसी स्थिति बनी हुई है. मजे की बात तो यह है कि इसके पुनर्निर्माण को लेकर आजकल यह पूरी चर्चा में तो है, मगर संदर्भ में मजबूती के साथ अपनी आवाज बुलंद करने वाला कोई नजर नहीं आता है।

**नेता बदले..वादे बदले, नहीं बदले तो मार्ग के हालात**

संबंधित विभाग की लचर कार्य प्रणाली का नतीजा है कि, मुख्य नाले और शिविर, दोनों कूड़ा-करकट व गंदगी से अटे होने से उनका बदबूदार गंदा पानी अक्सर मार्ग पर भर जाने से यातायात प्रभावित हो जाता है. ऐसी सूरत में बरसात के दौरान मार्ग के हालात कैसे होते होंगे.? इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है. अफसोस तो इस बात का है कि इस बदहाल मार्ग निर्माण के लिए विभिन्न प्रतिनिधियों द्वारा बड़े-बड़े वादे तो किए गए. मगर समय-समय पर नेताओं के साथ उनके वादे भी बदलते गए और इस तरह उसके हालात आज भी ज्यों के त्यों बने हुए हैं।

**जवाहर नगर-शांति नगर के बीच हालत बद् से बद्कर**

शिविर और मुख्य नालो के गंदे पानी की निकासी सुचारू नहीं हो पाने से गड्ढों में तब्दील हो चुका यह मार्ग उनके ओवरफ्लो बदबू-दार गंदे पानी से लबालब है. जवाहर नगर से शांति नगर के बीच तो ऐसे हालात है मानो उसने किसी नहर का रूप धारण कर लिया हो. जिसके चलते वाहन चालकों को आवागमन के दौरान भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है. हालात ऐसे हैं कि, वाहनो का लबालब पानी में फंसकर खड़े होने के साथ-साथ उनका दुर्घटनाग्रस्त होना आम बात बनी हुई हैं. यही कारण है कि यहां जाम जैसी स्थिति बनी हुई है।

**चीखती रही एंबुलेंस.. मौत से लड़ता रहा मरीज**

शांति नगर और जवाहर नगर के बीच तालाब जैसे हालात बने मार्ग पर फंसी खड़ी गाड़ियों और पानी में डूबकर बंद खड़े दुपहियो के कारण वहां जाम जैसी स्थिति बनी हुई है. और वाहनों को किसी तरह कछुआ गति से रेंगते हुए निकलना पड़ रहा है. इसी दौरान लगभग 4 बजे लोनी की तरफ से मरीज को लेकर दिल्ली की ओर जाने वाली एक एंबुलेंस वहा आ जाती है. और आगे निकलने के लिए उसका चालक लगातार सायरन बजता है, मगर उसे रास्ता नहीं मिल पाता. इस तरह लगभग 1 घंटे तक एंबुलेंस का सायरन चीखता रहा. जबकि एंबुलेंस का मैरिज मौत और जिंदगी की लड़ाई लड़ता रहा. हालांकि एंबुलेंस चालक भी मार्ग के ऐसे हालातो के सामने लाचार था।

**क्षेत्रवासियों के बीच बढ़ता रोष**

क्षेत्रवासियों का कहना है कि मार्ग की बदहाली के कारण उनके बच्चों को स्कूल आने-जाने में दिक्कत आ रही हैं, किसी आपातकालीन समय में वहां से नहीं निकल पाने से कोई भी किसी अप्रिय घटना का शिकार हो सकता है, लोगों की आम दिनचर्या भी मानो ठहर सी गई हो. मगर इसके बावजूद किसी भी विभागीय अधिकारी या जनप्रतिनिधि को मार्ग की यहहै दुर्दशा दिखाई नहीं दे रही है.

**गंदे पानी में उतरकर भाजपा नेताओं ने दिखाई उदारता**

ओवरफ्लो शिविर तथा नाले का गंदा पानी भर जाने से शांति नगर व जवाहर नगर के निकट गड्ढों में तब्दील हो चुके मार्ग ने नहर जैसा रूप धारण कर लिया हैं. जहा दुर्घटना होने के अलावा दोपहिया व थ्री व्हीलर पानी में फंसकर खड़े हो जाने के कारण वहा कई दिनों से जाम जैसी स्थिति बनी रहती है. इसके बावजूद वाहन यातायात सुचारू करने वाले पुलिस कर्मियों का अभाव है. शुक्रवार के दिन तो जाम का यह आलम था कि वाहन घंटो तक वहां जाम में फंसे खड़े रहे. इसी दौरान वहा से निकल रहे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी मोर्चा) डॉ. प्रमेंद्र जांगड़ा व वार्ड 41 के सभासद अंकुश जैन की गाड़ी भी इस जाम की शिकार हो गई. हालांकि इस दौरान दोनों नेता बदबूदार गंदे पानी में उतर गए और दोनों नेता यातायात सुचारु करने के लिए घंटो तक जुटे रहे जो वास्तव में दूसरों के लिए भी एक सबक है।



# राहुल से आखिर कब तक डरेगी भाजपा ?




मै भारतीय जनता पार्टी को एक दूरदर्शी, और निडर पार्टी मानता हूँ लेकिन जब- जब चुनाव में भाजपा नेताओं के सिर पर लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का भूत चढा देखता हूँ तब- तब मुझे अपनी ही धारणा गलत प्रतीत होने लगती है. बिहार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा राहुल से आतंकित दिखाई दे रही है. अब राहुल गांधी को परेशान करने के लिए भाजपा समर्थक अदालत का सहारा ले रहे हैं.

कांग्रेस नेता राहुल गांधी  द्वारा बिहार चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोक आस्था के महापर्व छठ पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी को लेकर मुजफ्फरपुर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में उनके खिलाफ एक परिवाद दर्ज कराया गया है. यह मामला अब राजनीतिक तूल पकड़ता जा रहा है.

यह परिवाद मुजफ्फरपुर के प्रसिद्ध अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने दायर किया है. उन्होंने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने बुधवार को सकरा विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया. आरोप के मुताबिक, राहुल गांधी ने कहा था कि ह्लपीएम मोदी वोट के लिए स्टेज पर नाच भी लेंगे.

परिवाद में यह भी आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी ने छठ पर्व को लेकर ह्लड्रामाह्व जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया. जिससे करोड़ों हिंदुओं और बिहारवासियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं. अधिवक्ता ओझा ने इसे भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धाराओं 298, 356(2), 352 और 353 के तहत एक दंडनीय अपराध बताया है.

सीजेएम कोर्ट ने  भी इस परिवाद को स्वीकार कर लिया है और मामले की अगली सुनवाई के लिए 11 नवंबर, 2025 की तारीख तय की है. इस मामले ने बिहार की चुनावी सरगर्मी को और बढ़ा दिया है. एक तरफ जहां कांग्रेस और महागठबंधन इसे राजनीतिक प्रतिशोध बता रहे हैं, वहीं भाजपा और एनडीए इसे बिहार की अस्मिता और प्रधानमंत्री के सम्मान से जोड़कर मुद्दा बना रहे हैं.

राहुल गांधी के खिलाफ अदालत गए सुधीर कुमार ओझा का भाजपा से कनेक्शन है या नहीं ये पता नहीं है लेकिन ओझा अक्सर सार्वजनिक बयानों को लेकर नेताओं को अदालत में घसीटते रहे हैं. अब देखना यह होगा कि अदालत इस मामले में क्या रुख अपनाती है और राहुल गांधी की मुश्किलें कितनी बढ़ती हैं. इस घटना ने बिहार चुनाव में बयानों की मयार्दा और राजनीतिक हमलों के स्तर पर एक नई बहस छेड़ दी है.

बिहार विधानसभा चुनाव में कौन नेता क्या कह रहा है ये जानना दिलचस्प है. मोशा की जोडी हो या गिरिराज पंडित जी की जुबान हर दिन फिसलती रहती है लेकिन कोई विपक्षी न अदालत गया और न केंचुआ के पास. दूसरी तरफ भाजपा की ओर से इसका श्रीगणेश हो चुका है. मेरे ख्याल से चुनाव के समय नेता एक दूसरे के विरुद्ध जो बोलते हैं उसका फैसला कानून की अदालत के बजाय जनता की अदालत में ही होना चाहिए.

राहुल के खिलाफ अदालत गए ओझा को भी पहले केंचुआ के पास जाना था. केंचुआ जब ना-नुकर करता तब अदालत विकल्प होती. बहरहाल मुझे नहीं लगता कि कोई सीजेएम राहुल गांधी को चुनाव प्रचार करने से रोकेगा. फिर भी यदि रोक दे तो फायदा एनडीए को नहीं मोदी जी के प्रिय लठबंधन यानि महागठबंधन को ही होगा.

ये पहला मौका है जब देश के प्रधानमंत्री को एक गठबंधन से ज्यादा उसके नेताओं के खिलाफ मोर्चा लेना पड रहा है. अन्यथा हर विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री न तो खुद चेहरा  मोहरा बनते हैं और न ही कोई व्यक्तिगत टिप्पणी करते है, किंतु मोदी जी बार बार तेजस्वी यादव और राहुल गांधी को युवराज कह कर उन पर गालियां देने का आरोप लगा रहे हैं.

@ राकेश अचल

# बिहार में योगी-अखिलेश के बाद कब मायावती दिखेंगी मैदान में



अजय कुमार

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव इन दिनों बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार के केंद्र में हैं। योगी आदित्यनाथ बीजेपी और एनडीए प्रत्याशियों के लिए धुआंधार जनसभाएं कर रहे हैं, वहीं अखिलेश यादव महागठबंधन को जीत दिलाने के लिए सक्रिय हैं। मायावती की बात करें तो उन्होंने अब तक बिहार में कोई जनसभा नहीं की है, जबकि पार्टी ने 6 नवंबर से उनके प्रचार अभियान की योजना बनाई है। योगी आदित्यनाथ चुनाव प्रचार के आखिरी दौर में सिवान, वैशाली और भोजपुर जैसे प्रमुख जिलों में जनसभाएं कर रहे हैं। बीजेपी ने योगी को बिहार भेजकर एनडीए के हिंदुत्ववादी एजेंडे को धार दी है। रघुनाथपुर (सीवान), शाहपुर और बक्सर में उनकी रैलियों के दौरान यूपी के विकास मॉडल, अपराध पर जीरो टॉलरेंस और बुलडोजर राजनीति को बिहार की जनता के सामने रखा गया। स्थानीय लोगों के बीच योगी की लोकप्रियता, यूपी के सीमावर्ती इलाकों में उनकी पकड़ को भुनाने की कोशिश साफ दिखती है। सिवान में उन्होंने आरजेडी पर सीधा हमला किया और एनडीए को कानून-व्यवस्था, रोजगार और बिजली-पानी के मुद्दों पर बेहतर विकल्प बताया। बारिश के कारण उनकी कुछ रैलियां प्रभावित भी हुई हैं, लेकिन बीजेपी कार्यकताओं का उत्साह कम नहीं हुआ। योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति बिहार चुनाव में एनडीए के वोटरों को गठित और प्रेरित करने का संदेश देती है।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक नवंबर से बिहार चुनाव प्रचार अभियान में उतर रहे हैं। उनका कार्यक्रम आधा दर्जन से ज्यादा रैलियों का है, जिनमें वे महागठबंधन के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगेंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव, राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के साथ संयुक्त रैली करने वाले हैं, जिससे महागठबंधन के प्रचार को ऊर्जा और एकजुटता मिलती है। पहले चरण में पूर्वी चंपारण, सिवान और कैमूर में अखिलेश महागठबंधन को वोट दिलाने के लिए अपने यूपी के अनुभवों और विकास के वादों को बिहार में गिनाएंगे। अखिलेश यादव ने नीतीश कुमार को ह्यबीजेपी का चुनावी दूल्हाह्ण कहकर चुनावी बहस को धार दी है। सपा का संदेश है कि महागठबंधन ही बिहार को स्थिर, प्रगतिशील और संवेदनशील सरकार दे सकता है। बिहार के युवाओं और पिछड़े वर्गों के बीच अखिलेश की यूपी मॉडल और साझा सत्ता की नीति डाली जा रही है।

उधर, बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अब तक बिहार में कोई जनसभा नहीं की है, जबकि 6 नवंबर से उनका प्रचार अभियान शुरू होने की घोषणा की गई है। पार्टी ने दो दर्जन रैलियों का कार्यक्रम तैयार किया है और कैमूर, रोहतास, आरा, बक्सर जैसे पश्चिमी जिलों में अपना नेटवर्क बना रही है। मायावती की पार्टी साइलेंट वोटर और सीमावर्ती वोट बैंक के सहारे चुनाव में असर दिखाना चाहती है। 2005 और 2010 के चुनाव के बाद अब फिर अपना जनाधार मजबूत करने के लिए स्थानीय उम्मीदवारों पर दांव लगा रही है, लेकिन मायावती की चुप्पी ने राजनीतिक विश्लेषकों को भी हैरान किया है। अभी तक उन्होंने खुलकर बिहार में सक्रियता नहीं दिखाई, जिससे दलित और अति पिछड़ा वर्ग के वोटों पर संशय बना हुआ है।

समाजवादी पार्टी इस बार इंडिया गठबंधन का हिस्सा है और उसने बिहार की सीटों पर गठबंधन के तहत उम्मीदवार उतारे हैं। सपा के उम्मीदवार मुख्य रूप से महागठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। 2025 बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद सपा ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जिसमें अखिलेश यादव, डिंपल यादव और आजम खान समेत 20 बड़े नेता शामिल हैं। बिहार की 243 सीटों पर चुनाव हो रहा है, लेकिन सपा ने केवल 9 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इनमें पूर्वी चंपारण (कल्याणपुर), सिवान (रघुनाथपुर), कैमूर (भभुवा) आदि विधानसभा क्षेत्रों के सपा प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनके अलावा गठबंधन की स्ट्रैटेजी के तहत महागठबंधन के अन्य दलों को अधिक सीटें दी गई हैं। सपा उम्मीदवारों की सूची में जातीय संतुलन के साथ स्थानीय समाजवादी नेताओं को टिकट दिया गया है। अधिकतर सीटें उच्च पिछड़ा व अल्पसंख्यक बहुल इलाके की हैं। सपा का उद्देश्य बिहार में महागठबंधन के प्रत्याशी को सहयोग देना है।

# बिहार चुनाव में बाहुबलियों का खूनी खेल

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में बाहुबलियों की भूमिका काफी प्रभावशाली रही है। बाहुबली जितना राजनीतिक दबदबा और आपराधिक पृष्ठभूमि दोनों से जुड़े हैं, उतना ही वे अपने इलाके में मजबूत वोट बैंक के कारण बड़ी पार्टियों के चुनावी समीकरणों में अहम माने जाते हैं। इस बार के चुनाव में भी प्रमुख पार्टियां जैसे भाजपा, जेडीयू, आरजेडी, कांग्रेस और जन सुराज पार्टी ने बाहुबली या उनके परिवार के सदस्यों को टिकट देकर अपने पक्ष में बड़ा फायदा उठाने की रणनीति अपनाई है। बाहुबली स्थानीय स्तर पर असरदार होते हैं, वे वोटरों पर भरोसा और डर दोनों का मिश्रण पैदा करते हैं, जिससे उनकी राजनीतिक सत्ता में हिस्सेदारी बढ़ती जाती है। इस तरह बाहुबली बिहार की राजनीति में एक अहम और प्रासंगिक शक्ति बने हुए हैं ।राजनीतिक दलों के लिहाज से देखा जाए तो जेडीयू ने सबसे अधिक बाहुबली उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं, जिनमें से सबसे चर्चित नाम अनंत सिंह का है। अनंत सिंह पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और उनका प्रभाव मोकामा समेत पूरे सारण प्रमंडल में गहरा है। आरजेडी ने भी बाहुबली परिवारों को टिकट दिया है, जैसे कि मोकामा से अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को। भाजपा ने भी सीमांचल जैसे इलाकों में बाहुबली या उनके रिश्तेदारों को अपनी ताकत के तौर पर स्वीकारा है। जन सुराज पार्टी भी बाहुबली प्रभाव से सावधान है, लेकिन वे बाहुबली मतभेदों के खिलाफ अपनी चुनावी लड़ाई को आगे बढ़ा रही है।

बिहार चुनाव में जिन बाहुबलियों का नाम प्रमुखता से सामने आता है, उनमें अनंत सिंह (जेडीयू), आनंद मोहन (जेडीयू और परिवार) और दुलारचंद यादव (जन सुराज पार्टी से जुड़े) हैं। दुलारचंद यादव मोकामा के प्रमुख बाहुबली थे, जो चुनाव 2025 में जन सुराज पार्टी के कैंडिडेट पीयूष प्रियदर्शी के समर्थन में प्रचार कर रहे थे। वे पहले कभी आरजेडी और जेडीयू दोनों के करीबी रहे। उनका दबदबा यादव समाज में काफी मजबूत था, लेकिन उनकी पृष्ठभूमि में आपराधिक मामले भी रहे हैं। हाल ही में, चुनाव प्रचार के दौरान उनकी हत्या हो गई है, जिसके आरोप में जेडीयू के उम्मीदवार अनंत सिंह सहित पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस हत्या ने चुनावी माहौल को और गर्म कर दिया है। इस घटना ने बिहार की चुनावी राजनीति में बाहुबली संघर्ष और हिंसा को उजागर किया है। क्षेत्रीय बाहुबली प्रभाव का चढ़ाव-उतार, दलों के बीच समीकरण और वोटरों के बीच भय-भरोसे का मिश्रण इस चुनाव की विशेषता बनी हुई है। वहीं, जेडीयू और जनता के बीच इस हत्या के आरोप को लेकर विवाद और तनाव बढ़ा हुआ है। दुनियावी बाहुबली राजनीति के बीच नए राजनीतिक चेहरे और दलों की कोशिश है कि बाहुबली प्रभाव को खत्म या नियंत्रित किया जाए, लेकिन अभी तक यह पूरी तरह सफल नहीं हो पाया है और बाहुबली बिहार के चुनावी नतीजों में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। इस हालत में कहा जा सकता है कि बाहुबली बिहार के विधानसभा चुनाव का अभिन्न हिस्सा हैं, जिनका प्रभाव मतदाताओं, राजनीतिक पार्टियों और चुनावी रणनीतियों पर गहरा है। दुलारचंद यादव की हत्या के मामले ने तो इस संदर्भ में एक और विवादास्पद राजनीतिक अध्याय जोड़ दिया है, जिसमें बाहुबली और चुनावी दुश्मनी का कड़वा सच सामने आ रहा है।



संजय सक्सेना, लखनऊ

# 1 नवंबर : भारत में कई राज्यों का स्थापना दिवस आज

भारत की पहचान उसकी विशालता में नहीं, बल्कि उसकी विविधता में निहित एकता में है। भाषाओं, संस्कृतियों, परंपराओं और भौगोलिक विशेषताओं से परिपूर्ण यह देश तभी सशक्त बन सका, जब इन विविधताओं को संवैधानिक और प्रशासनिक स्वरूप दिया गया। इस दिशा में सबसे बड़ा कदम था 1 नवम्बर 1956 का राज्य पुनर्गठन, जिसने भारतीय संघीय ढांचे को नई परिभाषा दी। यह दिन देश के इतिहास में एक ऐसे मोड़ के रूप में दर्ज है, जब भारत ने भाषा, संस्कृति और प्रशासन के बीच संतुलन स्थापित करते हुए अपने राज्यों का पुनर्निर्धारण किया। यही कारण है कि आज यह तिथि अनेक राज्यों में राज्य स्थापना दिवस या राज्योत्सव के रूप में मनाई जाती है। यह न केवल भारत की प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक है, बल्कि इसकी आत्मा में बसे विविधता में एकता के सिद्धांत का उत्सव भी है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि इतने विशाल देश को, जिसमें सैकड़ों बोलियाँ और संस्कृतियाँ थीं, एक संगठित प्रशासनिक ढांचे में कैसे पिरोया जाए। संविधान लागू होने के बाद भी राज्यों की सीमाएँ ब्रिटिश शासनकाल के पुराने प्रांतों और रियासतों पर आधारित थीं, जिनमें भाषाई और सांस्कृतिक असमानताएँ स्पष्ट रूप से विद्यमान थीं। इससे कई क्षेत्रों में असंतोष पनप रहा था। जनता चाहती थी कि प्रशासनिक सीमाएँ भाषा और संस्कृति के अनुरूप तय की जाएँ ताकि शासन लोगों की समझ और भावनाओं से जुड़ा हो सके।

इस भावना ने सबसे पहले आंध्र प्रदेश के रूप में आकार लिया। 1953 में मद्रास प्रेसीडेंसी के तेलुगू भाषी क्षेत्रों को अलग कर आंध्र प्रदेश का गठन किया गया। यह घटना पूरे देश में भाषाई आधार पर राज्यों के निर्माण की माँग का प्रतीक बन गई। इस बढ़ती जन-आकांक्षा के मद्देनजर भारत सरकार ने राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया। आयोग ने देश के प्रशासनिक ढांचे, भाषाई वितरण और सांस्कृतिक संबंधों का गहन अध्ययन कर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कीं। इन्हीं सिफारिशों के आधार पर 1956 में राज्य पुनर्गठन अधिनियम लागू हुआ, जिसने 1 नवम्बर 1956 से भारत के नक्शे को नया रूप दिया। इस पुनर्गठन ने राज्यों को भाषाई और सांस्कृतिक आधार पर व्यवस्थित किया और भारतीय संघीय ढांचे को एक सुसंगत स्वरूप प्रदान किया।

इस ऐतिहासिक निर्णय से कई राज्यों की नई पहचान बनी। कर्नाटक, जो तब मैसूर कहलाता था, को कन्नड़ भाषी क्षेत्रों के एकीकरण से निर्मित किया गया। केरल का गठन त्रावणकोर-कोचीन और मालाबार के मिलन से हुआ, जो मलयालम भाषा और संस्कृति का केंद्र बना। मध्य प्रदेश को मध्य भारत, भोपाल, विंध्य प्रदेश और बरार को मिलाकर तैयार किया गया, जो भौगोलिक रूप से देश का हृदयस्थल है। आंध्र प्रदेश को तेलुगू भाषी क्षेत्रों के एकीकरण से सशक्त रूप मिला। आगे चलकर 1 नवम्बर 1966 को पंजाब और हरियाणा का पुनर्गठन हुआ, जिससे हरियाणा का गठन हुआ और चंडीगढ़ एक केंद्रशासित प्रदेश के रूप में उभरा। बाद के वर्षों में छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और झारखंड जैसे राज्यों का गठन भी इसी प्रक्रिया की निरंतरता का परिणाम था, जो दशार्ता है कि भारत का संविधान समय के साथ स्वयं को परिवर्तित करने और जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप ढलने की क्षमता रखता है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 2 और 3 संसद को राज्यों के गठन और सीमाओं के पुनर्निर्धारण का अधिकार देते हैं। यह केवल प्रशासनिक प्रावधान नहीं, बल्कि भारतीय संघीयता की जीवंतता का प्रमाण है। इसने स्पष्ट किया कि भारत की एकता भाषाओं और संस्कृतियों को दबाने से नहीं, बल्कि उन्हें सम्मान देने से मजबूत होगी। राज्य पुनर्गठन का यह कदम इस विचार का मूर्त रूप था कि देश की शक्ति उसकी विविधता में निहित है।

1 नवम्बर का यह दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इसने भारत को यह समझने का अवसर दिया कि क्षेत्रीय पहचान और राष्ट्रीय एकता परस्पर विरोधी नहीं हैं। जब किसी व्यक्ति को अपनी भाषा, संस्कृति और परंपरा पर गर्व करने का अवसर मिलता है, तभी वह राष्ट्र की समग्र प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित होता है। यही कारण है कि राज्य स्थापना दिवस आज केवल सरकारी आयोजन नहीं, बल्कि जनभावना का पर्व बन चुका है। कर्नाटक में लाल-पीले ध्वजों से सजे शहरों में राज्योत्सव पुरस्कारह्व के माध्यम से समाजसेवा, कला और साहित्य के क्षेत्र में योगदान देने वाले नागरिकों का सम्मान किया जाता है। केरल में केरल पिरवी का उत्सव अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और मलयालम भाषा की समृद्ध परंपरा को याद करने का अवसर बनता है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब और हरियाणा में यह दिन परेड, लोकनृत्य, सांस्कृतिक झाँकियों और नागरिक सम्मानों के रूप में मनाया जाता है। यह सब केवल उत्सव नहीं, बल्कि भारत की विविधता का जीवंत प्रदर्शन है।

आज का भारत विकास, नवाचार और सामाजिक समरसता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में राज्य स्थापना दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि प्रशासनिक संरचना का उद्देश्य केवल शासन नहीं, बल्कि नागरिकों को सशक्त बनाना है। प्रत्येक राज्य की पहचान उसके जनजीवन, उसकी संस्कृति और उसकी मानवीय संवेदनाओं से बनती है। जब कर्नाटक का एक किसान अपनी मिट्टी पर गर्व करता है, जब केरल का कलाकार अपनी परंपरा का उत्सव मनाता है, जब छत्तीसगढ़ का मजदूर अपने राज्य दिवस पर आत्मसम्मान महसूस करता है – तब वास्तव में भारत की संघीय एकता साकार होती है।

1 नवम्बर का दिन केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का प्रतीक है। यह उस दृष्टि का स्मरण कराता है जिसने भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को एक साझा धागे में बाँधकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार किया। यह दिन हमें सिखाता है कि हमारी भाषाएँ, संस्कृतियाँ और परंपराएँ भले अलग हों, पर हमारी आत्मा एक है – भारतीयता की। राज्य स्थापना दिवस भारत की उस जीवंत भावना का उत्सव है जो कहती है कि विविधता में ही हमारी असली शक्ति छिपी है, और यही शक्ति हमें एक राष्ट्र के रूप में अविभाज्य बनाती है।

महेन्द्र तिवारी

# भारतीय सेवा क्षेत्र का विरोधाभास

**समाज जागरण**

वृद्धि और रोजगार की यह असंगति ही भारतीय सेवा उद्योग की कहानी को परिभाषित करती नजर आ रही है।

सेवा क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख वाहक है। इस क्षेत्र में करीब 18.8 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है और यह सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) में करीब 55 फीसदी का योगदान करता है। इस क्षेत्र के रोजगार के रुझानों और जीवीए से संबंधित नीति आयोग की दो रिपोर्ट बताती हैं कि सेवा क्षेत्र के सुर्खियों वाले आंकड़ों से परे इसमें विरोधाभास की एक कहानी भी छिपी हुई है। बीते छह साल में इस क्षेत्र में 4 करोड़ रोजगार जुड़े और यह निर्माण क्षेत्र के साथ देश में सबसे अधिक कामगारों की खपत वाला क्षेत्र बनकर उभरा।

हालांकि कोविड के बाद इस क्षेत्र की रोजगार प्रत्यास्थता (जो दशार्ती है कि आर्थिक वृद्धि किस हद तक नौकरियों में परिवर्तित होती है) तेजी से बढ़कर 0.63 हो गई है। इसके बावजूद यह पुनरुद्धार विरोधाभासी वास्तविकताओं को छिपाए हुए है। सूचना प्रौद्योगिकी (प्रत्यास्थता 0.88), वित्त (प्रत्यास्थता 0.95), स्वास्थ्य देखभाल (प्रत्यास्थता 0.94) और परिवहन (प्रत्यास्थता 0.89) जैसे उच्च-मूल्य वाले क्षेत्र डिजिटलीकरण, प्लेटफॉर्म आधारित अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक मांग के कारण फल-फूल रहे हैं। लेकिन ये उप-क्षेत्र कामकाजी वर्ग के केवल एक छोटे हिस्से को ही रोजगार प्रदान करते हैं।

इसके विपरीत, व्यापार, शिक्षा और व्यक्तिगत सेवाएं जो पारंपरिक रूप से रोजगार की स्तंभ रही हैं, श्रम-प्रधान तो बनी हुई हैं, लेकिन इनमें नौकरियां देने की क्षमता कमजोर होती जा रही है। दूरसंचार (0.79 ऋणात्मक) और बीमा (1.31 ऋणात्मक) जैसे उप-क्षेत्रों में लगातार ऋणात्मक प्रत्यास्थता दर्ज की गई है, जो यह दशार्ता है कि इन क्षेत्रों में पूंजी-प्रधान विकास हो रहा है, जो नौकरियां उत्पन्न करने के बजाय उन्हें प्रतिस्थापित कर रहा है।

वृद्धि और रोजगार की यह असंगति ही भारतीय सेवा उद्योग की कहानी को परिभाषित करती नजर आ रही है। आधुनिक सेवाएं पूंजी गहनता वाली हैं। इनकी उत्पादकता अधिक है लेकिन इनमें सीमित रोजगार तैयार होते हैं। पारंपरिक सेवाएं श्रम-प्रधान हैं लेकिन कम मूल्य वाली हैं और आजीविका को बनाए रखती हैं। इसका नतीजा एक विशाल नदारद मध्यम वर्ग के रूप में निकलता है। यानी उच्च वर्ग की वैश्विक रूप से जुड़ी नौकरियों और करोड़ों अनौपचारिक सेवा आधारित आजीविकाओं के बीच एक अंतर जिनमें स्थिरता या सामाजिक सुरक्षा का अभाव है।

सेवा क्षेत्र के लगभग 87 फीसदी कामगार औपचारिक सुरक्षा तंत्र से बाहर हैं, और शिक्षित लोगों में भी अनौपचारिकता बनी हुई है। लैंगिक यानी स्त्री-पुरुष का अंतर भी उतना ही चौंकाने वाला है। ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 10.5 फीसदी महिलाएं सेवा क्षेत्र में कार्यरत हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 60 फीसदी है। ग्रामीण महिलाएं प्रतिदिन केवल लगभग 213 रुपये कमाती हैं, जो पुरुषों के पगार का आधा भी नहीं है।

हालांकि, सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे कुछ क्षेत्रों में महिलाएं आमतौर पर पुरुषों से अधिक कमाती हैं। यह भारत के श्रम बाजार में समानता का एक दुर्लभ उदाहरण है। भू-राजनीतिक रूप से भारत का सेवा क्षेत्र देश की व्यापक आर्थिक असमानता को ही दशार्ता है। कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तमिलनाडु उच्च मूल्य वाली सेवाओं मसलन सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त और अचल संपत्ति में दबदबा रखते हैं। बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश पारंपरिक कम उत्पादकता वाली गतिविधियों मसलन खुदरा और व्यापार के क्षेत्र में सक्रिय हैं। शोध से यह पता चलता है कि किसी राज्य की सेवा क्षेत्र की गहनता और प्रति व्यक्ति आय के बीच एक मजबूत संबंध है। यानी जितना अधिक कोई राज्य आधुनिक सेवाओं पर निर्भर करता है, वह उतना ही समृद्ध होता है। सकारात्मक बात यह है कि पिछड़ते राज्यों में अब सेवा क्षेत्र में तेजी से वृद्धि के शुरूआती संकेत दिख रहे हैं, भले ही यह समानता पूरी तरह नहीं आई हो। ये आंकड़े स्पष्ट रूप से इस बात पर जोर देते हैं कि इस क्षेत्र में अगले चरण का ढांचागत बदलाव रोजगार आधारित होना चाहिए। इस संबंध में कई नीतियां प्रस्तावित हैं। इनमें सेवा क्षेत्र के उपक्रमों को संगठित स्वरूप प्रदान करना और गिग कर्मियों तथा छोटे एवं मझोले उपक्रमों से जुड़े लोगों का संरक्षण आवश्यक है। इतना ही नहीं महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के डिजिटल कौशल में निवेश करना, तकनीक और हरित कौशल को प्रशिक्षण में शामिल करना और छोटे एवं मझोले शहरों को नए सेवा क्षेत्र केंद्रों के रूप में विकसित करना आदि भी अहम कदम हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला  सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर नोएडा स्टेडियम सेक्टर-21 नोएडा में "रन फॉर यूनिटी" का भव्य आयोजन

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता, अखंडता एवं जनभागीदारी का दिया संदेश

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 31 अक्टूबर 2025ः लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर आज राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन गौतम बुद्ध नगर द्वारा नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21 नोएडा में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह द्वारा राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ के साथ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मेधा रूपम, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण, स्कूली छात्रझछात्राएँ, खिलाड़ी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। एकता, सद्भाव और अखंड भारत के संकल्प को जनझजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में सेवानिवृत्त डीजीपी उत्तर प्रदेश प्रकाश सिंह, प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार, कॉमेडियन अमित भड़ाना, मिसेज यूनिवर्स 2025 शेरी सिंह, गायक ग्रीक अमन, पैरा एथलीट योगेश खतुनिया



एवं साक्षी कसाना, बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव प्रमोद कुमार, क्रिकेटर स्वास्तिक चिकारा, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी, स्पोर्ट्स पर्सन अभय प्रताप सिंह, स्पोर्ट्स फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. विपिन कुमार, कवि हास्य कलाकार शंभू शिखर एवं विनोद, तथा बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष डॉ. मनीष चौधरी शामिल रहे।

पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरांत आसमान में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़ते हुए रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



इस दौड़ में पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारी, विद्यार्थी, खिलाड़ी, स्वयंसेवी संगठन, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि एवं आम नागरिकों ने बढ़झचढ़कर हिस्सा लिया। रन के दौरान प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीतों और नारों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और समरसता का संदेश दिया।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में सहयोग, सद्भाव और एकता के मूल्यों को अपनाना चाहिए।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। सरदार पटेल ने जिस दूरदर्शिता और दृढ़ निश्चय के साथ देश को एक सूत्र में बांधा, वह सभी भारतीयों के लिए प्रेरणास्पद है।

रन फॉर यूनिटी के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए तथा सभी को एकता, अखंडता और राष्ट्र निर्माण के प्रति निष्ठा का संकल्प दिलाया गया।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्ट्रेट में ली गई राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ

## स्वतंत्र भारत के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 31 अक्टूबर 2025ः देश की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर आज जनपद गौतम बुद्ध नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया।

जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) बच्चू सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार, तथा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) बच्चू सिंह ने उपस्थित अधिकारियों एवं



कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति समर्पण ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाया कि वे सदैव राष्ट्र की एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करने हेतु अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने भी सरदार पटेल जी के आदर्शों पर चलने और उनके द्वारा स्थापित राष्ट्रीय एकता, सद्भाव एवं प्रशासनिक दक्षता के मूल्यों को अपने कार्य में आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के उद्घोष के साथ किया गया।

# एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत 3 नवंबर 2025 को दर्जी के प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों का होगा अभिलेख सत्यापन

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 31 अक्टूबर, 2025ः उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र गौतमबुद्धनगर अनिल कुमार ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के अंतर्गत दर्जी (टेलर) के प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन वेबसाइट www.diupmsme.upsdc.gov.in/msme.up.gov.in पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन 03 नवम्बर 2025 को किया जाएगा। यह सत्यापन कार्य कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सूरजपुर (कलक्ट्रेट के निकट/पीछे इकोटेक-2), ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर के परिसर में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्व 4:00 बजे तक संपन्न होगा।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रशिक्षण हेतु भरे गए ऑनलाईन फार्म की प्रति, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की प्रति, बैंक पासबुक की फोटो कॉपी (जिसमें खाता संख्या एवं आईएफएससी कोड स्पष्ट अंकित हो) तथा जाति प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो) आदि अभिलेख लेकर उपस्थित होना होगा।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण चयन में प्राथमिकता उन अभ्यर्थियों को दी जाएगी जिन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में आवेदन किया है। सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

# निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु बीएलओ व सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण

समाज जागरण

गौतमबुद्ध नगर, 31 अक्टूबर 2025ः भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज आईआईएमटी कॉलेज, ग्रेटर नोएडा में जनपद के सभी बूथ लेवल अधिकारी (इछड) एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने की।

प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यप्रणाली और उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज करना और किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न कटने देना है।

बीएलओ को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करें, सही ढंग से भरवाने में सहायता करें और किसी भी समस्या की स्थिति में जिला प्रशासन को अवगत कराएँ। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार ने कार्यक्रम की समय-सारणी के बारे में जानकारी दी। 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक तैयारी और प्रपत्र मुद्रण, 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर प्रपत्र भरवाना, 9 दिसम्बर को आलेख्य प्रकाशन और 7 फरवरी 2026 को अंतिम निर्वाचक नामावली प्रकाशन की रूपरेखा बताई गई।

उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता ने बीएलओ को बताया कि गणना प्रपत्र प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियों में उपलब्ध कराई जाएंगी। अनुपस्थित मतदाता या ताले लगे घरों के लिए कम से कम तीन भ्रमण किए जाएंगे। वृद्ध, बीमार, दिव्यांग और अन्य अशक्त समूहों को प्रपत्र प्राप्त करने और भरने में सहायता सुनिश्चित की जाएगी।

प्रशिक्षण में तीनों विधानसभाओं के सभी बूथ लेवल अधिकारी, सुपरवाइजर और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती पर एसडीएम ने दिलाई शपथ

समाज जागरण

सहावर। तहसील पर एसडीएम सुरेंद्र नारायणत्रिपाठी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह आठ बजे कार्यक्रम की शुरूआत सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद अधिकारी एवं स्कूल छात्र तहसील परिसर से गांव खितौली तक मुख्य मार्गों पर दौड़ा लगाई। एसडीएम एस एन त्रिपाठी ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता का प्रतीक है। उनके आदर्शों को अपनाकर हमें समाज में शांति, कानून व्यवस्था और भाईचारे का संदेश फैलाना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय एकता की शपथ के साथ हुआ, जिसमें सभी ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर तहसीलदार संदीप चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।उपजिलाधिकारी सहावर सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी तहसीलदार सहावर संदीप चौधरी खण्ड शिक्षा अधिकारी सहावर आरती चौधरी अधिशाषी अधिकारी सहावर अजय कुमार निषाद पंकज पचौरी समस्त राजस्व कर्म भुवनेश्वर उपाध्याय राजस्व निरीक्षक पंकज शर्मा राजस्व निरीक्षक कुलदीप कुमार, जिकरुल हसन,गगन, सुधीर संजय, पंकज यादव मनेंद्र सिंह,अमित, बीना अवस्थी लेखपाल इस्लामिया इंटर कॉलेज अख्तर आलम नबी हसन मोरपाल सुबोध कुमार शरीक मोहम्मद अनुष्का बेकार आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर चो मुलायम सिंह यादव इण्टर कॉलेज सहावर में आदरणीय उप जिला अधिकारी महोदय द्वारा विद्यार्थियों की रैली को झंडी दिखा कर रवाना किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मोहम्मद समर, मोहम्मद कमरुल गनी, कृष्णेन्द्र कुमार, नईम खान, सचिन यादव, दलीप कुमार सोलंकी खैवर खान, बहोरी लाल, अखिलेश अनिल कुमार , लोकेंद्र, सोमेश, अमन खान, रीमा सिंह, यासमीन बनो, नवनीत सोलंकी, आदि उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक संपन्न

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 31 अक्टूबर, 2025ः जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला कृषि अधिकारी विवेक दुबे, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता माहवार फेजिंग के अनुसार सुनिश्चित की जा रही है। अक्टूबर माह में यूरिया का लक्ष्य 1119 मीट्रिक टन के मुकाबले 5227 मीट्रिक टन, डीएपी का लक्ष्य 1788 मीट्रिक टन के मुकाबले 2839 मीट्रिक टन, एनपीके का लक्ष्य 323 मीट्रिक टन के मुकाबले 714 मीट्रिक टन, एमओपी का लक्ष्य 40 मीट्रिक टन के मुकाबले 237 मीट्रिक टन तथा एसपी का लक्ष्य 38 मीट्रिक टन के मुकाबले 205 मीट्रिक टन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। ये उर्वरक कृषकों को उनकी जोतबही एवं फसल के अनुसार सहकारी समितियों एवं निजी विक्रेताओं के माध्यम से वितरित किए जा रहे हैं।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने बताया कि महासदस्यता अभियान के तहत कृषक मात्र 226 रुपये का शुल्क देकर समिति के सदस्य बन सकते हैं। सदस्यता प्राप्त करने वाले कृषकों को भविष्य में उर्वरक क्रय में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

जिला कृषि अधिकारी ने रबी सीजन के लिए कुल 53,127 हेक्टेयर क्षेत्रफल का आच्छादन लक्ष्य बताया। इसके लिए 26,341 कुंतल बीज में से अब तक 24,087 कुंतल बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जा चुकी है। कृषक राजकीय कृषि बीज भंडार से गेहूं, सरसों, चना, मटर एवं मसूर के बीज अनुदान पर प्राप्त कर सकते हैं। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# नोएडा अथॉरिटी एवं शासन-प्रशासन की निष्क्रियता से बढ़ता भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और जनविरोधी कार्यप्रणाली

समाज जागरण

देश की वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था अब इतनी जर्जर और भ्रष्ट हो चुकी है कि तकरीबन हर स्तर पर अतिक्रमण, भ्रष्टाचार और लापरवाही सामान्य बात बन गई है। जिम्मेदारी किसी की नहीं, पर शिकायत सबकी आदत बन चुकी है – आमजन शिकायत करता है और अधिकारी आंखें मूंदे बैठे रहते हैं। जहां व्यक्तिगत लाभ दिखता है, वहीं पर शासन की आंखें खुलती हैं। न्याय "सर्वजन हिताय" की बजाय अब "स्वार्थ हितायह्व बन चुका है।

हम दो दिन 70+ बुर्ज, पूर्व में नोएडा अथॉरिटी पहुंचे – अधिकारी नहीं मिले। बताया गया कि "निरीक्षण" पर गए हैं। सुबह से दिन तक निरीक्षण चलता रहा, जबकि वास्तविकता यह है कि अधिकारी आराम से घर पर बैठे हो सकते हैं। क्योंकि यदि अधिकारी स्वयं मिलने का समय तय करें और उसके बाद भी अनुपस्थित रहें, तो यह जनहित के प्रति सीधा अपमान है।

**गौतमबुद्धनगर क्षेत्र में रेडी- पटरी (स्ट्रीट वेंडर्स) की स्थिति भी चिंताजनक है। जहां कुछ वेंडर अधिकृत हैं, वहीं अनेक अवैध रूप से व्यापार कर रहे हैं — और प्रशासन दोनों में भेद करने में असफल है। अधिकारी उन पर कार्रवाई नहीं करते जो सिस्टम को "नजराना" दे देते हैं, जबकि गरीब, मेहनतकश लोग हमेशा प्रशासनिक दमन का शिकार बनते हैं।**

सेक्टर-12 वेंडिंग जोन का उदाहरण सामने है। यहां निवासी शिकायत करते हैं, धरने की धमकी देते हैं, जबकि उनके स्वयं के घरों के नीचे अवैध दुकानें, ऑफिस और पीजी चल रहे हैं। तीन-तीन, चार-चार गाड़ियाँ सड़कों पर खड़ी हैं, पर उन्हें दिखाई नहीं देतीं। और ढाई मंजिल की जगह 5 से 7 मंजिल मकान,सवाल यह है – क्या सड़क पर गाड़ी खड़ी करना अतिक्रमण नहीं है? यदि आप अपने घर की दुकानें हटाने को तैयार नहीं हैं, तो किसी गरीब की पटरी भी उजाड़ने का अधिकार आपको नहीं।

यह स्थिति केवल नागरिकों की नहीं – बल्कि अधिकारियों, पुलिस और राजनेताओं की निष्क्रियता का परिणाम है। पुलिस का कार्य अब अपराध रोकना नहीं, दोनों पक्षों से वसूली करना बन गया है। न्यायालयों में फालतू मामलों की फाइलें भर दी जाती हैं और सालों-साल जनता न्याय के लिए भटकती रहती है।

देश की यह दिशा अब भयावह है – अधिकारी कार्य करने को तैयार नहीं, जनप्रतिनिधि मौन हैं, और पुलिस केवल पैसे पर सक्रिय होती है। शासन को समझना चाहिए कि यह "विकास मॉडल" नहीं बल्कि "भ्रष्टाचार मॉडल" बन चुका है।

अतः हमारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से विनम्र अपील है कि 2014 में दिए गए अपने वचन "ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा" को अब केवल नारा नहीं, वास्तविकता बनाया जाए। बेईमानी संपत्ति अधिनियम को सख्ती से लागू किया जाए और कैश ट्रांजैक्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।

देश को बचाने के लिए अब समय आ गया है कि "सिस्टम" को नहीं, "नैतिकता" को लागू किया जाए। अन्यथा यह देश जल्द ही भ्रष्टाचार के डंपिंग जोन में बदल जाएगा।



**नरेश नौटियाल**
**सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश**

# ड्रीम ऑरा पैजेंट 2026: भारत का सबसे आइकॉनिक ब्यूटी शो, जहाँ सपनों को मिलती है नई उड़ान

समाज जागरण

नई दिल्लीः आज लॉन्च हुआ भारत का सबसे चर्चित और प्रेरणादायक ब्यूटी प्लेटफॉर्म 'ड्रीम ऑरा पैजेंट 2026' संस्थापक गुड्डू कुरैशी ने बताया कि 'ड्रीम ऑरा पैजेंट' केवल एक पैजेंट नहीं, बल्कि एक सोच है जो हर इंसान को अपने सपनों को साकार करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इस ग्रैंड शो में तीन कैटेगरी शामिल होंगी 'मिस, मिसेज और मिस टीन ड्रीम ऑरा इंडिया 2026" इसका ग्रैंड फिनाले 19 सितम्बर 2026 को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जहाँ प्रतिभा, आत्मविश्वास




और सुंदरता का शानदार संगम देखने को मिलेगा।

उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठित आयोजन के पीछे हैं दो प्रेरणादायक व्यक्तित्व डायरेक्टर वेशनवी खातून एवं सह-संस्थापक डॉ जिमी गरिमा का विशेष योगदान है।

हम तीनों का उद्देश्य केवल एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट आयोजित करना नहीं, बल्कि एक ऐसा प्लेटफॉर्म देना है जहाँ हर व्यक्ति अपनी कहानी, अपने सपने और अपनी पहचान को सम्मान के साथ जी सके।

सह-संस्थापक डॉ. जिमी गरिमा बताया कि हमारा उद्देश्य प्रतिभागियों को आत्मविश्वास, आत्म-अभिव्यक्ति और उद्देश्य की ताकत देना है। यहाँ हर कोई अपने लुक्स से नहीं, बल्कि अपनी सोच और जज्बे से पहचान बनाएगा।

डायरेक्टर वेशनवी खातून ने बताया कि आज हुए भव्य लॉन्च के साथ, ड्रीम ऑरा पैजेंट 2026 ने एक नई यात्रा की शुरूआत की है, एक ऐसी यात्रा जहाँ हर सपना हकीकत बन सकता है, और हर प्रतिभा को मिलता है एक मंच चमकने का।

# विशेष किशोर पुलिस ईकाई एंव एंटी हयूमन ट्रैफिकिगं की मासिक सम्वन्य गोष्ठी एंव कार्यशाला सम्पन्न

समाज जागरण

जनपद बलरामपुर रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार बलरामपुर में पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक(नोडल) एएचटी/एसजेपीयू, जनपद बलरामपुर की अध्यक्षता में एएचटीयू (एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग ) तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई/(एसजेपीयू) की समन्वय गोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

जिसमें मानव तस्करी , अनैतिक देह व्यापार एवं महिलाओ और बालको के उत्पीडन, पाक्सो एक्ट की विवेचना के संबंध में व बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, बालविवाह की रोकथाम एक युद्ध नशे के विरुद्ध के लिए कार्य योजना तैयार की गई तथा इस परिप्रेक्ष्य में प्रस्थापित नियमो एवं अधिनियमों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु दिशा निर्देश दिये गये। तथा समय झसमय पर इस सम्बन्ध में मा0 न्याया0 द्वारा पारित निर्णयो एवं उक्त



क्रम में जारी शासनादेशो से अवगत कराया गया । उपरोक्त गोष्ठी व कार्यशाला में उपस्थित, 1-स्वास्थ्य विभाग से cmo डॉ अनिल कुमार चौधरी, 2 - 50वी बटालियन से श्री मुकेश कुमार गुज्जर 3 - SSB9th बटालियन से सहा 0 कमाडेंट श्री पवन कुमार, 4 - आरपीएफ बलरामपुर से C O निरी राजेश कुमार , 5-शिक्षा विभाग से श्रीरामकुमार beo 6-समाज कल्याण से मंगल दीप 7 - ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान से उमेश कुमार चौधरी, मोहिनी गुप्ता 8- वर्ड विजन इंडिया से श्रवण कुमार नायक 9 - चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 से प्रिंस कुमार यादव, प्रिया श्रीवास्तव 10 - अजय कुमार ,विशालउन्नयाल ,पवनकन्नौजिया देहात इंडिया से 11 - विकास जायसवाल,सुखदेव वर्मा रोजा संस्थान से-12 वन स्टाफ सेंटर से निरीक्षक श्रीमती विनीता चतुवेर्दी, श्रीमती मधु वर्मा, (केश वर्कर,) श्रीमती दीपिका तिवारी म0आ0 सिंधु व थानों के समस्त बाल कल्याण अधिकारी एवं कर्मचारी गण ने प्रतिभाग किया ।

# अयोध्या धाम में तमिल संतों के नाम पर हैं चारों प्रमुख द्वार

सीएम योगी ने कहा कि भगवान श्रीराम की भक्ति के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले दक्षिण भारत के पूज्य संतों में श्री त्यागराज स्वामी, श्री पुरंदरदास स्वामी तथा श्री अरुणाचल कवि की अभी इसी माह प्रतिमा की स्थापना केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के साथ हमने अयोध्या धाम में स्थापित की है। इससे पूर्व विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक संत रामानुजाचार्य की प्रतिमा की स्थापना भी अयोध्या में हुई है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण करते हुए चार प्रमुख द्वारों के नामकरण जगद्गुरू शंकराचार्य, जगद्गुरू रामानुजाचार्य, जगद्गुरू रामानंदाचार्य और जगद्गुरू माधवाचार्य के नाम पर अयोध्या में किया गया है।

# पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चला नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरुकता अभियान

समाज जागरण

गाजियाबाद, 31 अक्टूबर 2025। पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड के कुशल निर्देशन में कमिश्नरेट गाजियाबाद में चलाए जा रहे ठउछ जागरूकता अभियान 2.0 के अन्तर्गत 31 अक्टूबर 2025 को नगर जोन कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में अइएर इन्जीनियरिंग कॉलेज में केशव कुमार चौधरी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध कमिश्नरेट गाजियाबाद की अध्यक्षता में प्रियाश्री पाल सहायक पुलिस आयुक्त वेवसिटी, थानाध्यक्ष क्रॉसिंग रिपब्लिक व पुलिस टीम के द्वारा अइएर इन्जीनियरिंग कॉलेज प्रबन्धन समीति के साथ मिलकर कॉलेज में निबन्ध लेखन, पेन्टिंग प्रतियोगिता व नुक्कड नाटक आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रियाश्री पाल सहायक पुलिस आयुक्त वेवसिटी




ने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से भारत के 03 नए कानून (भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023) के सम्बन्ध में छात्र / छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों को जीरो एफ.आई.आर, ई-एफ.आई.आर, एवं नए अपराधों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों से नए कानूनों के सम्बन्ध में जानकारी अपने परिजनों एवं समाज के अन्य सदस्यों तक पहुँचाने हेतु

*नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान 2.0 के तहत पुलिस टीम द्वारा थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में अइएर इन्जीनियरिंग कॉलेज में छात्र-छात्राओं को नए कानूनों के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।*




अपील की गई। इस कार्यक्रम की वहां मौजूद सम्मानित व्यक्तियों एवं छात्र / छात्राओं व शिक्षकगण द्वारा प्रशंसा की गई।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित हुई

**समाज जागरण मुस्कान खान**



बिजनौर 31 अक्टूबर, 2025 जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और उनकी सभी शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सैनिक बंधु बैठक के रूप में जो प्लेटफार्म दिया है, जिला प्रशासन इसका भरपूर लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि पूर्व सैनिकों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की अलग-अलग विभागवार सूची बनाकर उनको उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे कि सभी समस्याओं का गुणवत्तापरक ससमय निस्तारण किया जा सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील स्तरीय शिकायत का निस्तारण समय पूर्वक नहीं किया जाता तो उन शिकायतों को उनकी अध्यक्षता में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विशेष रूप से प्रस्तुत करें ताकि यथासंभव शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बैठक से नई एवं पुरानी निस्तारित एवं अनिस्तारित शिकायतों की विभागवार सूची के अनुसार प्रकरण विचार विमर्श के लिए बैठक में प्रस्तुत करें और जिन विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, उनको संज्ञानित करें ताकि सक्षम स्तर से शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने सभी पूर्व सैनिक शिकायतकताओं की शिकायत को बहुत ही ध्यान पूर्वक सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए कहा गया। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा सड़क, भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंस, खेत तालाब में पानी की व्यवस्था, अवैध अतिक्रमण आदि के संबंध में शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गईं। जिस पर उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन आपकी शिकायतों के समाधान के लिये गंभीर है और सभी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ ससमय निस्तारण कराया जाएगा। बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं पूर्व सैनिक बन्धु मौजूद थे।

# जिला पंचायत सदस्य के पति पर हमला करने वाला गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**




जनपद बिजनौर मंडावर। पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य पति पर जान से मारने की नियत से हमला करने वाले नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है जहा से उसे जेल भेज दिया गया। गांव मार्कण्डेयपुरम निवासी जिला पंचायत सदस्य मीनू बाल्मीकि के पति मनोज बाल्मीकि 21 अक्टूबर दिन मंगलवार की दोपहर एक बजे दवाई लेने चंदक जा रहे थे।गांव जट बहादरपुर मे मौड पर सामने से आ रहे बाइक सवार निवासी रायपुर बेरीसाल वैभव पुत्र संजीव ने उनकी बाईक मे जोरदार टक्कर मार दी। मनोज द्वारा तेज बाईक चलाने से मना करने पर गुस्साए बाईक सवार युवकों ने मनोज को जाती सूचक शब्द कहते हुए गाली गलौज देनी शुरू कर दी थी।विरोध करने पर आरोपितों ने जान से मारने की नियत से मनोज के सिर मे धारदार हथियार से बार कर घायल कर दिया था। आरोपित युवक मनोज का मोबाइल फोन छीन कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी बाईक घटना स्थल पर ही छोड़ कर फरार हो गए थे। सुचना पर पहुंची पुलिस को मोबाईल फोन व आरोपितों की बाईक वही पड़ी हुई मिली थी।जिस सम्बन्ध मे मनोज द्वारा गांव रायपुर बेरीसाल वैभव व एक अज्ञात के खिलाफ जान लेवा हमला करने व एससी एसटी एक्ट की धारा मे रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तभी से पुलिस आरोपितों की तलाश मे जुटी हुई थी। वही गुरुवार की दोपहर पुलिस ने आरोपित वैभव को गिरफ्तार कर कोर्ट मे पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया है। वही मंडावर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि वैभव को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया था। अपराध करने वाले लोगों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# गो सेवा अनंत फलदायी होती है, सभी को भाव से गौ सेवा करनी चाहिए

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। श्री गौशाला यमुना किनारे सोफीपुर पर गोपाष्टमी के उपलक्ष में गौ पूजन और गौ महिमा संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सभी गो भक्तों ने गो माता को जीवन दायनी और गौ सेवा को अक्षय फल प्रात करने वाली बताया गया।

गौपाष्टमी के उपलक्ष पर श्री गोशाला यमुना किनारे परिसर मैं आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि विधायक मनीषा असीजा ने गौ महिमा ने पर चर्चा करते हुए कहा किजिनको गौ माता की सेवा का अवसर मिलता है सौभाग्यशाली हैं। गोमाता की सेवा भाव के साथ करनी चाहिए जो अक्षय फल प्रदान करती है। सनातन धर्म के सभी परिवार को गो संवर्धन और संरक्षण के लिए तन मन धन से सहयोग करना चाहिए।विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमती कामिनी राठोर ने ने कहा कि गौमाता को हमें मां के समान ही सम्मान देना चाहिए क्योंकि गौ माता की ममता से ही हमारे बच्चे उसके अमृत रुपी दूध से पोषित होकर बड़े होते हैं।गौमाता की सेवा से देवताओं की सेवा का फल प्राप्त होता है कि को माता में सभ्यताओं का वास है श्री कृष्ण भगवान ने भी सबसे पहले गया माता का नाम अपनी वाणी से लिया था । हम सभी का धर्म है कि गौ माता और गौशाला की सेवा कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने कहा कि गौमाता से प्राप्त पंचगव्य हमारे जीवन के लिए संजीवनी का काम करते है। गो सेवा विज्ञान से जुड़ी हुई है। जिद आप किसी मानसिक दबाव में हैं तो तो गो सेवा से विशेष शांति मिलती है। हम सब लोग अपने जीवन को गाय के साथ जोड़कर चले तो हमारा जीवन और आरोग्य मय रहेगा।ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मी नारायण यादव ने गाय के महत्व चर्चा करते हुए कहा कि गाय के पंछी को बसंत बीमारियां दूर होती है विशेष रुप से गोमूत्र कैंसर जैसी असाध्य बीमारियों में रामवाण का काम करता है। जरुरत हमें उसके उपयोग और महत्व को समझने की है। हम सभी का धर्म है कि हम गौ सेवा का संकल्प लें।कार्यक्रम में मजा फॉर के वरिष्ठ नेता विनोद पचोरी सत्यवीर गुप्ता सुनील शर्मा देशदीपक गुप्ता आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए गोशाला परिवार की ओर से सचिव द्विजेन्द्रमोहन शर्मा द्वारा सही उपस्थित जनों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया। गोशाला के अध्यक्ष विष्णु बंसल प्रबंधक सुनील शर्मा ने अतिथियो को गौ माता का चित्र भेट कर सम्मानित किया गया। विधायक मनीष असीजा ने गो सेकक कन्हैया तिवारी को भी सम्मानित किया। विधायक मनीषा असीजा ने 21 हजार रुपए डॉ प्रभास्कर राय और मनोज गर्ग ने 51सो रुपये की राशि गौशाला को प्रधान की गई।जान सभी अतिथियों द्वारा गौ माता का पूजन कर आरती की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता हनुमान प्रसाद गर्ग ने की और संचालन भगवानदास संखवास द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से विष्णू बंसल राकेश तिवारी पुरुषोत्तम शर्मा डॉक्टर आनंद कुमार, कृष्णस्वरूप पल थाना निरीक्षक, राम प्रकाश बघेल प्रभास्कर राय मनोज गर्ग राकेश शर्मा हरिशंकर तिवारी विनोद पचौरी उमाकांत पचोरी देश दीपक गुप्ता वीरेन्द्र शर्मा हरी प्रकाश शर्मा ओमप्रकाश वार्ष्णेय विवेक तिवारी गुड्डा पहलवान अश्वनि मोहन शर्मा राहुल यादव राजीव वौहरे राजकुमार यादव भवानी शंकर ज्ञानेंद्र प्रताप आदि लोग शामिल रहे।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर महात्मा विदुर सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विद्युत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामूहिक रूप से "राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ" ग्रहण कराई गई। उन्होंने शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि "मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वंय को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।"

# शिव सैनिकों ने लिया गंगा स्नान पर्व की व्यवस्थाओं का जायजा

## शुद्ध पेयजल, अस्थाई शौचालय एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर अफजलगढ ।शिव सेना यूबीटी के जिलाध्यक्ष चौ.संजय राणा के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने कार्तिक माह की पूर्णिमा 5 नवंबर बुधवार को अफजलगढ बैराज कालागढ में रामगंगा नदी के घाट पर आयोजित होने वाले गंगा स्नान पर्व की व्यवस्थाओं का जायजा लिया । गौरतलब है कि रामगंगा नदी के किनारे लगने वाला यह पर्व क्षेत्रवासियों की आस्था का केंद्र है। रामगंगा में डूबकी लगाकर लोग अपने परिवार एवं समाज के कल्याण की मंगल कामना करते हैं। सिंचाई विभाग द्वारा अभी तक स्नान घाट पर साफ-सफाई नहीं कराई गई है । चौ.संजय राणा ने जिला प्रशासन से स्नान घाट की साफ-सफाई, जलस्तर सचेतक,शौचालय, महिलाओं के वस्त्र बदलने के लिए सुलभ व्यवस्था, चिकित्सीय सुविधा एवं शांति व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की मांग की है। इस दौरान शिवसेना जिलाध्यक्ष चौधरी संजय राणा, जिला महासचिव डा. सीपी सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य मनवीर सिंह यादव , तहसील अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह ,ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह, महंत मोहित त्यागी जी, आदर्श सिंह, दिनेश कुमार , आसिफ, रेहान, राहुल कुमार, डॉ॰ मलखानसिंह, राजिंदर सिंह, सत्यवीर सिंह, सत्यपाल सिंह। हरजिंदर सिंह, विपिन कुमार, अवनीश कुमार, धीरेन्द्र सिंह, विनोद कुमार,साहिल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पीस मॉडल स्कूल साहनपुर में इंदिरा गांधी बलिदान दिवस व सरदार पटेल जयंती पर कार्यक्रम, बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**समाज जागरण मुस्कान खान**




जनता बिजनौर नजीबाबाद तहसील के साहनपुर मे स्थित पीस मॉडल स्कूल मे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्ग इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई एवं सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिन एकता दिवस के रूप में मनाया गया स्कूल के प्रबंधक एडवोकेट एम अकरम खान ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए देश का नाम दुनिया में चमकाया है वे देश की सेवा करते हुए उन्होंने अपने आप को बलिदान कर दिया एवं उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला ! उपस्थित अध्यापक अध्यापिकाये एवं छात्र-छात्राओं को उनके पद चलने का आह्वान किया कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट एवं अकरम खान की तथा संचालक गोविंद सिंह कुशवाहा ने किया इस अवसर पर बच्चों ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये कार्यक्रम को सफल बनाने में निकिता रानी कुमारी निशु नजरा परवीन सना अंसारी मोहम्मद इकबाल मकसूद अहमद अभिनव अग्रवाल आदि का विशेष योगदान रहा

# एक भारत आत्मनिर्भर भारत को समर्पित रन फॉर यूनिटी को मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना !

**समाज जागरण–ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत माता के महान सपूत, लौह पुरुष, 'भारत रत्न' सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती एवं 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के अवसर पर लीलावती कॉलेज सिकरारी एटा रोड टूण्डला में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर 'एक भारत-आत्मनिर्भर भारत' को समर्पित ह्यरन फॉर यूनिटीह्ल का भी आयोजन किया गया। रन फॉर यूनिटी का हरी झंडी दिखाकर मुख्य अतिथि . गोपाल अंजान पूर्व उपाध्यक्ष उ. प्र. खादी ग्रामोद्योग बोर्ड / एमएलसी ने शुभारंभ किया। इस दौरान मा. गोपाल अंजान एमएलसी ने कॉलेज के छात्र - छात्राओं व क्षेत्रीय जनों को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि आज 31 अक्टूबर को पूरे देश में ह्यरन फॉर यूनिटीह्ल व राष्ट्रीय एकता रैली के माध्यम से भारत के युवाओं के मन में एक नई राष्ट्र भक्ति की भावना का संचार हो रहा है।स्वाधीनता संग्राम से लेकर राष्ट्र निर्माण तक, सरदार पटेल जी का जीवन त्याग, तप एवं अदम्य राष्ट्रभक्ति का प्रतीक रहा। उन्होंने लौह इच्छाशक्ति, दूरदृष्टि तथा अद्वितीय संगठन कौशल के बल पर भारत की बिखरी रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर एक संगठित भारत की नींव रखी। उनका जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि सशक्त राष्ट्र एकता, विश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना से बनता है। आज जो 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सुरक्षित भारत' है, इसकी पृष्ठभूमि में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की सोच और उनके प्रयास हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी 'सरदार साहब' के सपनों का भारत बनाने के लिए संकल्पित हैं।

पटेल जी के ओजस्वी और प्रखर विचार सर्वदा हम भारतवासियों को देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उदय प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष व प्रेम पाल सिंह घनगर विधायक टूण्डला ने भी सम्बोधित करते हुऐ कहा कि लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई साहब द्वारा आजादी के बाद 563 रियासतों को बिना किसी हिंसा के एक सूत्र में विलय करना उनके महापुरुषत्व को अद्वितीय बनाता है। देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने हेतु आपका योगदान अविस्मरणीय है एवं हमारे लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस दौरान सतीश बघेल ब्लॉक प्रमुख , डॉ अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , हनुमंत सिंह बघेल , शैलेन्द्र सिंह , सुशील पौनिया , दिनेश गुप्ता , महावीर सिंह बघेल , विनोद प्रताप सिंह बिन्नू , वीरेंद्र प्रताप सिंह , सचिन जैन , मुकेश धामा , योगेंद्र सिंह चौहान , उपेन्द्र बघेल , अजय बघेल प्रधान , सन्दीप जैन , अजित कुशवाह , रामु कुशवाह , पवन चक आदि ।संचालन आकाश शर्मा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा द्वारा किया गया।

# जिम्मेदार टेक्नोलॉजी, मजबूत बाजार और निवेश में संतुलन पर जोर

**समाज जागरण**

मॉर्गन स्टैनली इंडिया एमडी एवं मुख्य इक्विटी रणनीतिकार रिधम देसाई ने इस साल वैश्विक बाजारों के मुकाबले कमजोर प्रदर्शन के बावजूद भारतीय शेयर बाजार में ढांचागत तेजी बरकरार है।

बिजनेस स्टैंडर्ड बीएफएसआई इनसाइट समिट 2025 आज संपन्न हो गया। मुंबई में आयोजित तीन दिन के इस विराट कार्यक्रम में नियामक, उद्योग और विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रौद्योगिकी को जिम्मेदारी से अपनाने, बाजार में लचीलापन और वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया।

नियामकों, उद्योग जगत के अगुआ, फंड मैनेजर और बाजार रणनीतिकारों ने 11 सत्रों में अपनी गहन अंतर्दृष्टि साझा की जिससे लचीले, नमोन्मेषी और समावेशी वित्तीय बाजार ढांचे के निर्माण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को बल मिला।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर किरतपुर नगर पालिका में शपथ ग्रहण समारोह, सरदार पटेल को किया नमन

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर किरतपुर जिलाधिकारी महोदया बिजनौर के आदेशानुसार दिनांक 31-10-2025 को स्वतंत्र भारत के वास्तुकार लौह पुरुष सरदार




वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष में नगर पालिका परिषद किरतपुर के प्रांगण में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पालिका प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा द्वारा राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में पालिका लेखा लिपिक सुरेन्द्र सिंह, कर निरीक्षक ज्ञानेश्वरानंद, अ0 समद, प्रशांत, नासिर, शहजाद, सलीम, अदनान, नौमान, रयान, आदि पालिका कर्मचारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल देश की एकता एवं अखंडता की भावना के आदर्श :- अश्वनी जैन

**समाज जागरण**

सिरसागंजः- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद द्वारा कार्यालय पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण करके नमन किया।




अश्वनी कुमार जैन ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सरदार पटेल का जन्म गुजरात के नडियाद में एक लेवा पटेल पाटीदार जाति में हुआ था।वे झवेरभाई पटेल एवं लाड़बा देवी की चौथी संतान थे। लन्दन जाकर उन्होंने बैरिस्टर की पढ़ाई की और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। महात्मा गाँधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। स्वतंत्रता आंदोलन में सरदार पटेल का सबसे बड़ा योगदान खेड़ा संघर्ष में हुआ। उन्होंने भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। वे एक भारतीय अधिवक्ता और राजनेता थे, जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता और भारतीय गणराज्य के संस्थापक पिता थे। जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए देश के संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाई और एक एकीकृत, स्वतंत्र राष्ट्र में अपनी एकीकरण का मार्गदर्शन किया। उनका देश के गृह मंत्री के रूप में उनकी प्रथम प्राथमिकता देसी रियासतों को भारत में मिलाना था। सरदार पटेल की महानतम देन थी 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण करना। वे देश की एकता एवं अखंडता की समर्पण भावना के लिए आदर्श हैं। उनका देश की एकता एवं अखंडता में अविस्मरणीय योगदान है। उनका 75 वर्ष की उम्र में 15 दिसम्बर 1950 का बॉम्बे में आकस्मिक निधन हो गया। इस अवसर पर कु ऐंजल यादव, स्वीटी तिवारी, दीक्षा, खुशी यादव, माधुरी, आयुषी, भावना, दीपिका, ज्योति, कल्पना, रोहिणी, समीर खान, रोहित, रितिक, यश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# गरीब कन्याओं की शादी के लिए जायंट्स ग्रुप की महिलाओं की मदद

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति द्वारा दो जरूरतमंद कन्याओं के विवाह के लिए उनकी जरूरत का सामान दिया गया ।

**अध्यक्ष प्राची अग्रवाल ने कहा कि कन्यादान महादान**

है। एक कन्या जिसकी आठ बहनें हैं भाई और पिता नहीं हैं मां खाना बनाती



है! वह अपनी कन्या का विवाह करने में असमर्थ थी!

दूसरी जिसके छह बेटियां हैं वह मुश्किल से अपने बच्चों का पालन पोषण कर पाती है! वह भी अपनी कन्या का विवाह करने में असमर्थ थी! उन दोनों के निवेदन पर ग्रुप द्वारा उनके विवाह के लिए जरूरत का सामान दिया गया जिसमें पलंग, गद्दा, तकिया, अलमारी, ड्रेसिंग टेबल, बैग, साड़ी, वूलन सूट, बिछिया, कंबल, कार्डिगन, शॉल, बेडशीट, पेटिकोट, डिनर सेट, वाटर कूलरआदि जरूरत का सामान दिया गया

इस अवसर पर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कल्पना राजोरिया, पूर्व अध्यक्ष बीना चौहान,वित्त निर्देशिका दीपा अग्रवाल ,प्रशासनिक निदेशिका रीना गर्ग, गौरी बंसल, उमा अग्रवाल,राखी यादव, गुंजन बंसल, सरिता गुप्ता, आदि की उपस्थिति रही।

# लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई !

**समाज जागरण– ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! भारतीय एकता के सूत्रधार भारत के विस्मार्क के नाम से विभूषित सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पूरे देश प्रदेश के साथ-साथ जनपद में भी राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जा रही है, इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, समाज के गणमान्य व्यक्तियों, जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में नागरिकों और स्कूली बच्चों ने ह्यह्यरन फॉर यूनिटीह्यह्य में प्रतिभाग किया, जनपद में यह आयोजन गांधी पार्क में आयोजित हुआ, जनपद में यह रैली गांधी पार्क से जैन मंदिर तिलक इंटर कॉलेज होते हुए वापस गांधी पार्क पर समाप्त हुई, इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के साथ उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों ने सरदार बल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण गीत और नृत्य प्रस्तुत किया, इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री मा0 जयवीर सिंह ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल का भारत के नव निर्माण में महती योगदान रहा है, देश के समक्ष उत्पन्न सबसे बड़ी चुनौती, 565 रियासतों के एकीकरण के कार्य को बिना रक्त बहाए अपनी प्रशासनिक क्षमता, कार्य कुशलता और बौद्धिक क्षमता से किया, ऐसा उदाहरण संपूर्ण विश्व में अन्यत्र कहीं नहीं मिलता, मंत्री ने युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुए कहा कि अब देश की प्रगति, प्रतिष्ठा आपके हाथों में है, आपका दायित्व है कि इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें।

मंत्री ने उन लोगों का आह्वान किया, जो जिम्मेदारीपूर्ण अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, वह भी अपने दायित्वों का निर्वहन राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखेगे इस अवसर पर बोलते हुए सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि अपनी दृढ़ता और राजनीतिक सूझबूझ से जिस तरह से उन्होंने रियासतों का एकीकरण किया, वह निश्चित रूप से उन्हें राष्ट्र का जननायक घोषित करता है, इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि जिस तरह से सरदार बल्लभ भाई पटेल ने संपूर्ण राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोया, वह अपने आप में उनकी राष्ट्र के प्रति दृढ़ता, देशभक्ति और समर्पण को दशार्ता है, सही मायनों में वह आधुनिक भारत के निमार्ता थे, हमें 2047 तक भारत को विकसित करने हेतु सरदार बल्लभभाई पटेल के कार्य से प्रेरणा लेते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा, तभी एक भारत श्रेष्ठ भारत की नींव पड़ेगी, इस अवसर पर डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल ने, न केवल स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान दिया, अपितु स्वतंत्रता के बाद भी देश के एकीकरण में महती योगदान दिया, उन्होंने अपनी संगठनात्मक शक्ति, संकल्पित व्यक्त्वि, अद्भुत नेतृत्व क्षमता के बल पर एक भारत की परिकल्पना को साकार किया, राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को हम सभी को अंगीकार करना चाहिए।

इस अवसर पर मेयर कामिनी राठौर और भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने अपने उद्गार व्यक्त किये, उन दोनों ने भी सरदार बल्लभभाई पटेल के नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक शक्ति से युवाओं को प्रेरणा लेने की बात कही, इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर, ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मी नारायण यादव, चैयरमैन सिरसागंज रंजना गुप्ता, नानक चंद्र अग्रवाल, श्याम सिंह यादव शिवमोहनश्रोतीय सहित जिला स्तरीय अधिकारी आदि थे!

## 24 घंटे से पहले सुलझी मनीष हत्याकांड की गुत्थी, दो गिरफ्तार

**समाज जागरण झिंझाना**

ऊन में दिन दहाड़े हुए मनीष हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे से पहले ही घटना का खुलासा करते हुए हत्याकांड में शामिल दोनों हत्यारों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त किया गया चाकू सहित अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों हत्यारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। बृहस्पतिवार को ऊन में खेडाभाऊ मार्ग पर मनीष उम्र 25 वर्ष पुत्र अंगद सिंह निवासी गांव खेडाभाऊ की रामवीर की ट्यूबवेल के पास चाकुओं से गोद कर हत्या कर दी थी। जिसमें पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया था।वहीं मामले में मृतक मनीष के चाचा रुप सिंह पुत्र इशमसिह ने अपने भतीजे की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मनीष की हत्या करने वाले राजवीर पुत्र सुखवीर निवासी मौहल्ला अंसारियान पट्टी जयसिंह ऊन व साहिल पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी गांव पीपलहेडा थाना तितावी मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त किया गया चाकू,काला बैग,एक रजिस्टर, आधार कार्ड,एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों ने हत्या का कारण समलैंगिक बताया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।



## समलैंगिक का खुलासा होने के डर से मनीष को मौत के घाट उतारा

**समाज जागरण झिंझाना**

ऊन में हुई खेडाभाऊ निवासी मनीष की हत्या समलैंगिक संबंधों के कारण की गयी है। जिसमें आरोपी वृद्ध राजवीर मनीष से समलैंगिक संबंध बनाता था। पूछताछ के दौरान हत्यारोपी ने बताया कि राजवीर ने बताया कि मै समलैंगिक हूँ ।मैं मनीष पुत्र अंगद को कई वर्षों से जानता हूँ ।मनीष पेस्टीसाईड़ का काम करता था उसका हमारे गांव मे काफी आना जाना था ।मैने धीरे धीरे मनीष से दोस्ती बढा ली थी तथा मनीष से अपने साथ संबंध बनवाने लगा कई साल तक यही चलता रहा। अब कुछ दिन पहले मेरे सम्पर्क मे साहिल पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम पीपलहेडा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर आया था। मैं साहिल से भी संबंध बनवाने लगा था । जब इस बात की जानकारी मनीष को हुई तो मनीष हम दोनो को धमकी देने लगा तथा कहने लगा कि मै सबको बता दूंगा कि तुम समलैंगिक हो। इसी बात से मैं तथा साहिल परेशान रहने लगे जिसके कारण मेने तथा साहिल ने मनीष को मारने की योजना बनायी और योजना के अनुसार बृहस्पतिवार को मैं तथा साहिल मोटरसाईकिल से मनीष के गांव मे गये परन्तु मनीष घर पर नही मिला। जब मनीष को यह पता चला कि में तथा साहिल उसके घर पर गये थे तो मनीष हमे तलाश करता हुआ हमारे पास रामबीर के आम के बाग मे आ गया ।जहाँ पर मनीष ने आते ही साहिल के साथ झगडा शुरू कर दिया तथा पूर्व में बनाई योजनानुसार मेने मनीष के हाथ पकड़ लिये तथा साहिल ने चाकू से मनीष के ऊपर कई वार कर दिये ।चाकू लगने से मनीष बुरी तरह से घायल हो गया तथा मौके पर ही गिर गया था ।मेरे दाहिने हाथ मे भी चाकू लग गया था जिसके कारण मेरे हाथ मे भी चोट लग गयी थी ।जिसके बाद में तथा साहिल मोटरसाईकिल से मौके से भाग गये थे।

## शिकायत के बावजूद चल रहे फर्जी अकाउंट्स

**समाज जागरण**

फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स पर सांसद इकरा हसन के नाम से फर्जी अकाउंट्स की भरमार है, जिन पर सांसद की वीडियो व फोटो का प्रयोग



किया जा रहा है। पूर्व में सांसद की ओर से पुलिस से फर्जी अकाउंट्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके बावजूद फर्जी अकाउंट्स पर पूरी तरह से शिकंजा नहीं कसा जा सका है।

## रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शहर के वीवी इंटर कॉलेज शामली में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कैप्टन रजनीश कुमार व सेकंड ऑफिसर डॉ. विजय कुमार ने किया। कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने देश की एकता और अखंडता के संदेश के साथ कॉलेज से दौड़ शुरू की, जिसे प्रधानाचार्य एसके आर्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ फव्वारा चौक, विजय चौक और अजंता चौक से होते हुए विद्यालय में संपन्न हुई। प्रधानाचार्य एसके आर्य ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत का निर्माण किया। कैप्टन रजनीश कुमार और डॉ. विजय कुमार ने कहा कि सरदार पटेल का



व्यक्तित्व देश के लिए प्रेरणास्रोत है, हमें भी उनके पदचिह्नों पर चलकर एकता और सद्भाव बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम में गुरुदास सिंह, कुलदीप पंवार, नीरज कुमार, अर्जुन राम, राजवीर सिंह, दिनेश तोमर, प्रमोद कुमार, अर्चना शर्मा, अनुराधा, रेनू गुप्ता, प्रदीप आर्य, दीप पांडे, मनोज कुमार, समित कुमार, संजीव शर्मा मौजूद रहे।

## इकरा की फर्जी आईडी से टिप्पणी करने वाला दबोचा

**— मुख्यमंत्री योगी पर की थी टिप्पणी, प्रतिनिधि ने दर्ज कराया था मुकदमा**

**समाज जागरण**

कैराना। सांसद इकरा हसन के नाम से फर्जी फेसबुक पेज बनाकर मुख्यमंत्री योगी पर अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

कैराना सांसद इकरा हसन के नाम से फेसबुक पर एक फर्जी पेज बनाया गया था। पेज पर एक वीडियो एडिट कर पोस्ट की गई थी। इस एक वीडियो में ऊपर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाषण की छोटी क्लिप व उसके नीचे धर्मगुरू प्रेमानंद महाराज की वीडियो क्लिप लगाई गई थी। मुख्यमंत्री योगी की क्लिप के साथ आपत्तिजनक शब्द लिखा गया था, जबकि महाराज को धर्मगुरू लिखा था। यह वीडियो भ्रम पैदा कर रहा था और तेजी के साथ वायरल हुआ था, जिसके बाद सांसद इकरा हसन के प्रतिनिधि नदीम की ओर से कोतवाली में अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। एसपी एनपी सिंह ने पुलिस और साइबर सेल को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद पुलिस ने आरोपी खालिद निवासी गांव अंबेहटा थाना कांधला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ही इस पेज को चला रहा था। इस पेज को तीन मई 2024 को पहले इकरा चौधरी के नाम से बनाया गया था। सात अक्टूबर 2024 को पेज का नाम बदलकर सोवाना उर्फ मीना कर दिया था। लेकिन, 13 दिसंबर 2024 को फिर पेज का नाम इकरा हसन कर दिया था। वर्तमान में यह पेज इकरा हसन (एमपी कैराना) के नाम से चल रहा था, जिस पर पांच लाख 20 हजार से अधिक फॉलोवर्स है। किसी को शक न हो, इसलिए फर्जी पेज पर ब्लू टिक भी लिया गया था। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि फर्जी फेसबुक पेज को भी डिलीट कराया जाएगा।

## सास–बहू के साथ छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। सास और उसकी पुत्रवधू के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 अक्टूबर की शाम करीब चार बजे उसकी पत्नी और पुत्रवधू अपने घर में भूसा लेने गई थी। आरोप है कि तभी गांव बरनावी निवासी इरशाद बुरी नीयत से अंदर घुस गया। आरोपी ने उसकी पत्नी और पुत्रवधू के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाने पर आरोपी ने दोनों के साथ मारपीट की। बाद में आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

## घर से जेवर व नकदी ले जाने का आरोप

**समाज जागरण**

कैराना। एक व्यक्ति ने अपनी पुत्रवधू व उसके मायके पक्ष के लोगों पर घर से जेवर व नकदी ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। गांव भूरा निवासी जाबिर ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पुत्र उस्मान का निकाह 19 नवंबर 2023 को मन्नामाजरा गांव निवासी आजमा के साथ हुआ था। उसका पुत्र मलेशिया और सिंगापुर जाने के लिए कागज बनवाने हेतु दिल्ली गया हुआ था। वह अपने खेत पर था। आरोप है कि गत दो फरवरी 2025 को उसकी पुत्रवधू आजमा अपने पिता शाहिद और भाई मजाहिर के साथ घर में रखे सात तोले सोने के जेवर, डेढ़ किलो चांदी के जेवर और पांच लाख रुपये निकाल कर अपने साथ ले गई। इसके बाद जेवर और रुपये वापस लेने के लिए मन्नामाजरा में पंचायत हुई थी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ था। गत 30 सितंबर को उसकी पुत्रवधू अपने मायके वालों के साथ आई, जिसने उसकी पत्नी के साथ मारपीट की तथा शिकायत करने पर आत्महत्या कर सभी को जेल भिजवाने की धमकी दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। स्वतंत्र भारत के शिल्पकार और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शहर के वीवी डिग्री कॉलेज शामली से राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज तक सरदार 150 यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया गया। रन फॉन यूनिटी में स्कूल, कालेजों के छात्र-छात्राओं के साथ ही विभिन्न विभागों के कर्मचारी, आंगनबाडी, आशाओं के साथ ही जिले के सैकडों लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राज्यमंत्री सुनील कुमार शर्मा ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि आज हम जिस विकसित और आत्मनिर्भर भारत के मार्ग पर चल रहे हैं, उसकी नींव रखने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ही थे। उन्होंने 562 रियासतों को बिना किसी हिंसा के एक सूत्र में बांधकर भारत को एकता के सूत्र में पिरोया। उनका योगदान ही आज के सशक्त भारत की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि यह यूनिटी मार्च कोई साधारण दौड़ नहीं, बल्कि यह देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। इस मार्च के माध्यम से हम यह संकल्प लेते हैं कि भारत को और अधिक विकसित, सशक्त व आत्मनिर्भर बनाएंगे। इसके पश्चात राज्यमंत्री सुनील कुमार शर्मा ने यूनिटी मार्च को झंडी दिखाकर रवाना किया। मार्च में एमएलसी वीरेंद्र



सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम सत्येंद्र सिंह, एडीएम न्यायिक परमानंद झा, एसडीएम अर्चना शर्मा, एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल सहित युवा वर्ग, खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं, शिक्षक और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन ने भी दौड़ में भाग लेकर सफलता पूर्वक पूरा किया, जिसके लिए उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर शहर के आरके इंटर कॉलेज में छात्राओं द्वारा सरदार पटेल पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी गई। बालक वर्ग में शांतनु, शाहरुख और जगमेहर, तथा बालिका वर्ग में सृष्टि, प्रिया शर्मा और आकांक्षा खैवाल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर डीएम अरविंद कुमार चौहान ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता, नशा मुक्ति और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा मेरा युवा भारत के माध्यम से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, जिम्मेदारी और एकता की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ अमरदीप मौर्य, अनुराग शर्मा, पुनीत द्विवेदी, सचिन जैन आदि मौजूद रहे।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता का संदेश

**समाज जागरण**

कैराना। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन कर एकता का संदेश दिया गया। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे कोतवाली परिसर में लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम



उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद कोतवाली से सीओ श्याम सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें द न्यू हाइट्स एकेडमी के प्रधानाचार्य विवेक उपाध्याय के अलावा एकेडमी के छात्र-छात्राओं तथा अन्य लोगों ने भाग लिया। रन फॉर यूनिटी कोतवाली परिसर से शुरू होकर खंड विकास कार्यालय पहुंची। इसके बाद समापन कोतवाली में हुआ।

## सपा के पदाधिकारियों ने मनाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

**समाज जागरण**

शामली। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने शुक्रवार को भैंसवाल स्थित पार्टी कैम्प कार्यालय पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एवं आचार्य नरेन्द्र देव की जयंती मनाई। इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. सुधीर पंवार ने कहा कि सरदार पटेल और आचार्य नरेन्द्र देव के संघर्ष और बलिदान से ही आज का भारत मजबूत और एकजुट राष्ट्र बना है। सरदार पटेल ने अपने राजनीतिक कौशल से सैकड़ों रियासतों का भारत में विलय कराया और पाकिस्तान के हमले से कश्मीर की रक्षा की। वहीं आचार्य नरेन्द्र देव ने समाजवादी विचारधारा को बल दिया और शिक्षा सुधारों के लिए जीवन भर प्रयास किया। उन्होंने बताया कि आचार्य नरेन्द्र देव ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कांग्रेस में समाजवादी सोच को सशक्त किया और स्वतंत्रता के बाद प्रजा सोशलिस्ट पार्टी का गठन किया। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय और लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति रहते हुए उन्होंने शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। इस अवसर पर अर्चना चौधरी, जावेद जंग, योगराज पंवार, बिट्टू ताना, खुशनूद, मुनत्याज प्रधान, प्रियांशु पंवार, हर्षित, सचिन, सावन, रितिक, गौरव आदि मौजूद रहे।



# बसपा की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन शहर टंकी रोड स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल संयोजक रवीन्द्र कुमार गौतम, जनेश्वर प्रसाद एवं वीर सिंह मालैंडी उपस्थित रहे, जबकि सभा की अध्यक्षता वीरपाल कुडाना ने की और संचालन देवीदास जयंत ने किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रवीन्द्र कुमार गौतम ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी आने वाले समय में फिर से जनता के विश्वास की पार्टी बनेगी। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की नीतियों और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य हर बसपाई सिपाही को करना होगा, ताकि 2027 में बहन जी के नेतृत्व में प्रदेश में पांचवीं बार बहुजन समाज पार्टी की सरकार बने। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने, समाज के सभी वर्गों को जोड़ने और बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के सिद्धांत को आगे बढ़ाने के लिए हर कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बैठक के अंत में संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक कार्यकताओं को सक्रिय करने तथा आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर रणनीति पर भी चर्चा की गई। बैठक में हरपाल कश्यप, ताहिर राणा, संदीप कुमार, हरिओम गौतम,हरवीर सिंह, फिरोज कुरेशी, विक्रांत बर्मन, डॉ. बृजपाल पाल, अजय तेजियां, अनीस अंसारी, किरण पाल, अंकित गौतम उपस्थित रहे।



## धूमधाम के साथ मनाया गया ग्रैंड पैरेंट्स डे

**समाज जागरण**

शामली। शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में शुक्रवार को ग्रैंड पेरेंट्स डे बड़े ही हर्षोल्लास और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के दादा-दादी एवं नाना-नानी को विशेष रूप से आमंत्रित किया, जिन्होंने बच्चों के साथ अपने स्नेह और अनुभव साझा किए।



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सुनील गोयल, वाईस चेयरमैन शिखर गोयल, निदेशक प्रियांक गोयल एवं प्रधानाचार्या राजश्री चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें गीत, नृत्य और संवाद शामिल थे। नन्हे-मुन्नों ने अपने दादा-दादियों के प्रति प्रेम, आदर और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान जब बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से बड़ों के प्रति सम्मान का भाव प्रकट किया, तो माहौल भावनाओं से भर उठा। दादा-दादियों ने भी अपने जीवन के अनुभव और प्रेरणादायक विचार साझा किए, जिससे वातावरण और अधिक आत्मीय बन गया। प्रधानाचार्या राजश्री चौधरी ने कहा कि दादा-दादी बच्चों के जीवन की पहली पाठशाला और उनके संस्कारों की आधारशिला होते हैं। उनका स्नेह और अनुभव बच्चों को जीवन के मूल्यों से जोड़ता है।

## कांग्रेसियों ने लौह पुरूष और लौह महिला को याद किया

**समाज जागरण**

शामली। कांग्रेसियों ने आजाद भारत के प्रथम गृहमंत्री लोह पुरुष सरदार पटेल की जयंती और लोह महिला पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि मनाते हुए दोनों महान नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा द्वारा शहर के माजरा रोड एक सभा का आयोजन किया गया। उन्होने कहा कि जिस प्रकार की मजबूती सरदार पटेल ने भारत को एक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में दिखाई। वही लोहा वही शक्ति कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता में है और प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता देश में भाईचारे को मजबूती से जोड़े रखने के प्रति प्रतिबद्ध है। कहा कि पटेल के सिद्धांतों पर चलते हुए भारत की एक मात्र महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने समय में अमेरिका जैसी महाशक्ति को झुकाते हुए न केवल परमाणु परीक्षण किया बल्कि एक नये राष्ट्र बांग्लादेश का निर्माण कर विश्व को चौंका दिया था। दोनों नेता ने अपने समय में देश को एक सूत्र में पिरोने के साथ साथ देश की सरहदों को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका अदा की। इस अवसर पर बाबूखान, प्रवीण तरार, ओमवीर उपाध्याय, शेखरपाल, रविन्द्र आर्य, विनोद सेन, डा. श्रीपाल सिंह, रामपाल पांचाल, आदेश कश्यप, सौरभ भटनागर, शाहरुख खान, अभिराज सेन आदि मौजूद रहे।



## रालोद के सदस्यता अभियान का उत्साहपूर्ण समापन

**समाज जागरण**

शामली। राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता अभियान का समापन शुक्रवार को जिला कार्यालय शामली पर उत्साहपूर्ण और गरिमामय वातावरण में किया गया। यह अभियान 14 अप्रैल से 31 अक्टूबर तक जिलेभर में सफलतापूर्वक चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली ने की। इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विकास धीमान ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की और रामकुमार वर्मा को जिला महासचिव नियुक्त किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह चेयरमैन ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों और युवाओं की सच्ची आवाज है। जयंत चौधरी के नेतृत्व में पार्टी ने किसान हित की लड़ाई मजबूती से लड़ी है, जिसके परिणामस्वरूप सरकार को गन्ने का मूल्य 30 बढ़ाकर 400 प्रति क्विंटल करना पड़ा। जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली ने कहा कि सदस्यता अभियान की सफलता पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने गांव-गांव जाकर लोकदल की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया। सदस्यता अभियान प्रभारी देशराज भनेड़ा और विजय कौशिक ने कार्यकताओं के उत्साह और जनता के सहयोग को अभियान की ऐतिहासिक सफलता का आधार बताया। विधानसभा अध्यक्ष सनोज चौधरी ने कहा कि संगठन को हर बूथ तक मजबूत करना पार्टी का लक्ष्य है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार, उमेश पंवार, बाबूराम पंवार, अजब सिंह, राजेंद्र वर्मा, नरेश प्रधान, सुधीर प्रधान, बिनोद प्रधान, अमित कुमार, ब्रजवीर एडवोकेट, नरेश मलिक, लबनान चौधरी, देवानंद गौड़ मौजूद रहे।



## जल संग्रह पुस्तक दर्द-ए-जुदाई का विमोचन

**समाज जागरण**

शामली। शहर के जेजे फार्म शामली में संत प्रवर विजय कौशल महाराज ने ग्राम सिलावर निवासी प्रवीण तरार की गजल संग्रह पुस्तक दर्द-ए-जुदाई का विमोचन किया। यह पुस्तक नीलम पब्लिकेशन मुंबई से प्रकाशित हुई है। प्रवीण तरार की इससे पूर्व भी जख्म-ए-बेवफाई और बेवफा जिंदगी सहित कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। साथ ही उन्होंने अनेक साझा संकलनों में रचनाऐं दी हैं और एक हिंदी देहाती फिल्म बिगाडू के लिए गीत भी लिखे हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, चरत बंसल, अतुल बंसल, जयदेव मलिक, ब्रजेश वशिष्ठ, राजबीर सिंह, देवेंद्र गर्ग, अनुराग शर्मा, दीपक संगल, जयप्रकाश शर्मा, बिनोद अत्री सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# घर में साफ सफाई करने आए दंपति के साथ मारपीट

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के गंगेरू मार्ग निवासी एक व्यक्ति ने अपने परिवार के लोगों पर पीड़ित सहित उसकी पत्नी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के गंगेरू मार्ग निवासी उमेश ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ थाना



क्षेत्र के गांव भभीसा स्थित अपनी ससुराल में रहता है।

शुक्रवार को पीड़ित अपनी पत्नी ममता के साथ गंगेरू मार्ग स्थित अपने घर में साफ सफाई करने के लिए आया हुआ था। पीड़ित का आरोप है कि तभी उसके तीन भाइयों सहित उसकी मां व अन्य परिवार के लोगों ने पीड़ित व उसकी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए घर में नहीं घुसने दिया।

और दोबारा से घर में घुसने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया।पीडित दंपती ने थाने पहुंचकर आरोपियों

के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## कारी साबिर साहब लगातार तीसरी बार सदर बने

**समाज जागरण बागपत।**
जमीअत उलेमा जिला बागपत की जानिब से तहसील बडौत का इंतिखाब फुंस वाली मस्जिद बडौत में आयोजित हुआ। जिसमें कारी साबिर साहब को




लगातार तीसरी बार तहसील सदर बनाया गया। इस इंतिखाब का सभी जमीअत पदाधिकारियों ने समर्थन किया। मौलाना यामीन साहब ने फेसले पर मुहर लगाई, जबकि सेक्रेट्री कारी यामीन को बनाया गया और खजांची हाजी गुलाब साहब को बनाया गया।प्रोग्राम मौलाना यामीन जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस प्रोग्राम में खिदमते खल्क का आह्वान किया गया और जमीअत के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए वादे किए गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कारी साबिर साहब ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है, उसको पूरी लगन और मेहनत से अदा करने की कोशिश करूंगा। इस प्रोग्राम में मुफ्ती शाह आलम साहब मजाहिरी नायब सदर जिला बागपत हाफिज कासिम मुफ्ती अहसान कासमी इमाम मरकज बागपत मुफ्ती खालिद मुफ्ती कलीम मौलाना फारूक मौलाना अहसान कारी मतलूब आदि शामिल हुए।

## रटौल आम निर्यात को लेकर लुलु ग्रुप टीम से की चर्चा

**समाज जागरण चांदीनगर।**
रटौल आम को पहचान देने के लिए रटौल आम उत्पादको ने लुलु ग्रुप के फूड़ मैनेजर की टीम से मिलकर रटौल आम को लेकर चर्चा की और आम



उत्पान के लिए उनसे बात की जिस पर उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया। रटौल आम उत्पादक हबीब खान,वशीम कुरैशी ने गाजियाबाद के वसुंधरा मे एक कार्यक्रम मे लुलु ग्रुप टीम से मुलाकात की और उन्हें रटौल आम के बारे मे बताया उन्होंने आम की खासियत को सुनते हुए लखनऊ में आम को निर्यात करने वाले अपनी टीम के एक सदस्य से उनकी बात करायी। उन्होंने बताया की वह विदेश और खाड़ी देशो मे आम का निर्यात करते है। रटौल आम उत्पादको ने उन्हें आम की विशेषता के बारे मे बताया और बताया की लखनऊ आम मोहत्सव मे भी रटौल आम प्रथम स्थान पर रहा था वही रटौल आम अपनी खुशबू और मिठास के लिए जाना जाता है। उन्होंने आम सीजन पर एक मीटिंग करने का आश्वासन दिया और भरोसा दिलाया लुलु ग्रुप रटौल आम के बारे मे जानकारी कर निर्यात पर चर्चा करेगा।

## एकता दिवस पर प्राथमिक विद्यालय कोताना में निकाली गई रैली

**समाज जागरण बागपत।**
प्राथमिक विद्यालय कोताना नंबर 1 में एकता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक अशोक अंतिल ने बताया कि सर्वप्रथम लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण किया गया और उसके बाद गांव में एक रैली का आयोजन किया




गया, जिसमें बच्चों के हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां थी। बच्चे अखंड भारत के नारे लगाते हुए गांव में घूमे। उसके उपरांत बच्चों को अखंड भारत के लिए शपथ दिलाई गई और बच्चों को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से शिक्षा लेकर अपने देश के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर देवेंद्र कुमार,विकेंद्र कुमार, रतन पाल,दीक्षा चौधरी, दीप्ति गोयल और अंजू रानी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता परिषद में रोहित मलिक बने प्रान्त मंत्री

**समाज जागरण बागपत।**
अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद में ब्रज प्रदेश की प्रान्त कार्यकारिणी में बागपत से रोहित मलिक को मंत्री नियुक्त किया गया है। अधिवक्ता परिषद



बागपत इकाई द्वारा रोहित मलिक का प्रान्त मंत्री बनने पर फूल मालाओं व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रविन्द्र सिंह राठी, भूपेन्द्र शर्मा, गगन गौड, अतुल प्रशान्त त्यागी, अमित खोखर, नीरज कुमार शर्मा, नगेश कुमार, अमित कुमार तोमर, योगेन्द्र कुमार,उदित प्रताप, दीपक कुमार, दिनेश कुमार शर्मा आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## सुनैना चौहान बनी सहकारी समिति की सचिव

**समाज जागरण बागपत।**
सहकारी समिति रटौल में शुक्रवार को सभापति मस्तराम और उपसभापति इसरार ने समिति के सचिव विकास शर्मा से कार्यभार लेकर पाली गांव की सुनैना चौहान को सचिव का कार्यभार सौंपा। उन्होंने रटौल समिति का पहली बार पद ग्रहण किया है। सुनैना चौहान ने समिति के पदाधिकारियों और कार्यकताओं का उन्हें सचिव पद की जिम्मेदारी देने पर आभार जताया।




उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है
वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने समिति पर किसानों के हितों के लिए कार्य करने और किसानों को किसी भी प्रकार कर परेशानी न होने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कृष्णपाल, जितेश, मनोज, सुनील दीक्षित, रवि कुमार, इशांत चौहान मौजूद रहे।

## भाजपा ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर किया माल्यार्पण, 250 बूथों पर हुए कार्यक्रम

--कार्यकताओं ने याद किया लौह पुरुष का योगदान और युवाओं को दी एकता और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा

**समाज जागरण बागपत।**
भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को देश के पूर्व गृह मंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई। जनपद के करीब 250 बूथों पर पार्टी कार्यकताओं ने उनके चित्र और प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धां जलि अर्पित की। जिला कार्या लय पर जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। उपाध्याय ने कहा कि देश की एकता और अखंडता में



सरदार पटेल की भूमिका अतुलनीय रही है। आज का एकजुट भारत उन्हीं के संकल्प का परिणाम है। जिला मीडिया प्रभारी व आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के संयोजक पवन शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस भावना से बिखरे हुए भारत को एक किया, उसी मार्ग पर पार्टी आगे बढ़ रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एक भारत, श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भरता के विचार से जोड़ना है। इस मौके पर डॉ. विनय त्यागी, कुलदीप भारद्वाज, सुन्दर धामा, रविन्द्र आर्य, डॉ. शराफत अली, आत्माराम मौर्य, विनोद पांचाल, शेर सिंह गुर्जर, अमित उपाध्याय, अक्षय तोमर, राजगोपाल कश्यप, राकी शर्मा, सुनील तोमर और डॉ. आशू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एकता का संदेश लेकर रन फॉर यूनिटी में छात्र छात्राएं व पुलिसकर्मी।

**समाज जागरण बिनौली।**
स्वतंत्र भारत के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मे रन फॉर यूनिटी मे छात्र छात्राओं, नागरिकों व पुलिसकर्मियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी निरीक्षक बिनौली राकेश शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर सर्व हितकारी इंटर कॉलेज बिनौली, गुरूकुल इंटर नैशनल स्कूल जिवाना, चौधरी दलीप सिंह इंटर कॉलेज ग्वालीखेड़ा के छात्र छात्रा बिनौली बस स्टैंड पर एकत्र हुए। इसके उपरांत बड़ी संख्या में ग्रामीण व थाना बिनौली का समस्त स्टाफ रन फॉर यूनिटी के लिए पहुचा। रन फॉर यूनिटी का जन सैलाब मेरठ बडौत मार्ग पर दौड़ते हुए भारत माता के जयकारों के साथ डेरा सच्चा सौदा आश्रम बरनावा पर जाकर सम्पन्न हुआ। इंस्पेक्टर राकेश



शर्मा ने छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस उस विचारधारा का पुनर्स्मरण है,जिसने भारत को सैकड़ों रियासतों से जोड़कर एक अखंड राष्ट्र का रूप दिया। सरदार पटेल का जीवन इस सत्य का प्रतीक था,कि जब विचार, उद्देश्य और कार्य एक हो जाते हैं तो असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस हमें याद दिलाता है कि संविधान के आदर्शों को जीवंत रखने के लिए नागरिक चेतना आवश्यक है। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती उस विचार का उत्सव है जो भारत की विविधता को उसकी शक्ति बनाता है। इस अवसर पर गुरूकुल के उप प्रधानाचार्य डॉ सुशील वत्स, प्रधान उपेंद्र धामा, आदित्य सौलंकी, नितिन धामा, गुलबीर धामा, मास्टर अमित धामा, पीटीआई अमित पंवार आदि बड़ी संख्या में समाजसेवी मौजूद रहे।

## क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल का 19 नवम्बर से मनाया जाएगा जन्मोत्सव सप्ताह : तस्वीर सिंह

**समाज जागरण बागपत।**
धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान द्वारा स्थानीय बौद्धिक परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के संयोजक योगेन्द्र पाल प्रधानाचार्य रहे। कार्यक्रम में धनसिंह कोतवाल के प्रपोत्र एवं मुख्य वक्ता तस्वीर सिंह चपराना ने बताया कि इस वर्ष भी क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल जी का जन्मोत्सव सप्ताह 19 नवंबर से 27 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा मनाया जाएगा। इस बार जन्मोत्सव सप्ताह कार्यक्रमों की विषय वस्तु क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल जन्मोत्सव द्वारा 1857 से 1867 तक शहीद हुए एक करोड़ क्रांतिकारियों को नमन करना है। इसी उद्देश्य को लेकर, जन्मोत्सव सप्ताह कार्यक्रमों की सफलता के लिए गांव, कस्बा एवं मोहल्ले में स्थानीय बौद्धिक परामर्श बैठक आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों के द्वारा ग्राम मौहल्ला के स्तर तक धनसिंह



कोतवाल तथा अन्य क्रांतिकारी के बारे में जन सामान्य को अवगत कराना है तथा जन्मोत्सव कार्यक्रम में 27 नवम्बर को सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित करना है। बैठक की अध्यक्षता चौधरी राम भूल सिंह ने की। बैठक में प्रमुख रूप से डॉक्टर अशोक कुमार चौधरी, सत्येंद्र कुमार भड़ाना, योगेंद्र पाल सिंह, भोपाल सिंह, राजेंद्र शर्मा, देवेंद्र कुमार, सतीश कुमार, अमरपाल, हरेंद्र कुमार, चमन सिंह, जगबीर सिंह, धर्मवीर सिंह, कालूराम, महावीर सिंह, मांगेराम, रतन सिंह, रविन्द्र, मदनपाल गौरव लक्की, अनुपाल, सोनू, प्रिंस, आकाश, अंकित, सागर गुर्जर, अंकित, आशु दीपांशु, आरव, नरेंद्र, कपिल शर्मा, मनीष कुमार आदि आदि उपस्थित रहे।

## आदर्श पब्लिक स्कूल में मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

**समाज जागरण बागपत।**

कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। इनका जन्म 31 अक्टूबर वर्ष 1875 में हुआ था। यह दिवस एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि आजादी के बाद अनेक छोटी छोटी रियासतों का भारत में एकीकरण हुआ, जो कि सिर्फ सरदार पटेल के प्रयासों द्वारा ही संभव हुआ था। इसलिए इस दिवस को एकता दिवस के रूप में सम्मान दिया गया। इस कार्य को करने में सरदार पटेल ने रियासतों के राजाओं को बातचीत द्वारा मनाया। उन्हें कुछ पर सख्ती भी दिखानी पड़ी तब जाकर सबको एकजुट करके भारत एक एकीकृत राष्ट्र बन सका। सरदार पटेल को इस कार्य के कारण ही लौहपुरुष की उपाधि मिली हर साल 31 अक्टूबर



को एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरदार पटेल भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ साथ स्वतंत्र भारत के पहले उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री भी रहे है। वे अपनी मृत्यु (15 दिसंबर 1950) तक उन्होंने इन जिम्मेदारियों का निडरता के साथ पालन किया। स्कूल की प्रधानाचार्या कोमल शर्मा ने बताया कि सरदार पटेल ने आजादी के बाद देश के एकीकरण में जो योगदान दिया है, वह अद्वितीय व प्रेरणादायक है। उनके दृढ़ निश्चय, समझदारी और नेतृत्व क्षमता के कारण ही आज भारत एक अखंड राष्ट्र के रूप में खड़ा है।

## कोणार्क विद्यापीठ खेकड़ा में हुआ रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए खेकड़ा के कोणार्क विद्यापीठ में स्कूल व स्थानीय पुलिस प्रशासन खेकड़ा के संयुक्त तत्वाधान में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका खेकड़ा अध्यक्ष नीलम धामा एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका रटौल अध्यक्ष जुनैद फरीदी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धामा ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस भारत का निर्माण किया, उसे बनाए रखना और उसकी सुरक्षा करना हम सभी का परम कर्तव्य है। कोणार्क विद्यापीठ के प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में देशभक्ति की भावना मजबूत होती



है। थाना अध्यक्ष प्रभाकर कैनतुरा ने भी इस रन फॉर यूनिटी की सराहना की। नगर पालिका खेकड़ा की अध्यक्ष नीलम धामा ने कहा कि यह सफल आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल को एक सच्ची श्रद्धांजलि थी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर पालिका रटौल के अध्यक्ष जुनैद फरीदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के द्वारा देश के लिए दिए गए योगदान के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया। रन फॉर यूनिटी में विद्यालय के छात्र केशव त्यागी ने प्रथम स्थान, संयम नैन द्वितीय स्थान, वीरेंद्र द्वितीय स्थान आर्यवीर नैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को नगर पालिका अध्यक्ष खेकड़ा एवं नगर पालिका अध्यक्ष रटौल ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रबंधक अंकित धामा, रामचंद्र शर्मा, नलिनी शर्मा, शक्ति राजदान, शालू जैन, सविता शर्मा, मेघा धामा, नरेश कुमार, मनीष धामा, गुलशन चौहान, बिशप शर्मा, विपिन धामा आदि उपस्थित रहे।

## यमुना में छोड़ी गई दो लाख मछलियों के बच्चे, मत्स्य सम्पदा के संरक्षण को नई गति

--प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत जिले में शुरू हुआ बड़ा अभियान, मछुआ समुदाय को मिलेगा लाभ

**समाज जागरण बागपत।**
प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत शुक्रवार को बागपत के पक्का घाट यमुना नदी में मत्स्य सम्पदा के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से दो लाख मेजर कार्प प्रजाति (रोहू, कतला, मृगल) की मछलियों के बच्चों को छोड़ा गया। यह पहल न केवल यमुना में देसी प्रजातियों की संख्या बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि नदी पर निर्भर मत्स्य पालकों और मछुआ समुदाय की आजीविका व आय में वृद्धि का भी माध्यम बनेगी। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री



मत्स्य सम्पदा योजना का लक्ष्य जल संसाधनों के सतत उपयोग, मत्स्य उत्पादन बढ़ाने, जैव विविधता संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखना है। इस कार्यक्रम से यमुना नदी की प्राकृतिक मत्स्य सम्पदा को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बागपत, उपजिलाधिकारी अमर चंद वर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य बागपत, मत्स्य विकास अधिकारी, मत्स्य विभाग के कर्मचारी, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष, तथा जनपद के मत्स्य पालक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि यह प्रयास न केवल पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करेगा, बल्कि मछुआरों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी सार्थक कदम साबित होगा। मत्स्य विभाग ने भविष्य में अन्य नदियों व जलाशयों में भी इसी प्रकार के अभियान चलाने की योजना जताई है।

## एकता ग्रुप ने रखी मजदूर के मकान की नींव

**समाज जागरण खेकड़ा ।**
बसी गांव में मजदूर राजकुमार का परिवार रहता है। राजकुमार बाहर तो उसकी पत्नी जूली गांव के ही मकान में झाड़ू पोछा करती है। जबकि तीन बच्चें सरकारी स्कूल में पड़ते हैं। पति के बाहर काम करने के कारण गांव में इस परिवार को जूली के नाम से ही जानते हैं। तीन माह पूर्व परिवार के लोगों के बाहर होने पर शार्ट सर्किट होने से मकान में आग लग गई थी। जब तक आग बुझी तो मकान जलकर नष्ट हो चुका था। इससे मकान में रखा सभी घरेलू सामान जलकर नष्ट हो चुका था। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने पर परिवार खुले आसमान के नीचे रात



गुजारने को मजबूर है। ऐसे में महिला की मदद के लिए एकता ग्रुप के सदस्य आगे आए। सभी ने अपने पांच से राशि एकत्रित कर महिला को मकान बनाने का निर्णय लिया। ग्रुप के सदस्य व ग्राम प्रधान संजीव कुमार ने सदस्यों के साथ मकान की नींव रखी। महिला को जल्द मकान तैयार कराने का आश्वासन दिया है। ऋषिपाल फौजी, दीपांशु नैन आदि शामिल रहे। युवाओं के कार्य की ग्रामीण सहराहना कर रहे हैं।

## महिला ने लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के एक गांव में पति की गैर मौजूदगी में घर में अकेली महिला के साथ एक युवक ने छेड़छाड़ की हरकत करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर दंपति के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। दंपति ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह दोपहर के समय गांव की मस्जिद में जुम्मे की नमाज पढ़ने के लिए गया हुआ था और घर पर उसकी पत्नी अकेली थी। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि तभी मौका पाकर गांव का एक युवक घर में घुस गया और उसकी अकेली पत्नी के साथ छेड़छाड़ की हरकत करते हुए बदनियत से उसकी पत्नी को दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। मौके पर पीड़ित आ गया पीड़ित एवं उसकी पत्नी ने जब विरोध किया तो मौके पर उसके दो अन्य साथी भी आ गए आरोपियों ने विरोध करने पर पीड़ित दंपति के साथ मारपीट की और शौर शराबा होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

दंपति ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर देते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## सरदार पटेल की जयंती पर द गोल्ड पब्लिक स्कूल में भव्य आयोजन

**समाज जागरण कांधला।**

देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री और 'लौह पुरुष' के नाम से विख्यात महान स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती शुक्रवार को कांधला के द गोल्ड पब्लिक स्कूल में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन और स्टाफ ने पटेल जी के अखंड भारत निर्माण में ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की भारी उपस्थिति ने समारोह को और भव्य बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रबंधक कृष्णपाल सिंह और प्रधानाचार्य अजय कुमार द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण से हुई। इसके बाद प्रधानाचार्य अजय कुमार ने पटेल जी के जीवन संघर्ष, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका और विशेष रूप से 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण करने वाले उनके अद्वितीय योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "सरदार पटेल ने न केवल देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि स्वतंत्रता के बाद भारत को मजबूत और एकजुट राष्ट्र बनाने का सपना



साकार किया। उनका 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संकल्प आज भी हमें प्रेरित करता है।"स्कूल कोऑर्डिनेटर करुणा सिंह और अनुराधा शर्मा ने भी पटेल जी के बलिदान और दूरदर्शिता की सराहना की। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण और देशभक्ति गीत पेश किए गए, जिन्होंने उपस्थित सभी को राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत कर दिया। प्रबंधक कृष्णपाल सिंह ने कहा, "आज के युवा पीढ़ी को पटेल जी जैसे महापुरुषों से सीख लेकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्य, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय एकता की शपथ और राष्ट्रगान से हुआ। यह आयोजन न केवल सरदार पटेल को श्रद्धांजलि था, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को उनके आदर्शों से जोड़ने का एक सफल प्रयास साबित हुआ। द गोल्ड पब्लिक स्कूल ने इस मौके पर छात्रों के बीच राष्ट्रप्रेम जागृत करने के लिए विशेष प्रदर्शनी और क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।
परिचय- कांधला के द गोल्ड पब्लिक स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते अतिथि

## हरियावास गांव में कार्यरत आंगनवाड़ी सहायिका प्रेमा देवी 40 साल की सेवा के बाद उनकी सेवानिवृति पर विदाई पार्टी का आयोजन किया गया



**दैनिक समाज जागरण,**
**[ महेन्द्र प्रजापत बहल ]**

बहल, । महिला एवं बाल विकास विभाग के बहल खंड के सर्कल ओबरा के गांव हरियावास में कार्यरत आंगनवाड़ी सहायिका प्रेमा देवी 40 साल की सेवा के बाद उनकी सेवानिवृति पर विदाई पार्टी का आयोजन किया गया विदाई समारोह में आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता चमेली और उर्मिला ने कहा कि यह पल कर्मचारी लिए बहुत भावुकतापूर्ण होता है।जब उसे अपनी सेवाकाल को निष्ठापूर्वक ,बेदाग पूरी करने पर उसके साथी कर्मचारियों द्वारा खुशी से विदाई दी जाती है।इस समारोह में गांव हरियावास से ,गोपाल वास से,सिधनवा से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका, गांव हरियावास से आशा कार्यकर्ता ,सरपंच प्रताप सिंह उनकी धर्मपत्नी कमला व राजकीय प्राथमिक विद्यालय के मुख्या ध्यापक मास्टर रामफल जी,आनंद कुमार जी,धर्मेश चौकीदार एस एच जी ग्रुप की महिलाएं व गांव की अन्य महिलाएं मौजूद रही। सरपंच प्रताप सिंह द्वारा सहायिका प्रेमा देवी के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि हमारे गांव की कार्यकर्ता, सहायिका बहुत ही अच्छे से अपनी ड्यूटी निभा रही है हम कामना करते हैं कि भविष्य में भी अपने काम को निष्ठापूर्वक करती रहे और उन्होंने उपहार व 1100 रुपए देकर सहायिका को विदाई दी। कार्यकताओं व सभी महिलाओं ने मंगल गीत गाकर सहायिका प्रेमा देवी के अच्छे कार्य और उनके अच्छे स्वास्थ्य की सराहना की।

# ट्रक्टर ट्राली में लगी भीषण आग



**दैनिक समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) कालांवाली के नजदीक लगते गांव तख्तमल में ट्रक्टर ट्राली मे उस समय भीषण आग लग लगी। ट्रक्टर ट्राली में पाराली की गांठे से भरा हुआ था। जैसे ही यह ट्रक्टर ट्राला पास से गुर रहा था यह अचानक से चिंगारी ट्राली की गांठ मे गिर गई जिससे कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसकी जानकारी पुलिस व दमकम विभाग को दी सुचना मिलते ही प्रशासन की और से पुलिस के टीम व फायर विभाग कि गाड़ी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे ग्रामवासीयों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। आग इतनी भीषण थी कि ट्रक्टर के टायर व पराली की गांठे पूरी तरह से जलकर राख हो गई। ट्रक्टर चालक राजवीर ने बताया कि किसान के खेत से ही पराली की गांठे भर कर ले जा रहे थे। एक ट्रक्टर ट्राली गुजर गई जब मैं पराली से भारा ट्रक्टर ट्राली लेकर गुजर रहा था तो किसान ने अपन स्कूटरी रोक कर आग लेगा दी। मैंने आवाज भी दी लेकिन आग लग चुकि थी। एक तरफ गांठे थी दुसरी और गहरी थी। कुछ ही समय में आग ने ट्रक्टर ट्राली को घेर लिया और आग लग गई। ट्रक्टर ट्राली में लगभग 20 हजार से अधिक का सामान था और ट्रक्टर के टायर जल गऐ लगभग 2लाख 50 हजार से अधिक का नुकसान हो चुका है बाकि अभी कुछ नही कहा जा सकता कि कितना नुकसान हुआ है।

## सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर एकता व अखंडता संकल्प

: नशे जैसी बुराई से बचने का लिया संकल्प

: पटेल जी ने टुकड़ों में बंटे भारत को एक करने का काम किया



**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

भिवानी, । सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा देश की एकता व अखंडता को समर्पित लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को हनुमान ढाणी स्थित पटेल सभागार में याद किया गया । इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने देश की एकता व अखंडता व नशे से दूर रहने का संकल्प लिया और लोगों को अपील के साथ संदेश दिया और इस अवसर पर नशे जैसी बुराई,स्वच्छ पर्यावरण- जल संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप पहुंचे जनगणना के क्षेत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता एवं शिक्षाविद लक्ष्मण गौड़ ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद विजेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम संयोजक विद्यालय निदेशक सावित्री यादव एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज रहे। लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के त्याग एवं बलिदान पर प्रकाश डालते हुए ने राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता एवं शिक्षाविद लक्ष्मण गौड़ , कार्यक्रम अध्यक्ष शिक्षाविद विजेंद्र सिंह और निदेशक सावित्री यादव ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, वह हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। आज के इस अवसर पर हमें समाज को नशामुक्त बनाने और युवाओं को सही दिशा देने का संकल्प लेना चाहिए।* उन्होंने कहा कि फिट और स्वस्थ भारत ही मजबूत भारत का निर्माण कर सकता है। भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का त्याग और बलिदान को देश कभी भूला नहीं सकता। देश को आज एकता के सूत्र में बांधने व नशे जैसी बुराई से दूर रखने की जरूरत है। जिसके लिए युवा पीढ़ी आगे आएं। आज के युवा देश की ताकत हैं। यदि वे एकजुट होकर समाज में बुराइयों जैसे नशे को खत्म करने का बीड़ा उठाएं, तो भारत फिर से विश्वगुरु बन सकता है। सरदार पटेल की जयंती हमें एकता, साहस और सेवा का संदेश देती है। भारद्वाज ने कहा कि पटेल जी ने टुकड़ों में बंटे भारत को एक करने का काम किया। इस अवसर पर सैकड़ो विद्यार्थियों व शिक्षकों ने संकल्प लिया।

## उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल ने राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में "रन फॉर यूनिटी" का किया आयोजन : परमजीत सिंह सैनी



**समाज जागरण**

जैतो,: फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक परमजीत सिंह सैनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि फिरोजपुर मंडल ने भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आज "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर, मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने रेलवे स्टेडियम, फिरोजपुर में अधिकारियों, कर्मचारियों और रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को "एकता शपथ" दिलाई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री नितिन गर्ग एवं वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार की अगुआई में अधिकारियों, कर्मचारियों और रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने "रन फॉर यूनिटी" में उत्साहपूर्वक भाग लिया। "रन फॉर यूनिटी" में लगभग 100 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों और रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने रेलवे स्टेडियम, फिरोजपुर में दौड़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रकाश पर्व मनाने के लिए 4 नवंबर को जत्था पाकिस्तान भेजेगी

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी कार्यालय में श्रद्धालुओं को वीजा और पासपोर्ट वितरित किए गए



**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, : पाकिस्तान के गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को मनाने के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा भेजे जाने वाले जत्थे के लिए 1796 श्रद्धालुओं को वीजा मिल गया है। यह जत्था 4 नवंबर को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य कार्यालय से पाकिस्तान भेजा जाएगा, जिसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. इस बीच, श्रद्धालुओं को आज शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति कार्यालय से उनके वीजा-युक्त पासपोर्ट प्राप्त हुए। पासपोर्ट वितरित करने के अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव स. प्रताप सिंह ने बताया कि 1802 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग को भेजे गए थे, जिनमें से दूतावास ने 1796 श्रद्धालुओं को वीजा जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि दूतावास ने 6 श्रद्धालुओं को वीजा नहीं दिया। सचिव स. प्रताप सिंह ने बताया कि जत्थे का नेतृत्व शिरोमणि कमेटी सदस्य बीबी गुरिंदर कौर कर रही हैं, जबकि जत्थे के उप नेता सदस्य स. गुरमीत सिंह बूह जाएंगे। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के अधीक्षक स. निशान सिंह, यात्रा इंचार्ज स. पलविंदर सिंह, पूर्व उप सचिव स. राम सिंह भिंडर भी मौजूद थे।

## पंजाब हरियाणा के सीमावर्ती गांव के युवाओं को नशे से दूर रखने को एचएमईएल की पहल, 29 गांव में खुलवाए जिम

अब 500 से ज्यादा युवा सेहत के लिए जिम में बहाते है पसीना, बंगी रूघु व बंगी दीपा कम्युनिटी कंटरीब्यूशन की बना मिसाल, युवाओं ने निजी बचत से लाखों रुपए जुटाकर बनवाए कमरे, रिफाइनरी ने मुहैया करवाए जिम




**दैनिक समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया): सीमावर्ती गांव को नशे की दलदल से निकलाने व युवाओं को एक नई दिशा देने के लिए एचएमईएल की तरफ से शुरू किए गए प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। युवाओं की सेहत को मुख्य रखकर पंजाब हरियाणा के करीब 29 सीमावर्ती गांव में खोले गए जिम अब युवाओं को नशे से दूर कर सेहत की तरफ कदम बढाने के लिए आकर्षित कर रहे हैं, जिससे गुरू गोबिंद सिंह रिफाइनरी के आसपास के गांव के करीब 500 से ज्यादा युवा अब सेहत के लिए जिम में पसीना बहाते देखे जा सकते हैं। यह प्रयास इन गांव की ग्राम पंचायतों व युवाओं के सहयोग से एचएमईएल की तरफ से खोले गए अत्याधुनिक जिम से संभव हो पाया है। यह प्रयास न केवल सेहत बल्कि कम्युनिटी कंटरीब्यूशन व आपसी भाईचारे को बढावा देकर गांव से नशे के प्रभाव को खत्म करने में भी कारगर साबित हो रहा है। खास बात यह है कि अब इसमें वह युवा जो पुलिस व सेना में जाने के लिए अपने आपको तैयार कर रहे हैं उन्हें भी इससे जुडकर फायदा हो रहा है। कम्युनिटी कंटरीब्यूशन की मिसाल बने कई गांव, युवाओं ने निजी बचत से तैयार कवराए कमरे, एचएमईएल ने दिए जिम गांव के युवाओं को नशे से दूर कर सेहत की तरफ आकर्षित करने की इस पहल ने यहां एक नई दिशा दी है, वहीं कम्युनिटी कंटरीब्यूशन को भी बढावा दिया है। कई गांव तो इसकी सफल उदाहरण बनकर उभरे हैं। इन्हीं में से एक गांव है बंगी रूघु यहां के युवा नेतृत्व की अनोखी पहल इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। बंगी रूघु गांव के युवाओं ने कम्युनिटी कंटरीब्यूशन के जरिए व्यक्तिगत बचत से करीब 4 लाख रुपए जुटाकर गांव में एक जिम रूम का नवीनीकरण करवाया। गांव के युवा हरदीप सिंह ने बताया कि युवाओं ने स्वयं 46 दिन लेवर कर इस जिमखाने के लिए कमरे को तैयार किया। इस परियोजना के लिए काफी प्रयास और संसाधनों की आवश्यकता थी। युवाओं ने सामूहिक योगदान के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता और टीम भावना स्पष्ट की। इसके बाद एचएमईएल ने उन्हें एक अत्याधुनिक जिम का सामान मुहैया करवाया। अब गांव के युवा यहां रेगुलर जिम करते हैं, जिनमें से कई तो सेना व पुलिस के लिए स्वयं को तैयार कर रहे हैं।

गांव बंगी दीपा के सरपंच पति गोपाल सिंह बताते हैं कि उनके गांव में पहले कुछ युवा नशे की लत में लग पडे थे, मगर पंचायत ने गांव वासियों व गांव के कुछ एनआरआई की मदद से गांव में ही जिम खोलने का निर्णय लिया। इसके लिए एचएमईएल रिफाइनरी प्रबंधन ने मदद की। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों, पंचायत व एनआरआई की मदद से करीब 14 लाख रुपए जुटाकर गांव में जिम की इमारत का निर्माण करवाया गया। इसके बाद एचएमईएल ने यहां अत्धुनिक जिम प्रदान किया। अब उनके गांव के जो युवा नशे की तरफ चले गए थे वह भी लौटने लगे हैं व जिम में जाकर अपनी सेहत बनाने लगे हैं। उन्होंने बताया कि गांव के 10 से 12 युवा तो सेना व पुलिस में जाने के लिए तैयारी कर रहे हैं जिन्हें जिम से लाभ हो रहा है। इसी तरह गांव मलकाना मे तो गांव के कई सैनिक युवा भी इस प्रयास से जुड गए हैं व इसे निरंतर जारी करने के लिए मदद कर रहे हैं। ग्रामीण युवाओं की सेहत के लिए किए गए इस संयुक्त प्रयास से कम्युनिटी कंटरीब्यूशन के साथ एक भाईचारे का माहौल भी डेवल्प हो रहा है, जिससे गांव के युवाओं को एक नई दिशा मिली है। हरियाणा सीमा से सटे गांव तिगडी में यहां की ग्राम पंचायत ने पंचायत भवन में जिम के लिए जगह मुहैया करवाई। गांव के सरपंच पुष्पिंद्र सिंह ने बताया कि एचएमईएल के जिम खुलने के गांव युवाओं में एक सकारात्मक माहौल दिखने लगा है। इससे युवा अपना खाली समय व्यर्थ गवाने की बजाए उसे अपनी सेहत में लगा रहे हैं। सीमावर्ती गांव में जिम खुलने से नशे के प्रभाव को भी खत्म करने में मिल रही मदद एचएमईएल ने गुरू गोबिंद सिंह रिफाइनरी के आसपास स्थित पंजाब व हरियाणा के सीमावर्ती गांव में स्वस्थ्य जीवनशैली को बढावा देने के लिए जिम खोलने की पहल कुछ महीने पहले शुरू की थी। अब तक गांव तिगडी, हस्सू, मलकाना, तरखान वाला,
रामसरा, देसु मलकाना, चट्ठा, खोखर, असीर, नौरंग, पक्का खुर्द, लहरी, नथेहा, बंगी निहाल सिंह, बहमन जस्सा सिंह , चक्क रूलदू सिंह, सुखलद्दी, कलालवाला, बंगी रूघु, बंगी दीपा, बंगी कलां समेत करीब 29 गांव में जिम खोले जा चुके हैं। इससे पहले इन गांव के युवा रामां या कालांवाली जिम के लिए जाते थे, जिससे उन्हें कई किलोमीटर दूरी तय करनी पडती थी। मगर अब उनके गांव में ही उन्हें अत्याधुनिक जिम खोलकर दिए गए हैं। इन जिम का संचालन गांव के यूथ क्लबों की तरफ स ग्राम पंचायतों के सहयोग से किया जा रहा है। इससे गांव में नशे की प्रवृति को कम करने में भी मदद मिल रही है।

# 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य शुभारम्भ

निरंकार से जुड़कर ही हो पायेगा आत्ममंथन - निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

जैतो, :- आत्ममंथन एक भीतर की यात्रा है। इसे केवल चंचल मन और बुद्धि के स्तर पर नहीं तय किया जा सकता। इसके लिए अपने अंदर आध्यात्मिक रूप में मंथन करने की जरूरत है। यह उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 31 अक्तूबर से 3 नवंबर तक चलने वाले 78वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के पहले दिन मानवता के नाम अपना पावन संदेश देते हुए व्यक्त किए। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में आयोजित इस चार-दिवसीय संत समागम में पूरे भारतवर्ष एवं विदेशों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर समागम का भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे हैं।सतगुरु माता जी ने आगे कहा कि हर मानव के अंदर और बाहर एक सत्य निवास करता है, जो स्थिर और शाश्वत है। इसी सत्य को पहले जानना होगा। जब मनुष्य को हर किसी के अंदर इस सत्य का दर्शन होगा तो फिर उसके मन में सबके प्रति प्रेम का भाव उत्पन्न होगा। वास्तव में परमात्मा ने मनुष्य को इस तरह ही बनाया है जिससे उसके मन में प्रेम भाव की प्राथमिकता हो, लेकिन अज्ञानता के कारण मनुष्य एक-दूसरे से नफरत करने के कारण ढूंढ लेता है।अंत में



सतगुरु माता जी ने पूरे संसार के लिए यही शुभ कामना की कि मनुष्य मानवता की राह पर चले, अंदर से खुद का सुधार करते चले जाएं ताकि सुधार का दायरा बढ़ते हुए पुरे संसार में सुधार हो सके जिससे संसार में अमन एवं भाईचारे का वातावरण स्थापित हो सके।इससे पूर्व समागम स्थल पर आगमन होते ही सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का स्वागत संत निरंकारी मण्डल के प्रधान श्रीमती राजकुमारी जी ने फूलों की माला पहनाकर और मण्डल की सचिव डाक्टर प्रवीण खुल्लर जी ने फूलों का गुलदस्ता भेंट करके किया जबकि आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी का स्वागत संत निरंकारी मण्डल के सिनियर एक्जिक्युटिव मेंबर अशोक मनचंदा जी ने फूलों की माला पहनाकर और विदेश विभाग के मेंबर इंचार्ज श्री विनोद वोहरा जी ने फूलों का गुलदस्ता भेंट करके किया। तदोपरान्त इस दिव्य युगल को एक फूलों से सुसज्जित खुली पालकी में विराजमान कर एक भव्य शोभा यात्रा के रूप में समागम पंडाल के मध्य से मुख्य मंच तक ले जाया गया।यहां पहुंचते ही सतगुरु माता जी एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता जी का स्वागत निरंकारी इंस्टिटुयट ऑफ म्यूजिक एण्ड आर्टस (एनआईएमए) के 2500 से भी अधिक छात्रों ने भरत नाट्यम एवं स्वागती गीत द्वारा किया। दिव्य युगल का सान्निध्य पाकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों की नयनों से आनंद की धाराएं बह रही थी। दिव्य युगल भी इन भक्तों को अपना पावन आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे। दिव्यता का यह अनुपम नजारा प्रेमा भक्ति की अनुभूति से सराबोर था। विभिन्न संस्कृतियों के भक्त अपनी जाति, धर्म, भाषा को भुलाकर केवल प्रेमाभक्ति में सराबोर थे।

## असम से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन गुरुद्वारा गुरुसर साहिब हंडिया से तख्त श्री दमदमा साहिब के लिए रवाना

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ पंजाब)**



जैतो, : नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा असम के गुरुद्वारा धोबडी साहिब से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन आज गुरुद्वारा गुरुसर साहिब पातशाही नौवी हंडया से अपने अगले पड़ाव तख्त श्री दमदमा साहिब तलवंडी साबो के लिए रवाना हुआ। प्रस्थान के समय शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी टेक सिंह सहित शिरोमणि कमेटी के सदस्य और अन्य प्रमुख हस्तियां मौजूद थीं। नगर कीर्तन रवाना होने से पहले श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी जत्थे ने गुरुद्वारा साहिब में सजाए गए धार्मिक हॉल में गुरबाणी कीर्तन किया और सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी केवल सिंह ने संगत के साथ गुरमत विचार साझा किए। नगर कीर्तन रवाना होने के अवसर पर पहुंचे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत को समर्पित गुरु साहिब से संबंधित पवित्र स्थान गुरुद्वारा धोबड़ी साहिब, असम से सजाए गए नगर कीर्तन के प्रति संगत का उत्साह गुरु के प्रति श्रद्धा का प्रकटीकरण है। उन्होंने कहा कि लगभग ढाई महीने पहले शुरू हुए इस ऐतिहासिक नगर कीर्तन के प्रति संगत की श्रद्धा दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। नगर कीर्तन में देश के 23 राज्यों से बड़ी संख्या में सिखों के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोगों ने नौवें गुरु जी की शहादत को नमन किया। इस अवसर पर एडवोकेट धामी ने श्रद्धालुओं से 21 नवंबर से 29 नवंबर 2025 तक श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले शताब्दी समारोह में भाग लेने की भी अपील की। नगर कीर्तन में एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी टेक सिंह, अंतरिम समिति के सदस्य जत्थेदार परमजीत सिंह खालसा, सदस्य बाबा बलबीर सिंह घुन्नस, बाबा बूटा सिंह गुरथरी, जत्थेदार शामिल हुए। इस अवसर पर बलदेव सिंह चुंघा, शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार दरबारा सिंह गुरु, शिरोमणि अकाली दल के बरनाला के हलका प्रभारी प्रीतपाल सिंह, प्रभारी बलजीत सिंह, उप प्रबंधक कुलवंत सिंह, प्रभारी भोला सिंह, मुख्य उपदेशक भाई सरबजीत सिंह ढोटियां, प्रबंधक नरिंदरजीत सिंह, सुरजीत सिंह, निर्मल सिंह, हरभगवान सिंह, तरसेम सिंह, जगदेव सिंह और अमरीक सिंह सहित संगत उपस्थित थी।

## रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष व सीईओ सतीश कुमार ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो)**



जैतो,:राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सतीश कुमार ने आज रेल भवन में रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी प्रतिभागियों ने निष्ठापूर्वक शपथ ग्रहण किया कि, ‟मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने के लिए समर्पित रहूंगा तथा अपने साथी देशवासियों के बीच इस संदेश को फैलाने की हर संभव कोशिश करूंगा। मैं अपने देश की एकता की भावना से यह शपथ लेता हूं, जो सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों से संभव हुआ। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईमानदारी से योगदान देने का भी संकल्प लेता हूं।‟राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में रेल भवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सतीश कुमार जी ने रेल कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।इस अवसर पर श्री हितेन्द्र मल्होत्रा, रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास), डॉ. जगदीश चन्द्र, रेलवे स्वास्थ्य सेवा महा निदेशक, सुश्री अरुणा नायर, रेलवे बोर्ड की सचिव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित हुए।

राष्ट्रीय एकता दिवस को पूरे देश में मनाने के लिए भारतीय रेलवे के विभिन्न कार्यालयों एवं परिसरों में रेलवे कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

## राज्य मंत्री के स्कॉर्ट वाहन विवाद से जुड़े मुख्य आरोपी गिरफ्तार, स्विफ्ट डिजायर कार बरामद

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना चोपन पुलिस ने राज्य मंत्री संजीव गौड़ के स्कॉर्ट वाहन से जुड़े विवाद पर त्वरित और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त अंकित मिश्र पुत्र ओंकार नाथ मिश्र निवासी धनौरा थाना दुद्धी, उम्र लगभग 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। घटना के समय हुए झगड़े की शिनाख्त और तत्कालीन छानबीन के बाद थाना चोपन पर मु0अ0सं0-393/2025 धारा 281, 126(2), 352, 351(3), 131, 109 (1) बी.एन.एस. व 7 CLA ACT के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई है।

साथ ही अभी भी तलाश में चल रहे अन्य वांछित अभियुक्तों में शुभम सोनी पुत्र भगवानदास सोनी एवं पंकज अग्रहरी पुत्र ओमप्रकाश अग्रहरी, दोनों निवासी कस्बा दुद्धी, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र शामिल हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी एवं समन्वित अभियान जारी है। इस कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह, उपनिरीक्षक शिवानन्द राय तथा हे0का0 अजय सिंह यादव की टीम ने निर्णायक भूमिका निभायी।

# एसएसबी और पुलिस टीम ने दो यूरिया तस्करों को किया गिरफ्तार

तस्करों को यूरिया विक्रय करने वालों पर नहीं होती कार्रवाई : सूत्र।

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर । जिस यूरिया खाद के लिए काफी समय से किसान हैरान परेशान हैं,घंटों लाइन में लगने के बावजूद भी यूरिया खाद मिल पाना मुश्किल होता है,वही यूरिया खाद भारी मात्रा में तस्करों को बड़ी ही आसानी से उपलब्ध हो जाता है,जो कि बहुत ही अफसोस की बात है,और यह बात सार्वजनिक तब हो पाता है,जब यूरिया खाद के साथ तस्कर पकड़े जाते हैं,लेकिन सबसे आश्चर्य की बात यह है कि यूरिया तस्करों पर तो कार्यवाही होती है,लेकिन जो शातिर लोग तस्करों के हाथों यूरिया खाद का विक्रय करते हैं उन पर कार्रवाई नहीं होती,शायद इसी वजह से यूरिया खाद की तस्करी पर प्रतिबंध कत्तई नहीं लग पा रहा है,तस्करों के हाथों खाद विक्रय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई न होने का एक और परिणाम तब सार्वजनिक हुआ जब विगत दिन भारत- नेपाल सीमा पर तस्करी विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है,सशस्त्र सीमा बल की 50 वीं वाहिनी और पुलिस की एक संयुक्त टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुऐ 110 बोरी यूरिया खादे की तस्करी के आरोप में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है,बरामद यूरिया को नेपाल ले जाया जा रहा था,एसएसबी के अनुसार, मुखबिर से मिली सटीक सूचना के बावत देबरुआ से तुलसीयापुर मार्ग पर संयुक्त टीम ने घेराबंदी की,एक संदिग्ध बोलेरो पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली गई,पिकअप वाहन में लदी 110 बोरी यूरियो जब्त की गई,अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लाखों रुपए आँकी जा रही है। साथ ही, तस्करी में इस्तेमाल किए गऐ दो बोलेरो पिकअप वाहन को भी कब्जे में लिया गया है,

वाहन चालके, अब्दुल, खालिक पुत्र अमीन निवासी मदरहिया पोस्ट औदही कला, थाना देबरुआ, और उसके साथी मनीष मौर्य पुत्र मनोज मौर्य, निवासी ग्राम मदरहिया पोस्ट औदही कला, थाना देबरुआ को गिरफ्तार किया गया,आरोपियों को हिरासत में लेकरे थाना देबरुआ पुलिसे को सुपुर्द कर दिया गया है। वैद्य कागजात प्रस्तुत न करने पर टीम ने यूरिया की पूरी खेप जब्त कर ली है, कार्रवाई में एसएसबी 50 वीं वाहिनी

से समावय उप निरीक्षके चुरामणि, विक्रम सिंह, सूरज सिंह, मूलायम सिंह, कृष्णा कुमार यादवे औरे जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल, रविंद्र नाथ पांडे, यूपी पुलिस के राजकिशोर यादव और जितेंद्र राजभरे शामिल रहे।

फिलहाल यूरिया खाद की तस्करी को लेकर एसएसबी जवान और पुलिस टीम पूरी तरह से मुश्तैद हैं।

# हम सभी आदर्श थे लौह पुरुष सरदार पटेल जी: डॉ सुनील पटेल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के महान प्रतिपालक , भारत रत्न से सम्मानित , महान स्वतंत्रता सेनानी , लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के 150वीं जयंती पर मलदहिया पटेल चौराहा स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल जी के विरासत का सम्मान करने के लिए , भारत में एकता और अखंडता को बढ़ावा देने , लोगों में एकता भाईचारे और राष्ट्रीय एकता के भावना को प्रोत्साहित कर राष्ट्रीय एकता दिवस की उपस्थित कार्यताओं को संबोधित किया ।जयंती समारोह में राजेंद्र पटेल ,श्याम नारायण सिंह पटेल , डॉ नरेंद्र पटेल ,राकेश यादव , आनंद पटेल , वीरेंद्र वर्मा , दिव्यांशु सिंह पटेल , डॉक्टर उमेश पटेल ,धीरेंद्र सिंह सोनू , अनीता पटेल रीना वर्मा , राहुल पटेल , शमशेर पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# एक भारत श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार थे सरदार पटेल:बीडीओ राजेश कुमार सिंह

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर शुक्रवार को विकास खंड सेवापुरी वाराणसी परिसर में धूम धाम से मनाया गया ।सरदार जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि देश के पहले गृह मंत्री वल्लभ भाई पटेल ने 562 रियासतों के एकीकरण का ऐतिहासिक कार्य किया। इस उपलब्धि के लिए देश उनको हमेशा याद करेगा। गुजरात प्रांत के नाडियाड में 31 अक्टूबर 1875 को जन्मे वल्लभ भाई को अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध उनके द्वारा बारडोली सत्याग्रह का सफल नेतृत्व करने पर वहां के किसानों ने उन्होंने सरदार की उपाधि से सम्मानित किया था ।इससे पूर्व पटेल की प्रतिमा का माल्यार्पण कर सभी ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया ।जयंती समारोह कार्यक्रम में एडीओ पंचायत श्याम सुन्दर,एडीओ कृषि,क्षेत्रीय ग्राम प्रधान,शीतला प्रसाद ,सफाई कर्मचारियों संग परिसर के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती मनाई गई

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। प्राथमिक विद्यालय रामेश्वर प्रथम में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल प्रभात फेरी के आयोजन से हुआ, जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकगण सम्मिलित हुए। प्रभात फेरी के पश्चात प्रातःकालीन सभा में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सतेंद्र नारायण त्रिपाठी द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई ।इसके उपरांत सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक संक्षिप्त परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। शिक्षकों ने भी बच्चों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय एवं राष्ट्रीय एकता के नारों के साथ हुआ ।कार्यक्रम में शिक्षक सहित बृजेश मौर्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।उधर जन कवि धूमिल के गांव खेवली में पर्यावरण प्रेमी मनीष पटेल के नेतृत्व में लौह पुरुष की जयंती धूम धाम से मनाई गई ।कार्यक्रम में ड्रॉ अशोक कुमार पटेल,राजीव कुमार,पवन,अमन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# बेमौसम बारिश से किसानों का फसल चौपट, ठंड बढ़ी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। बीते दो दिनों से जारी बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में पककर तैयार धान की फसल कटाई के इंतजार में थी तो कुछ कटकर खेत में। पड़ी थी लेकिन अचानक हुई बारिश से खेतों में पानी भर गया जिससे फसल गिरने और दाने के काले पड़ने की आशंका बढ़ गई है। वहीं विवाह समारोहों में सजावट के लिए तैयार गेंदे के फूल की खेती करने वाले किसानों को भी भारी नुकसान हुआ है। तेज बारिश और नमी से फूल झुलस गए हैं जिससे बाजार में उनकी मांग और कीमत दोनों पर असर पड़ने लगा है।क्षेत्र के बरेमा रामेश्वर हिरमपुर जग्गपट्टी खेवली रसूलपुर लोकापुर जंसा के आदित्य तिवारी,संतोष,गुलजार, खुदबुद राम, सोमारू,सीताराम मौर्य,राहुल तिवारी,कैलाश यादव, रामकिशोर,सूर्यबली यादव, पप्पू दुबे सहित अन्य किसानों ने बताया कि पहले ही लागत बढ़ने से खेती घाटे का सौदा बन गई है अब बारिश ने रही-सही उम्मीद भी खत्म कर दी। खेतों में खड़ी सब्जियों और अन्य रबी फसलों की बुवाई भी प्रभावित हुई है। कृषि विभाग के अधिकारी नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं और किसानों से मौसम साफ होने तक खेतों में जल निकासी और फसलों की निगरानी बनाए रखने की अपील की है।



# कृषि मंत्री ने एफ पी ओ उत्पाद को सराहा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। एफपीओ समागम नई दिल्ली भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित 2 दिवसीय कार्यक्रम में बनारस से एफ पी ओ 'वाराणसी वेजिटेबल एंड फ्रूट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड' को शिरकत करने का अवसर मिला ।अपने उत्पाद की प्रदर्शनी लगाने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अपने एफपीओ द्वारा उत्पादित सभी प्रकार के खाद्य तेल मिलेट्स ज्वार बाजरा रागी मक्का एवं अन्य उत्पाद के साथ ही साथ बनारसी पान और लाल पेडा को भी दशार्या गया। मंत्री कृषि एवं किसान कल्याण शिवराज सिंह चौहान द्वारा अपने एफ पी ओ उत्पाद की सराहना की गई। इस अवसर पर बनारस से ब्रजेश तिवारी और अरविंद कुमार पटेल की भागीदारी रही।



# गंगा महोत्सव और देव दीपावली में विश्व को आकर्षित करेगी काशी की दिव्यता और भव्यता : सीएम योगी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां काशी नाटकोट्टई नगर क्षेत्रम में निर्मित धर्मशाला के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्ण भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'वनक्कम काशी' से अपने संबोधन को शुरू करते हुए कहा कि काशी में गंगा नदी से लेकर तमिलनाडु की कावेरी नदी तक हमारी साझी परंपरा ये याद दिलाती है कि भाषाएं भले ही अलग हों, भारत की आत्मा एक ही है जो शाश्वत समावेशी और अटूट है।

**काशी और तमिलनाडु के बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंध**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारे लिए सुखद संयोग है कि यूपी की इस यात्रा में उपराष्ट्रपति बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में पधारे हैं। श्रीकाशी नाटकोट्टई नगर क्षेत्रम मैनेजिंग सोसाइटी द्वारा निर्मित धर्मशाला का उद्घाटन उपराष्ट्रपति द्वारा हुआ है। यह श्रद्धालुओं को रहने की सुविधा उपलब्ध कराएगी साथ ही काशी और तमिलनाडु के प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करेगी।

**विश्वेश्वर और रामेश्वर एक दूसरे के रूप में पूजित**

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम द्वारा रामेश्वरम धाम में स्थापित पावन ज्योतिर्लिंग और काशी में विराजमान भगवान आदि विश्वेवश्वर ज्योतिर्लिंग, यह एक-दूसरे के रूप में पूजित हैं। काशी विश्वनाथ और रामेश्वरम दोनों भगवान शिव के दिव्य स्वरूप हैं। यह उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकात्मता का सुंदर सार भी प्रस्तुत करता है। भगवान श्रीराम और भगवान शिव के माध्यम से निर्मित इस संबंध सेतु को आदि शंकराचार्य ने भारत के चारों कोनों में पवित्र पीठ की स्थापना कर आगे बढ़ाया। आदि शंकर ने काशी में आकर ज्ञान प्राप्त किया और संपूर्ण भारत को अद्वैत दर्शन का संदेश दिया। काशी ने उन्हे आत्मज्ञान दिया और उन्होंने आत्मबोध दिया। यह परंपरा हमें संतुलन और विवेक का संदेश देती है।

**तमिलनाडु की तेनकाशी है दक्षिण की काशी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि आदिकाल से चली आ रही इस शाश्वत परंपरा को आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गति प्रदान कर रहे हैं। उनके यशस्वी नेतृत्व में देश की गौरवशाली आस्था के प्रति सम्मान के पुनर्स्थापना का कार्य आगे बढ़ रहा है। तमिलनाडु की तेनकाशी में भगवान विश्वनाथ का प्राचीन मंदिर है। तेनकाशी का अर्थ है दक्षिण की काशी। पांड्य देश के सम्राट श्रीहरि केशरी परिकराम पांडयन ने काशी से ज्योतिर्लिंग लाकर तेनकाशी में स्थापना की। तमिलनाडु में शिवकाशी नामक एक पवित्र स्थान भी है।

**संस्कृत और तमिल में संस्कृति के सभी तत्व समान रूप से संरक्षित**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि काशी और तमिलनाडु में भारतीय संस्कृति के सभी तत्व समान रूप से संरक्षित हैं। भारत में संस्कृत भाषा और तमिल साहित्य सबसे प्राचीनतम साहित्य हैं। समस्त भारतीय भाषाएं और उनके साहित्य सभी को अपने में समाहित करते हैं। समावेशी सांस्कृतिक प्रेरणा का ये स्रोत समाज में सद्भाव और समरसता बनाये हुए हैं।

**अयोध्या धाम में तमिल संतों के नाम पर हैं चारों प्रमुख द्वार**



सीएम योगी ने कहा कि भगवान श्रीराम की भक्ति के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले दक्षिण भारत के पूज्य संतों में श्री त्यागराज स्वामी, श्री पुरंदरदास स्वामी तथा श्री अरुणाचल कवि की अभी इसी माह प्रतिमा की स्थापना केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के साथ हमने अयोध्या धाम में स्थापित की है। इससे पूर्व विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक संत रामानुजाचार्य की प्रतिमा की स्थापना भी अयोध्या में हुई है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण करते हुए चार प्रमुख द्वारों के नामकरण जगद्गुरू शंकराचार्य, जगद्गुरू रामानुजाचार्य, जगद्गुरू रामानंदाचार्य और जगद्गुरू माधवाचार्य के नाम पर अयोध्या में किया गया है।

**काशी की आत्मा सनातन और आत्मीयता वैश्विक**

योगी आदित्यनाथ ने बताया कि काशी की आत्मा सनातन और आत्मीयता वैश्विक है। प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में काशी आज समग्र विकास के नये प्रतिमान को स्थापित कर रही है। जिसमें काशी की पुरातनता के साथ-साथ आधुनिकता का संगम है। काशी के समीप सारनाथ में भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया। गुरु नानक जी ने काशी आकर मानवता का संदेश दिया। गोस्वामी तुलसीदास ने यही पर रामचरित मानस की रचना कर भक्ति की धारा को प्रवाहित किया। संत गुरु कबीरदास और संत गुरू रविदास ने समाज को समरसता और मानवता का अमूल्य संदेश इसी पावन धरा से दिया।

**काशी में अब भक्ति के साथ साथ विकास भी**

सीएम योगी ने कहा कि काशी में अब भक्ति के साथ साथ विकास भी है। यह संतुलन इस पावन नगरी की विशेषता है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम इसका एक जीवंत उदाहरण है। इसने न केवल मंदिर क्षेत्र का कायाकल्प किया बल्कि श्रद्धा को आधुनिक सुविधा से जोड़कर एक नई सांस्कृतिक दृष्टि दी है। इसके लोकार्पण के बाद देश और दुनिया से काशी आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृदधि हुई है। इसमें तमिलनाडु और दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक है।

**काशी में 16 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं विभिन्न स्टेज में**

मुख्यमंत्री ने बताया कि विगत वर्षों में काशी में 51 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। जिसमें से 34 हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण प्रधानमंत्री के कर कमलों से संपन्न हो चुकी हैं और 16 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं विभिन्न स्टेज में चल रही हैं। आज रोड, रेल, एयर और जल मार्ग की बेहतरीन कनेक्टिविटी यहां के जीवन को सरल बना रही है। बहुत शीघ्र काशी वासियों को प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से अर्बन रोपवे की सौगात मिलने वाली है। यह पर्यावरण अनुकूल होने के साथ सार्वजनिक परिवहन को नई दिशा देगी।

**कुछ लोगों ने यहां कब्जा करने का किया था प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का ये समारोह पवित्र कार्तिक मास में आयोजित होने वाला महत्वपूर्ण समारोह है। जिस धर्मशाला का यहां अभी उद्घाटन हुआ है, इस स्थान पर दो सौ साल पहले श्रीकाशी नट्टकोट्टई नगर क्षेत्रम मैनेजमेंट सोसाइटी द्वारा इस पूरे क्षेत्र को भगवान विश्वनाथ की पूजा अर्चना की दृष्टि से यहां बनाया गया था। लेकिन, बीच के कालखंड में कुछ लोगों ने यहां अतिक्रमण करके जबरन कब्जा करने का प्रयास किया था। इसकी जानकारी जैसे ही मुझे मिली, हमने पूरे अतिक्रमण को समाप्त कराया।

**निवेश का सबसे उत्तम गंतव्य स्थल है यूपी**

सीएम योगी ने बताया कि जो सोसाइटी दो सौ साल से भगवान विश्वनाथ की पूजा अराधना में स्वयं को समर्पित करता है, आज उसने देश और दुनिया में तमिल समुदाय के लोगों के लिए यहां धर्मशाला का निर्माण किया है। इसकी आधारशिला वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी ने रखी थी। आज इसके उद्घाटन समारोह में तमिलनाडु और दुनियाभर से अतिथि और इन्वेस्टर्स आए हैं। मैं कहना चाहता हूं कि दुनिया में सबसे अच्छा इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन भारत है और भारत में भी यूपी निवेश का सबसे उत्तम गंतव्य है।

**देव दीपावली में काशी की भव्यता और दिव्यता का करें अवलोकन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये समारोह ऐसे अवसर पर हो रहा है जब कल से काशी में गंगा महोत्सव का पावन आयोजन भी है। एक से चार नवंबर तक, यानी देवोत्थान एकादशी से कार्तिक चतुर्दशी तक गंगा महोत्सव और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पांच नवंबर को देव दीपावली का भव्य आयोजन काशी में होने जा रहा है। आप तमिलनाडु और यूएसए सहित तमाम देशों से यहां उपस्थित हुए हैं। मैं आपसे इस बारे में अनुरोध करूंगा कि गंगा महोत्सव और देव दीपावली में काशी की भव्यता और दिव्यता का अवलोकन करें। आपको अत्यंत आनंद की अनुभूति होगी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नये भारत की नई काशी आपको और भी आकर्षित करेगी।

इस अवसर पर तमिलनाडु सरकार के मंत्री एस रघुपति, यूपी सरकार में मंत्री रविन्द्र जायसवाल, श्रीकाशी नाटकोट्टई के अध्यक्ष एल नारायणन, अभिरामी रामानाथन, एमई एमआर मुथाई, एस कदिरेसन, डॉ सोलार नचित्तन, डॉ नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# एक भारत ,श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार लौह पुरुष भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी अखंड भारत के शिल्पी राष्ट्रीय एकता के प्रतीक भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर विकास खण्ड हरहुआ वाराणसी के परिसर में स्थापित लौह पुरुष की प्रतिमा पर विकास खंड अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रधानगण के साथ माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

बीडीओ बद्री प्रसाद वर्मा ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के प्रणेता सरदार बल्लभ भाई पटेल ने सदैव संघर्ष कर अमर हो गए। जिनको राष्ट्रीय एकता दिवस पर नमन करते हुए देश के प्रति समर्पण जाग उठा है।



ग्राम प्रधान संघ के जिला महामंत्री एवं चक्का प्रधान मधुवन यादव ने कहा कि पटेल जी का व्यक्तित्व व कृतित्व देश समाज सहित हर वर्ग में योगदान से भरा हुआ है इनके आदर्शों को अपनाने की आज जरूरत है।

ब्लाक परिसर में आयोजित जयंती समारोह में प्रमुख रूप से एडीओ आइएसबी रविप्रकाश सिंह,एडीओ पंचायत रवि सिंह,प्रधान मुर्दहा रविन्द्र यादव,प्रधान मोहनपुर संजय सिंह पटेल,प्रधान बेरवा आशीष राजभर, प्रधान प्रतिनिधि भटौली राजनारायण पटेल ,भगत यादव सहित अन्य प्रधानों ने पुष्प अर्पित करते हुए अपना विचार व्यक्त किया।

# मीराबन में लोजपा पार्टी कार्यालय का शुभारंभ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। आराजी लाइन विकासखंड के मीराबन( बेलौड़ी) शुक्रवार को लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के कार्यालय का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष छोटे लाल पासवान एवं प्रदेश महासचिव आशुतोष सिंह गहरवार एवं ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।



इस मौके पर उन्होंने कहा कि पार्टी का यह कार्यालय कार्यकताओं और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का केंद्र बनेगा। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वर्गीय रामविलास पासवान के योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। वही इस मौके पर उन्होंने बताया कि आराजी लाइन सेक्टर नम्बर 07के पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी आशीष कुमार पटेल को बनाया गया है। कार्यालय उद्घाटन के बाद लोजपा कार्यकताओं ने एकता और सेवा के संकल्प के साथ जनसमस्याओं को उठाने का निर्णय लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से मोती लाल पटेल ,मेवा लाल,सेवा लाल गुलाब पटेल,बुद्ध राम प्रजापति, लालू गुप्ता,लाला पटेल,आशु सिंह, सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल स्मृति द्वार का विधायक अजगरा ने लोकार्पण कर, दिया सन्देश

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी ।अजगरा विधान सभा क्षेत्र के अहरक ग्राम,सातो महुआ को जाने वाले मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ के किनारे निर्मित सरदार बल्लभ भाई पटेल स्मृति द्वार का लोकार्पण आज शुक्रवार को अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने किया।

उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता के प्रतीक,आधुनिक भारत के शिल्पकार एवम महान स्वतंत्रता सेनानी ,प्रथम गृह व उप प्रधानमंत्री ,राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, एक भारत श्रेष्ठ भारत के प्रणेता ,भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल ने भारत की एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी ।अमर कीर्ति को सदैव याद रखने के लिए स्मृति द्वार का निर्माण कराकर देश को समर्पित किया गया ताकि उनके कृतित्व व व्यक्तित्व को याद करता रहे ।उक्त द्वार का निर्माण विधायक निधि 2024-25 से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराया गया।



विधायक टी0 राम व साथ आये अतिथियों का स्थानीय जनप्रतिनिधि व भाजपा हरहुआ मण्डल की ओर से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

पटेल जी के 150 वी जयंती पर 'रन फार यूनिटी' में कार्यकताओं संग भाग लिया। लगभग डेढ़ दर्जन कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास अतिथियों संग किया।

सरदार बल्लभ भाई पटेल स्मृति द्वार के लोकार्पण के दौरान प्रमुख रूप से श्रीमती अदिति पटेल विधायक प्रतिनिधि सेवापुरी,जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा रामप्रकाश सिंह 'बीरू',वरिष्ठ भाजपा नेता कपिलनारायन पांडेय, हरहुआ भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय', जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह,अरुण सिंह,अरुणेंद्र सिंह,पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह,अनिल पांडेय, अखिलेश, शिवबालक पटेल, अपरबल सिंह, शुभम पटेल, प्रिया सिंह,धनन्जय सरोज, जितेंद्र पांडेय, शिवाजी,मनोज पटेल, विनोद पटेल ,अपना दल जिलाअध्यक्ष सुरेंद्र प्रेमी, ओ। प्रकाश, बादल, धर्मेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, कैलाश राय, पंकज त्रिपाठी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता क्षेत्रीय प्रतिनिधि शामिल रहे।

# अवादा फाउंडेशन ने दो विद्यालय को भेंट की स्कूल बस

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा को सुलभ और सशक्त बनाने की दिशा में एक और उल्लेखनीय कदम उठाते हुए अवादा फाउंडेशन ने मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के बनखेड़ी स्थित सरस्वती ग्रामोदय हायर सेकेंडरी स्कूल, पालिया पिपरिया तथा गोविंदनगर स्थित सरस्वती ग्रामोदय विद्यालय को नई 42-सीटर स्कूल बसें प्रदान की हैं ।इस पहल का उद्देश्य दूरदराज के ग्रामीण और आदिवासी विद्यार्थियों, विशेषकर बालिकाओं, को सुरक्षित एवं विश्वसनीय परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है ताकि उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके और स्कूल छोड़ने की दर (ड्रॉपआउट रेट) को कम किया जा सके।



बनखेड़ी में आयोजित कार्यक्रम में बस को अवादा फाउंडेशन की निदेशक श्रीमती ऋतू पटवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य को चाबियाँ सौंपीं। वहीं गोविंदनगर में आयोजित समारोह में श्रीमती पटवारी ने विधिवत पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। अवादा फाउंडेशन से पधारे दीपक जेना ने संस्था की सामाजिक एवं विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी और बताया कि फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में सतत कार्यरत है।

न्यास के प्रबंधक श्री धर्मेन्द्र गुर्जर ने फाउंडेशन को इस सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और संस्था द्वारा संचालित जनसेवा कार्यों का परिचय दिया। विद्यालय के प्राचार्य श्री विष्णु श्रीवास्तव ने भी फाउंडेशन और उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बस विद्यार्थियों की सुविधा और शिक्षा के प्रसार में मील का पत्थर साबित होगी।

इस अवसर पर बोलते हुए श्रीमती ऋतू पटवारी ने कहा अवादा फाउंडेशन में हमारा मानना है कि शिक्षा में व्यक्तियों और समाज को बदलने की शक्ति है। हर वह कदम जो एक बच्चे को स्कूल के करीब लाता है, हमारे राष्ट्र के भविष्य को मजबूत करता है। छात्रों को सुरक्षित और आराम से यात्रा करने में सक्षम बनाकर, हम उन्हें अपने सपनों को साकार करने में मदद कर रहे हैं ।उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक उदाहरणों के माध्यम से जीवन में दृढ़ संकल्प, निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश भी दिया।

यह उल्लेखनीय है कि अवादा फाउंडेशन द्वारा इससे पूर्व भी मध्य प्रदेश के रायसेन, डोंगला और बैतूल में 42-सीटर स्कूल बसें प्रदान की जा चुकी हैं। आगामी महीनों में संस्था रायसेन और उत्तराखंड में भी इसी तरह की बसें प्रदान करने जा रही है। शिक्षा के साथ-साथ फाउंडेशन राज्य के समग्र विकास में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है – जिसमें उज्जैन में कर्क रेखा पर अत्याधुनिक तारामंडल की स्थापना, खंडवा में छात्रावास एवं वेद विद्यालय निर्माण, तथा महिला सशक्तिकरण हेतु सिलाई एवं कौशल-विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को परिधान एवं वस्त्र उद्योग से जोड़कर स्थायी आजीविका उपलब्ध कराई जा रही है।

इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, न्यास सदस्य, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं स्थानीय समुदाय के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सपने को पूरा कराने में ईसी सदस्यों की भूमिका होगी महत्वपूर्ण विमल कुमार सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी किसी भी सपने को प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करके कार्य को करना बहुत ही जरूरी होता है उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत मॉडल संकुल स्तरीय संघ का विजनिंग मॉड्यूल-3 (MCLF V-3) विषय पर चल रहे चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि यदि हमें अपने निर्धारित सपने को प्राप्त करना है तो सीएलएफ के पदाधिकारियों और सभी कार्यकारिणी सदस्यों (ईसी) को मिलकर आम सहमति के साथ लगातार प्रयास करना होगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के इन चार दिवसों में डीआरपी राजेश कुमार द्विवेदी व घनश्याम प्रजापति द्वारा प्रशिक्षुओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनके सीएलएफ निर्धारित दृष्टि वाक्य 'विकास आजीविका



प्रेरणा संकुल समिति का है सपना, आत्मनिर्भर दीदी, खुशहाल परिवार, आदर्श गांव हो अपना।' को प्राप्त करने के लिए विभिन्न मंचों एसएचजी, ग्राम संगठन और सीएलएफ की भूमिका के बारे में जानकारी देते हुए उनकी कार्ययोजना को तैयार कराया गया, जिसके अंतर्गत निर्धारित पांच वर्षों के लक्ष्य को पूरा करने के लिए संगठन स्तर पर क्या कार्य करना है और किसकी क्या जिम्मेदारी होगी यह तय किया गया और साथ ही साथ किन - किन विभागों से समन्वय स्थापित करके उनसे सहयोग प्राप्त करना है इसका मानचित्र तैयार कराकर समझाया गया।

समापन अवसर पर सत्र प्रभारी संजय कुमार द्वारा सभी प्रशिक्षुओं एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर सुरेश तिवारी, नीरज कुमार, पूजा दिलवा, राजकुमारी, पूनम, जया यादव, छाया तिवारी, कविता, चन्दा देवी, ममता देवी, रेखा, प्रिय शर्मा, मीना, कमरुनिशा, नीता, सुनीता, संगीता, सुधा, नीतू, आरती, किरन, इंदू, सुषमा, रीना आदि सहित 33 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।

# बिहार में एनडीए के समर्थन में 5 नवंबर से जनसंपर्क करेंगे एचएमकेपी महासचिव राकेश मणि पाण्डेय

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। बिहार चुनाव को लेकर हिन्द मजदूर किसान पंचायत भी सक्रिय हो गई है। उसने बिहार की जनता से एनडीए के पक्ष में मतदान किए जाने की अपील की है।

एनडीए के पक्ष में प्रचार के लिए अपने पांच दिवसीय कार्यक्रम के तहत बिहार जाने के पहले हिंद मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने बिहार की आम जनता से वर्तमान परिस्थितियों में देश की सुरक्षा संरक्षा बिहार के समृद्धि व विकास के लिए एनडीए (नीतीश) भाजपा और चिराग पासवान के गठजोड़ को वोट देने की अपील की है। वरिष्ठ मजदूर नेता के रूप में भी चर्चित राकेश मणि पांडेय ने कहा कि एनडीए के पक्ष में मतदान इसलिए जरूरी है ताकि उन्नति और विकास के मार्ग पर निरंतर बढ़ते बिहार को धर्म ,जाति, क्षेत्रवाद और जंगल राज की वापसी से बचाया जा सके।

उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में एक बेहतर कार्य सरकार के लिए प्रशान्त किशोर को लोगो ने आगे बढ़ाने का कार्य किया था और अपेक्षाएं भी शुरू की थी, किन्तु वह बिहार के नये केजरीवाल साबित हो रहे हैं। इसलिए जनता का उनसे भी मोह भंग हो चुका है। राकेश मणि पाण्डेय ने कहा कि नीतीश की अगुवाई में बिहार ने हर क्षेत्र में विशेष प्रगति की है। हिंद मजदूर किसान पंचायत की राष्ट्रीय महासचिव राकेश पांडेय ने यह भी दावा किया कि नीतीश कुमार ने परिवार वाद से दूर केवल बिहार की उन्नति को ध्यान में रखकर उल्लेखनीय कार्य किया है, जो आज के बिहार में घुसते ही महसूस होता है। राकेश कुमार पांडे



ने कहा कि नीतीश कुमार कई उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान बनाने और मखाने को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार सृजन के लिए जी जान से प्रयास लगातार कर रहे हैं। करोना काल में बिहार से बाहर रहने वाले लाखों मजदूरों को उनकी जीविका को बचाये रखने के लिए बिहार से आर्थिक पैकेज उनके खाते में भेजे गये। एचएमकेपी के राष्ट्रीय महासचिव ने दावा किया कि केन्द्र की मोदी सरकार के सहयोग से बिहार में भी उद्योगो का कायाकल्प के साथ ही क्षेत्रीय उद्योगो को भी बढावा दिया जा रहा है। श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने कहा कि वैसे भी बिहार के समुचित विकास के लिए केन्द्र सरकार के सहयोग की नितान्त आवश्यकता है। इसलिए डबल इंजन की सरकार बिहार में पूर्व की तरह बनाये रखना चाहिए। बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिक संगठनों में और जन समूहो में एनडीए के पक्ष में मतदान से संबंधित अपनी बात को हिन्द मजदूर किसान पंचायत की ओर से रखने के लिए 05 से 10 नवम्बर तक बिहार दौरे पर पर जाने के लिए तैयार हिंद मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय महासचिव और चर्चित श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने यह भी दावा किया कि दावा किया कि केन्द्र सरकार व बिहार सरकार बिहार की अस्मिता उसके गौरव व सांस्कृतिक विरासत को बनाये रखने के लिए बड़ी तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा प्रमाण नालन्दा विश्व विद्यालय ओर गया परिक्षेत्र को व्यवस्थित करना और तमाम दूरगामी ट्रेनो का संचालन आदि है। इसलिए आम जनता को इसे समझना और गम्भीरता से विचार करना होगा। क्योंकि विपक्ष विशेषकर इण्डिया गठबन्धन के लोग केवल बिहार को लूटने ,ठगने और अपराधियों को बढ़ाने का कार्य करेंगे और आये दिन पूर्व की तरह होने वाले फिरोती व बम धमाके शुरू करना चाहते हैं,जिससे जनता को बचना होगा।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मोहनलालगंज रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**विवेक कुमार संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ। शुक्रवार के दिन थाना मोहनलालगंज में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के शुभ अवसर पर "रन फॉर यूनिटी/(एकता दौड़) कार्यक्रम का भव्य आयोजन सहायक पुलिस आयुक्त मोहन लालगंज विकास कुमार पांडे इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में थाना मोहनलालगंज के समस्त पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुलिस विभाग के साथ-साथ क्षेत्र के विद्यालयों के बच्चों ने भी बड़ी संख्या में इसमें सहभागिता की। जिससे वातावरण में राष्ट्रीय एकता,



अनुशासन और देशभक्ति का संदेश प्रसारित हुआ। रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य देश में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समरसता को सशक्त करना है, जिसे सरदार पटेल ने अपने कार्यों व नेतृत्व से देश को दिया। इस दौरान कार्यक्रम में बच्चों और पुलिसकर्मियों में काफी उत्साह देखने को मिला।थाना मोहनलालगंज पुलिस द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल जनभागीदारी का प्रतीक बना, बल्कि समाज में एकता और सहयोग की भावना को और भी सुदृढ़ करने में सहायक रहा।

# दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव/मेला का कृषि भवन परिसर में हुआ शुभारम्भ,

## मोटे अनाज पोषक तत्वों से भरपूर एवं लोगों के स्वास्थ्य के लिये बहुत उपयोगी- जिलाधिकारी

**समाज जागरण**

प्रतापगढ़। मिलेट्स के उपभोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के न्यूट्रीसीरियल घटक तथा उ०प्र० मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव/मेला का कृषि भवन परिसर में शुभारम्भ किया गया। मिलेट्स महोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या दिव्या मिश्रा, संयुक्त कृषि निदेशक प्रयागराज मण्डल संतोष कुमार राय, विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य सहित भाजपा के रमेश बहादुर सिंह व पवन वर्मा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान महोत्सव में पहुँचे अतिथियों का उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा स्वागत करते हुये मिलेट्स के उत्पाद सप्रेम भेंट किया गया। मिलेट्स महोत्सव कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, ऑगनबाडी सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानो सहित कुल 20 प्रदर्शनी स्टाल भी लगाये गये जिसका



अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया। मिलेट्स महोत्सव में लोक गायिका प्रतिमा यादव अम्बे डकरनगर व उनके साथी कलाकारों ने मोटे अनाज पर आधारित गीतों/सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति भी की गयी। उनके द्वारा अपने गीत के माध्यम से मिलेट्स के महत्व को बताया गया। मिलेट्स महोत्सव में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने मिलेट्स फसलों एवं उत्पादों के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु किसानो को प्रेरित किया। उन्होने मिलेट्स महोत्सव के आयोजन हेतु उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव की प्रशंसा की। उन्होने कहा कि मोटे अनाज धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे है और इन्हें बढ़ावा देने के लिये देश के माननीय प्रधानमंत्री मंत्री जी ने श्री अन्न योजना का चलन में लाया। श्री अन्न योजना के माध्यम से मोटे अनाज की पैदावार बढ़ेगी जिससे किसानों को लाभ प्राप्त होगा। मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिये बहुत ही फायदेमंद है, मोटे अनाज के उपयोग से कई प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होने किसान भाईयों से कहा कि मिलेट्स फसलों का अपने खेतों में अधिक से अधिक उत्पाद करें और अपनी आय में वृद्धि करें। मिलेट्स फसलों के उत्पादन में खाद, सिंचाई आदि की ज्यादा आवश्यकता नही होती है। मिलेट्स फसलों में लागत कम और अधिक उत्पादन होता है। श्री अन्न योजना के अन्तर्गत मुख्य रूप से ज्वार, बाजरा, रागी, सांवा, कंगनी, कोदो, कुटकी, कुट्ठ, रामदाना, चेना आदि को शामिल किया गया है ये अनाज पोषक तत्वों से भरपूर होते है। किसान भाई मिलेट्स के फसलों के उत्पादन के लिये नई-नई तकनीकों का प्रयोग करें। उन्होने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है जहाँ कि आधी आबादी खेती और किसानी कार्यक्रमों में लगी हुई है। डीएम ने समस्त संबधित अधिकारियो को रबी फसल हेतु समस्त निवेशो की समय से उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने कहा कि कृषको को रबी में समुचित उर्वरक प्राप्त होगी जनपद में उर्वरक की किसी प्रकार की कमी नही है। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा कृषको को अवगत कराया गया कि जनपद में अधिकतर कृषको द्वारा मिलेट्स फसलो की खेती प्रारम्भ की गयी जो बहुत ही सराहनीय है। इसी प्रकार जनपद के अन्य कृषको से मिलेट्स अपनाने का अनुरोध किया गया। इस दौरान उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं व मिलेट्स महोत्सव के बारे में जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार द्वारा कृषको को आश्वस्त किया गया कि जनपद में बीज एवं उर्वरको पर्याप्त उपलब्धता है तथा किसान जनपद के बीज भण्डारो से ऑनलाइन बुकिंग कराकर निःशुल्क सरसो का मिनीकिट प्राप्त कर सकते है। शकील अहमद प्रो0 एग्री क्लीनिक एग्री बिजनेस सेन्टर जोगापुर द्वारा स्टाल के माध्यम से कृषको रागी की इमरती, फुल्की तथा बाजरे का लड्डू, इडली, दही बड़ा तथा ढोकला बनाकर खिलाया गया। इसके अतिरिक्त वेकेन्टश चिलिबिला एवं सरल अन्न एफ0पी0ओ0 बिहारगंज द्वारा भी मिलेट्स उत्पाद की प्रदर्शनी लगाकर अपने स्टाल के माध्यम ज्वार, बाजरा, रागी का आटा तथा बिस्कुट एवं अन्य उत्पाद मेले में आये लोगो को उपलब्ध कराया गया। डा0 यतेन्द कुमार वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र कालाकांकर द्वारा कृषको को रबी फसलो की सामायिक जानकारी के साथ मिलेट्स फसल के संबध में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम जनपद के 100 स्काउट गाइड द्वारा प्रतिभाग किया गया। मिलेट्स महोत्सव में अधिक से अधिक कृषकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंह, एआर कोआपरेटिव देवेन्द्र वर्मन, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 प्रदीप कुमार, सहायक जिला कृषि रक्षा अधिकारी वीर विक्रम सिंह सहित सुनील कुमार सिंह, अजय सिंह, विजय कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह तथा शारदाकान्त तिवारी तथा कृषि विभाग के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया।

दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव/मेला का कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 31 अक्टूबर को पूर्वान्ह 10 से आयोजित किया जायेगा जिसमें जनप्रतिनिधिगण व जिलाधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उप कृषि निदेशक प्रतापगढ. द्वारा जनपद के कृषको से अधिक से अधिक संख्या में पधारने का अनुरोध किया गया।

# लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी पदयात्रा निकाली गयी

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जनपद में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शहीद उद्यान पार्क (कम्पनी गार्डेन) में रन फॉर यूनिटी पदयात्रा निकाली गयी, रन फॉर यूनिटी पदयात्रा को पूर्व महा अधिवक्ता व पूर्व सांसद राघवेन्द्र सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, भाजपा जिला ध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह (मोती सिंह), नगर पालिका अध्यक्ष



प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, जिला महामंत्री राजेश सिंह, राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट राकेश सिंह, नगर अध्यक्ष आलोक गर्ग सहित सभासद सहित पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ भी दिलायी गयी। यह पदयात्रा शहीद उद्यान पार्क से प्रारम्भ होकर पुलिस लाइन चौराहा तक निकाली गयी।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया

**समाज जागरण**
**विवेक कुमार संवाददाता**

लखनऊ। कमिश्नरेट लखनऊ ने "नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान 2.0" का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की महत्वपूर्ण जानकारी को सरल भाषा में हर नागरिक तक पहुँचाना है। इस व्यापक जागरूकता कार्यक्रम के तहत, लखनऊ में स्कूलों, विभिन्न संस्थाओं और मोहल्लों में विशेष सत्र आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों



के माध्यम से आम नागरिकों, विद्यार्थियों, अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों और यहाँ तक कि पुलिस कर्मियों को भी इन नए कानूनों के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया, जिससे कानून की समझ और कार्यान्वयन को मजबूत किया जा सके।

# तहसील रानीगंज मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में 01 नवम्बर 2025 को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार अन्य तहसीलों में अपर जिलाधिकारी/मुख्य राजस्व अधिकारी/उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

# एएसपी जगन्नाथ मरकाम ने किया भालूमाड़ा थाने का वार्षिक निरीक्षण, दिए व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**समाज जागरण भालूमाड़ा/अनूपपुर,**

अनूपपुर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम आज दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को दोपहर लगभग 1 बजे कोयलांचल नगरी भालूमाड़ा थाना पहुंचे, जहां उन्होंने थाने का वार्षिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान एएसपी मरकाम ने पुलिस बल की उपस्थिति, अनुशासन और थाने की समग्र



कार्यप्रणाली की जानकारी ली उन्होंने थाने में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की परेड का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए इसके बाद उन्होंने थाने के पूरे परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कमियों को सुधारने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए एएसपी मरकाम ने थाना परिसर के सभी कमरों, अभिलेखों, मालखाना, हवालात और रिकॉर्ड रूम का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और जनता से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निपटान पर विशेष बल दिया निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी दशरथ बागड़ी सहित थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा एएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आमजन की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और पारदर्शिता बनाए रखें

# किसान क्रॉप किसानों को देगा नवीन कृषि जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

किसान क्रॉप की ओर से किसानों को नवीन कृषि जानकारी आज शनिवार को दी जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए किसान क्राप के कृषि विशेषज्ञ ने बताया कि शाहंशाहपुर में आयोजित संगोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक किसानों को जानकारी प्रदान करेंगे। इस दौरान किसानों को प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया जाएगा। इस दौरान किसान क्राप की ओर से लगाई गई उन्नतशील प्रजातियों के प्रदर्शन फसलों को भी देख सकेंगे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस द्वारा हर रोज रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अमलाई ।एकता दिवस पर अवसर पर यह रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी जो देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री , गृहमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित व स्वतंत्रता सेनानी थे जिनकी 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में देशवासियों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए हम सभी को आगे आकर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए सहयोग करने का संकल्प लेकर सभी गणमान्य नागरिक ,हायर सेकेंडरी स्कूल चचाई के प्राचार्य, शिक्षकगणों , समस्त स्टाफ प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई बाद सभी प्रतिभागियों बालक एवं बालिकाओं का दौड़ कराया गया जिसमें बालिका वर्ग में प्रथम स्थान संध्या सिंह, द्वितीय



मनीषा केवट एवं तृतीय स्थान सपना मार्को तथा पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान रीतम सिंह,द्वितीय मूलचंद एवं तृतीय स्थान सचिन सोंधिया ने बाजी मारी, जिन्हें प्रथम पुरस्कार 1501-1501 रुपए , द्वितीय पुरस्कार 1001-1001रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 501-501 रुपए के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी चचाई सुन्द्रेश सिंह,चौकी प्रभारी देवहरा उनि रंग नाथ मिश्रा,समस्त पुलिस स्टाफ, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चचाई के प्राचार्य , शिक्षकगण, नगर परिषद बरगवां के नगर परिषद उपाध्यक्ष डॉ.राज तिवारी , पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीना तंवर ग्राम पंचायत केल्हौरी सरपंच रामपाल सिंह , एवं मीडिया के पत्रकार साथीगण उपस्थित रहे

# गोहराडू की लूट में सिंडिकेट का हाथ?

## पायरी-देवगांव क्षेत्र में हरद बीट से बेखौफ निकल रही रेत, प्रशासन पर मिलीभगत के गंभीर आरोप

**समाज जागरण**
**मित्तल महरा की रिपोर्ट**

जमुना कोतमा सरकारी आदेशों और प्रतिबंधों को ठेंगा दिखाते हुए इन दिनों ग्राम पंचायत पायरी क्रमांक 1, देवगांव और देखल के बांधवाटोला क्षेत्र से होकर बहने वाली गोहराडू नदी रेत माफियाओं के कब्जे में नजर आ रही है। प्रशासनिक सख्ती और प्रतिबंधों के तमाम दावे कागजों तक सीमित हैं – क्योंकि मैदान में रेत का अवैध उत्खनन खुलेआम और दिनदहाड़े जारी है रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर नदी का सीना चीरकर रेत की चोरी कर रहे हैं, और यह सब कुछ वन विभाग के हरद बीट व देवगांव क्षेत्र में हो रहा है – जहाँ कागजों में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। सूत्रों के मुताबिक, हरद बीट, देवगांव और देखल क्षेत्र अब अवैध खनन का सबसे बड़ा अड्डा बन चुके हैं, जहाँ दिन-रात ट्रैक्टरों की आवाजाही बनी रहती है और पूरा प्रशासनिक अमला मूकदर्शक बना हुआ है

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि



यह लूट किसी छोटे-मोटे गिरोह का काम नहीं, बल्कि एक संगठित सिंडिकेट का हिस्सा है, जिसमें पुलिस, वन विभाग, खनिज विभाग और प्रभावशाली ठेकेदारों की मिलीभगत शामिल है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध कारोबार से सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है, जबकि कुछ अधिकारियों की जेबें भर रही हैं।

फुनगा चौकी क्षेत्र में भी यह अवैध रेत परिवहन जोरों पर है, जहाँ रात के समय ट्रैक्टर बिना रोक-टोक के गुजर रहे हैं। पुलिसिया नियंत्रण पूरी तरह से निष्क्रिय या जानबूझकर विफल कर दिया गया है। इसी शिथिलता और संरक्षण के कारण गोहराडू नदी का पारिस्थितिक संतुलन खतरे में है। लगातार रेत निकाले जाने से नदी की गहराई, प्रवाह और किनारों का स्वरूप तेजी से बिगड़ रहा है, जिससे खेती और भूजल स्तर पर भी विपरीत असर देखा जा रहा है। कई ट्रैक्टर चालकों ने यह खुलासा किया है कि वे ठेकेदार से लेकर स्थानीय संबंधित अधिकारियों तक को पैसा देते हैं, तभी उन्हें नदी से रेत निकालने और परिवहन करने की खुली छूट मिलती है। इससे साफ है कि यह अवैध कारोबार एक सुनियोजित और संरक्षण प्राप्त नेटवर्क के तहत चल रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से इस ह्यरेत सिंडिकेट पर तत्काल रोक लगाने, दोषी अधिकारियों की जांच कराने और नदी क्षेत्र की नियमित निगरानी की मांग की है। फिलहाल, क्षेत्र में चर्चा का सिर्फ एक सवाल गूंज रहा है क्या गोहराडू की रेत को बचाया जा सकेगा, या यह सिंडिकेट यूँ ही प्रशासन की आंखों में धूल झोंकता रहेगा?

# सोन नदी पर पुल निर्माण में भ्रष्टाचार की बाढ़ – घटिया अल्ट्राटेक सीमेंट, बाल मजदूरी और रात में बोरियाँ जलाने का खेल

## चोलना-परोड़ मार्ग पर सोन नदी पर पुल निर्माण, अनूपपुर

**समाज जागरण**

लोक निर्माण विभाग (सेतु परियोजना) के अंतर्गत सोन नदी पर ₹4.78 करोड़ की लागत से बन रहे पुल निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का मामला गंभीर रूप लेता जा रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में अल्ट्राटेक कंपनी का घटिया और गुणवत्ता-विहीन सीमेंट लगाया जा रहा है इतना ही नहीं, रात के समय खाली बोरियाँ जलाकर सबूत मिटाए जाते हैं, ताकि घटिया सामग्री के उपयोग की सच्चाई सामने न आ सके। घटिया सामग्री और बाल मजदूरी के आरोप ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण में पतली आरसीसी डालकर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। कई बार रात में चोरी-छिपे कार्य किया जाता है ताकि निरीक्षण और गुणवत्ता परीक्षण से बचा जा सके। इसके साथ ही, बाल मजदूरी का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है, जो न केवल श्रम कानूनों





का उल्लंघन है बल्कि गंभीर अपराध भी है शिकायत पहुँची मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तक इस पूरे मामले की शिकायत पूर्व उपसरपंच परौर उमाकांत ऊईके और समाजसेवी गुलाब रजक द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सहित कई विभागों में की गई है हालाँकि अब तक न तो कोई जांच शुरू हुई है और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई हुई है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

पुल का महत्व और जिम्मेदार विभाग यह पुल गौरेला-पेंड्रा मार्ग पर सोन नदी पर बनाया जा रहा है, जो आसपास के कई गाँवों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। निर्माण कार्य का अनुबंध एम. क्लासिक इन्फ्रास्ट्रक्चर सेवा (ज.प्र.) को दिया गया है, जिसकी निगरानी लोक निर्माण विभाग, सेतु परियोजना शिवा द्वारा की जा रही है

लगभग ₹4.78 करोड़ की लागत से बन रहे इस पुल की कार्यावधि 24 माह थी, परंतु समय सीमा बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा हुआ है ग्रामीणों की मांग ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि इस पुल निर्माण की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए, ताकि घटिया सामग्री, भ्रष्टाचार और मिलीभगत का पूरा सच सामने आ सके।

# आधुनिक भारत के शिल्पकार ,भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल सदियों तक किये जायेंगे याद

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी अजगरा विधान सभा क्षेत्र के सातो महुआ,पश्चिमपुर में पटेल जी के स्मृति में बने द्वार का लोकार्पण करने के बाद विधायक टी0राम ने अवगत कराते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता को शीर्षपर पहुंचाने और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत'को साकार करने वाले महापुरुष के 150 वी जयंती पर 'रन फार यूनिटी' में मलदहिया चौराहा पर माननीय मंत्री रविन्द्र जायसवाल के साथ शामिल हुआ।इस कार्यक्रम में भाजपा के बड़े नेताओं दिलीप सिंह पटेल( क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी क्षेत्र),प्रदीप अग्रहरि ( महानगर अध्यक्ष वाराणसी),हंसराज विश्व कर्मा (विधान परिषद सदस्य व जिलाध्यक्ष वाराणसी),मा0 विधायक नीलकंठ तिवारी ,मा0 विधायक अवधेश सिंह ,मा0 विधायक सौरभ श्रीवास्तव, पूनम मौर्या (जिला पंचायत अध्यक्ष वाराणसी)तथा अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ का हुजूम उमड़कर पटेल जी का माल्यार्पण कर एक साथ दौड़ लगाई गई। यह क्षण ऐसा लगा कि आज देश राष्ट्रीय एकता के एक सूत्र में जुड़ गया हो।लगा कुछ पल के लिए पूरा बनारस ही दौड़ रहा है। सभी भाजपा ने निचले स्तर से ऊपर तक के कर्मठ कार्यकर्ता पटेल जी के आदर्शो को जीवन मे अपनाए और अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन करें।

उक्त अवसर पर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा रामप्रकाश 'बीरू',वरिष्ठ भाजपा नेता कपिलनारायन पांडेय, हरहुआ भाजपा मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय मिश्र', जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह, उपाध्यक्ष अरुणेंद्र सिंह,पंकज तिवारी, विजय वर्मा,मनोज पटेल, अनिल पांडेय, अखिलेश पटेल,शिवबालक पटेल, अपरबल सिंह, शुभम पटेल, प्रिया सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर विचार संगोष्ठी आयोजित

**दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे, सरदार वल्लभभाई पटेल।**

**समाज जागरण**



सिद्धार्थनगर। स्वयंवर चौधरी सेवा संस्थान के तत्वावधान में संस्था के अध्यक्ष राम कृपाल चौधरी की अध्यक्षता में इटवा स्थित संस्था कार्यालय पर विगत दिन यानि 31 अक्टूबर के अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत लौह पुरुष सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन, कार्यों और उनके देश के एकीकरण में योगदान पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके आदर्श और विचार आज भी देश को एकता और संकल्प की प्रेरणा देते हैं। संस्था के अध्यक्ष राम कृपाल चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल के त्याग, देशभक्ति और नेतृत्व क्षमता से आज की पीढ़ी को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने अपने जीवन से यह साबित किया कि सच्चा नेतृत्व सेवा और समर्पण से ही संभव है। इस अवसर पर संस्था के भोला चौधरी, पंकज कुमार गौड़, संजय गौड़, मसीहुद्दीन चौधरी, अभिषेक श्रीवास्तव, पिंटू चौधरी, धर्मजीत यादव, बुधराज गिरी, पुजारी वर्मा, लव कुश चौधरी, बबलू कनौजिया, सहित अन्य सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी ने सरदार पटेल के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# एक बार फिर कलंकित तो नहीं हुआ पति-पत्नी का पवित्र रिश्ता!

**आग से झुलसा पूरा शरीर,दर्द से कराहते हुए बोला पत्नी ने जला दिया।**

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जिले के डुमरियागंज थाना क्षेत्र के कूड़ी गांवे से विगत दिनों एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जोकि पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते को एक बार फिर कलंकित कर दिया है,प्राप्त समाचार के अनुसार गांव निवासी राम संवारे नाम का 50 वर्षिय व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में आग से बुरी तरह झुलस गया, रात करीब 10 बजे घटना की सूचना जंगल के आग की तरह पूरे गांव में फैल गई,गंभीर रूप से झुलसे राम संवारे को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी बेंवा ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनकी हालत की गंभीरतो को देखते हुए उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि गोरखपुर में उनकी हालत अभी भी गंभीरे बनी हुई है,घटना के बाद किसी ने झुलसे हुए व्यक्ति से पूछताछ का एक वीडियो बना लिया, जो गुरुवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

वायरल वीडियो में, दर्द से कराह रहे राम संवारे से जब जलने के बारे में पूछा जाता है, तो वह साफ तौर परे अपनी औरत पर उसे फूंकने का आरोपे लगाया है,हालांकि,वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकती है,मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है। डुमरियागंज थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि पीड़ित के परिजन उसे इलाज के लिए गोरखपुर ले गए हैं और वहां एक पुलिसकर्मी को भेजा गया है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि आरोपी महिला को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है,थानाध्यक्ष डुमरियागंज ने आगे बताया कि पीड़ित के परिजनों से तहरीर मिलने के बादे आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी,यह मामला पारिवारिक विवाद या किसी अन्य कारण से हुआ है,पुलिस इसकी जांच कर रही है, इलाके में इस घटना को लेकर तनाव का माहौल है, फिलहाल यदि पीड़ित का आरोप सत्य है तो एक बार फिर जनपद में पति- पत्नी के रिश्ते को कलंकित होना कैसे नकारा जा सकता है,बताते चलें कि वायरल वीडियो में जिस तरह से पीड़ित दर्द से कराहते हुए पत्नी पर फूंके जाने का आरोप लग रहा है,यदि यह बात सत्य नहीं था तो पीड़ित और किसी का नाम क्यों नहीं लिया,भरोसेमंद सूत्रों की माने तो इस मामले में पुलिस को प्रत्येक बिंदु पर बड़ी ही शातिरता से छानबीन करने की जरूरत है।

# सर्पदंश से युवक की मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम चकबरारी में सोते समय 28 वर्षीय युवक को जहरीले सर्प ने डस लिया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चकबरारी गांव निवासी स्व0 निरंजन का पुत्र उमेश कुमार कमरे में सो रहा था। रात में जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# घायल युवक की उपचार दौरान मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। दस दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल 45 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान घर पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। बताते चलें कि ललौली थाना क्षेत्र के गंगईपार निवासी स्व0 अमरनाथ का 45 वर्षीय पुत्र अजय लोधी 20 अक्टूबर को पैदल घर जा रहा था तभी सिधांव मोड़ के पास अज्ञात बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया था जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# कन्नौजः राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्ट्रेट कर्मियों ने सरदार पटेल को किया नमन

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**



कन्नौज।अपर जिलाधिकारी ( न्यायिक) विजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह बड़े ही उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर श्री मिश्र ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देश की एकता, अखंडता और समरसता का प्रतीक रहा है। उन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि और दृढ़ नेतृत्व से स्वतंत्र भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कम 'चारियों से देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई। उप जिला धिकारियों सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सरदार पटेल के योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम के अंत में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सजाई गई रंगोली प्रदर्शनी का अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने अवलो कन किया और रचनात्मकता व उत्साह की सराहना भी की। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कन्नौजः डिजिटल लाइब्रेरी को समय से संचालित किया जाएः डीएम

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**



कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में चिन्हित तीन कमरों वाली 111 ग्राम पंचायत लाइब्रेरियों को डिजिटल लाइब्रेरी के रूप में विकसित किया जाए। इन लाइब्रेरियों में कम्प्यूटर, फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था एवं विद्युत सुविधाएं पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एस्टिमेट शीघ्र तैयार कर आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए लाइब्रेरी क्रियाशील किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के सभी सामुदायिक शौचालय नियमित रूप से खुले रहें तथा पंचायत भवन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक खुलने चाहिए। यदि किसी ग्राम पंचायत सचिव की अनुपस्थिति पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद कन्नौज की कुल 27 ग्राम पंचायतों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु चाइल्ड लिमिट के रूप में ₹71,92,004.00 की धनराशि उपलब्ध कराई गई थी। इसके सापेक्ष 17 ग्राम पंचायतों द्वारा शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है।

हालांकि, विकास खण्ड छिबरामऊ की ग्राम पंचायत भीखमपुर सानी एवं रनधीरपुर, हसेरन की ग्राम पंचायत ऊधमपुर, जलालाबाद की ग्राम पंचायत गुधनी एवं कूलापुर, कन्नौज की ग्राम पंचायत तारामऊगढ़ी, सौरिख की ग्राम पंचायत बहादुरपुर मझगवा, परौर एवं सिकंदरपुर तथा वि0ख0उमर्दा की ग्राम पंचायत सरसई, कुल 10 ग्राम पंचायतों द्वारा धनराशि व्यय न कर मिशन कार्यालय को वापस कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन ग्राम पंचायतों में कार्य समय से पूर्ण न किए जाने तथा कार्य में शिथिलता बरतने पर संबंधित सचिवों एवं प्रधानों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रकाश, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**समाज जागरण**

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दिलावलपुर में गुरूवार की रात घर के आंगन में छप्पर से फांसी लगाकर 35 वर्षीय महिला ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार दिलावलपुर गावं निवासी राजू निषाद की पत्नी मुन्नी देवी ने उस समय घर के आंगन में पड़े छप्पर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब धर के सभी लोग गहरी नींद सो रहे थे। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो छप्पर में फांसी पर लटका मुन्नी का शव देखा तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# महिला को सर्प ने डसा

**समाज जागरण**

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैदनपुर में शुक्रवार की सुबह खेत में काम कर रही 45 वर्षीय महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार सैदनपुर गांव निवासी कामता प्रसाद की पत्नी सुधा देवी सुबह खेतों में काम कर रही थी। इसी दौरान जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# पति पर अतिरिक्त दहेज की मांग मांग करने का आरोप,पूरी नही होने पर मारपीट

**समाज जागरण कांधला।**



नगर के मोहल्ला खेल निवासी एक विवाहित महिला ने अपने पति पर अतिरिक्त दहेज की मांग करने एवं पीड़िता के साथ दहेज की मांग पूरी नही होने पर मारपीट करने और आरोपी पति पर भाभी के साथ अवैध संबंध रखने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। नगर के मोहल्ला खेल निवासी एक विवाहित सोनिया पुत्री संतराम महिला ने बताया कि उसकी शादी शामली के मोहल्ला सती मंदिर निवासी एक व्यक्ति के साथ हुई है। महिला का आरोप है कि उसका पति अपने परिजनों के साथ मिलकर अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए पीड़िता का शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते हुए मारपीट करता है। पीड़ित का आरोप है कि विगत बुधवार को आरोपी पति ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया था जो कि अपने मायके में आकर रह रही है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति के अपनी भाभी के साथ अवैध संबंध है जब विरोध करती है तो आरोपी मारपीट करता है। शुक्रवार को पीड़िता अपनी भाभी के साथ बाजार में सामान लेने के लिए जा रही थी तभी उसका पति गंगेरू मार्ग पर आ गया और उसके साथ में मारपीट की. पीड़ित महिला ने थाने पर पहुंचकर परिजनों के साथ आरोपी पति के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है.

# मधुमक्खियों के हमले से दंपति घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम सुकुई में शुक्रवार की सुबह शौचक्रिया को गई 50 वर्षीय महिला पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई। बीच-बचाव करने गए पति पर भी मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। दोनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सुकुई गांव निवासी ओम प्रकाश पुत्र रामेश्वर की पत्नी सियादुलारी सुबह शौच के लिए गई थी। तभी अचानक मधुमक्खियों ने उस पर हमला बोल दिया। शोर-शराबा सुनकर पति भी पत्नी को बचाने पहुंचा तो मधमुक्खियों ने उस पर हमला बोल दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# कन्नौजः देश की एकजुटता के लिए दौड़ी कन्नौज पुलिस

**पुलिस उप महानिरीक्षक हरीश चन्दर ने हरी झंडी दिखाकर दौड का किया शुभारंभ**

**समाज जागरण**



कन्नौज। पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र हरीश चन्दर, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में रिजर्व पुलिस लाइन में हरी झण्डी दिखाकर रन फॉर यूनिटी का शुभांरभ किया गया। जिसमें पुरूष/महिला पुलिस कर्मियों ने बढ-चढकर प्रतिभाग कर राष्ट्रीय एकता के लिए दौड़ लगायी गयी। रन फॉर यूनिटी पुलिस लाइन से होकर पैट्रोल पम्प से होते हुए थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बोर्डिंग ग्राउंड में समाप्त हुई। जहाँ डीआईजी द्वारा सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उन्होने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित कर दिया। उनका संपूर्ण जीवन हमें राष्ट्र सेवा की प्रेरणा प्रदान करता है। इस दौरान श्री चन्दर द्वारा वहां उपस्थित समस्त पुलिसबल को एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाई गयी। रन फॉर यूनिटी का आयोजन इसी उद्देश्य से किया गया है कि प्रत्येक नागरिक के भीतर "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की भावना जागृत हो। यूनिटी और इंटेग्रीटी की भावना केवल एक विचार नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय का परम कर्तव्य है। यह एक सामान्य दौड़ नहीं, बल्कि यह हमारें देश की एकता और अखण्डता को मजबूती प्रदान करने का एक माध्यम है। इसी प्रकार जनपद के समस्त थानों पर भी रन फॉर यूनिटी के तहत दौड़ का आयोजन कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

# नीलगाय से टकराकर दंपति समेत मासूम घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम विजयीपुर के समीप सड़क पार कर रही नीलगाय से बाइक टकरा गई। जिससे दंपति समेत मासूम बच्ची घायल हो गई। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के पेरी गांव निवासी नन्दू शंकर पुत्र लालाराम अपनी 26 वर्षीय पत्नी अर्चना व 4 वर्षीय पुत्री मान्या को ससुराल से लेकर घर आ रहा था। जैसे ही ये लोग विजयीपुर के समीप पहुंचे तभी सड़क पार कर रही नीलगाय से बाइक टकरा गई। जिससे तीनों घायल हो गए। सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# भारतीय किसान संघ की बैठक का आयोजन

**समाज जागरण कांधला।**



भारतीय किसान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री शिवकांत दीक्षित के जनपद आगमन पर कार्यकताओं ने कस्बा स्थित बाईपास के निकट उनका जोरदार स्वागत किया और उसके बाद क्षेत्र के गांव पंजोखरा स्थित नारायण सिंह के आवास पर भारतीय किसान संघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री शिवकांत दीक्षित ने कहा कि किसानों के सामने बेसहारा पशुओं की बहुत बड़ी समस्या है। किसान की फसलों को लगातार बेसहारा पशुओं द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है,जिसको लेकर सरकार से वार्ता चल रही है। साथ ही बकाया गन्ना भुगतान,खाद समस्या और किसानों के नलकूपों के लिए नए कनेक्शन सहित किसानों की अन्य समस्याओं और उनके समाधान को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमकार राणा और संचालन देशराज शर्मा ने किया। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज सर्वसम्मति से ट्रस्ट के प्रबंधक मनोनीत

**समाज जागरण कांधल।**

शुक्रवार को प्राचीन श्री रामलीला पंचवटी मंडप ट्रस्ट एवं श्री रामलीला कमेटी कांधला, अपंजीकृत कैलाशचंद्र गुट की संयुक्त बैठक भवन प्रांगण, मोहल्ला रायजादगान में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज को ट्रस्ट के 'अध्यक्ष' के स्थान पर 'प्रबंधक' नियुक्त किया गया। यह निर्णय संस्था की धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के सुचारू संचालन, प्रशासनिक कार्यों की गति तथा न्यायालय में लंबित मुकदमों के प्रभावी प्रबंधन को ध्यान में रखकर लिया गया। आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज को अब रामलीला कमेटी के प्रबंधक के साथ-साथ ट्रस्ट के प्रबंधक के रूप में सभी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक कार्यों का संचालन, सरकारी-न्यायिक पत्राचार तथा संपत्ति संरक्षण संबंधी पूर्ण अधिकार प्रदान किए गए हैं। बैठक में जोर देकर दोहराया गया कि ट्रस्ट की सभी संपत्तियां धार्मिक-सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रयोजनों के लिए आरक्षित हैं और इनका किसी भी रूप में व्यावसायिक उपयोग नहीं होगा। बैठक में ट्रस्ट एवं कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी सुधीर सैनी, अंकुर अग्रवाल, अरविंदर कुमार, प्रदीप कुमार, देवीदास जयंत, इंद्रपाल, सुधा तोमर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सलेमपुर में ग्राम चौपाल आयोजितः ग्रामीणों ने उठाई शौचालय निर्माण की मांग

**समाज जागरण कांधला।**



खंड विकास क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का सफल आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों ने पात्र व्यक्तियों के लिए शौचालय निर्माण की जोरदार मांग उठाई। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। चौपाल में सहायक विकास अधिकारी (कृषि) जयदेव कुमार ने किसानों को किसान आईडी और फार्मर रजिस्ट्री बनवाने, फसल अवशेष न जलाने तथा सहफसली खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सरसों बीज मिनीकिट वितरण योजना की विस्तृत जानकारी भी साझा की। सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) ने ग्रामीणों को समूह गठन और युवा उद्यमी योजना के फायदों से अवगत कराया। इसी क्रम में सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह अनुदान योजना तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं की पूरी डिटेल दी। आपूर्ति निरीक्षक शौदान सिंह ने आपूर्ति विभाग के नियमों और प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला।चौपाल में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाया। इस आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता बढ़ी और विकास योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचा।

# कन्नौजः सरदार पटेल की जयंती पर जिले ने मंत्री के नेतृत्व में दिया एकजुटता का संदेश

**रन फार यूनिटी, अखण्ड भारत के लिए काम करने की शपथ के साथ लगाया एक पेड़ माँ के नाम**

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**



कन्नौज। प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य एवं विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत तथा जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की उपस्थिति में लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया ' जनपद में सरदार @ 150-यूनिटी मार्च कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अन्तर्गत मेरा युवा भारत कन्नौज द्वारा कार्यक्रम का पी0एस0एम0 डिग्री कालेज कन्नौज में दीप प्रज्वलन तथा सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात एक पेड़ मां के नाम के तहत मंत्री, अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक तिर्वा, जिलाधिकारी ने एक पेड़ मां के नाम लगाया ' इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। इस अवसर पर मंत्री ने पी0एस0एम0 डिग्री कालेज से बोडिंग ग्राउंड तक यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यूनिटी मार्च में माई भारत टोलियां, एनसीसी की टोलियां, एनएसएस की टोलियां, विद्यालयों के बच्चें, पुलिस के जावन व अधिकारिगण तथा जनप्रतिनिधिगण शामिल रहे। इस दौरान राज्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के प्रथम गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल को हम एकता के शिल्पकारह्व के रूप में जाने जाते हैं, जिन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, कूटनीतिक सूझबूझ और अद्वितीय संगठन क्षमता से देश की 567 रियासतों को भारत गणराज्य में विलय कराया। कहा कि स्वतंत्रता के समय अंग्रेजों की मंशा भारत को अनेक छोटे-बड़े राज्यों में विभाजित कर विखंडित छोड़ने की थी, किंतु सरदार पटेल के दृढ़ निश्चय, व्यवहारिक दृष्टि और राष्ट्रहित सर्वोपरि भावना के कारण यह साजिश असफल रही। जूनागढ़ और हैदराबाद जैसी बड़ी रियासतों को भी भारत में सम्मिलित कर उन्होंने सच्चे अर्थों में अखंड भारत की नींव रखी। मंत्री ने कहा कि आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और शीघ्र ही तीसरे स्थान पर पहुंचने की दिशा में अग्रसर है। यह वही मजबूत नींव है जो सरदार पटेल ने अपने कर्म, त्याग और राष्ट्रनिष्ठा से रखी थी। कहा कि आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद से ही मुझे जनसेवा का अवसर मिला- पहले विधायक के रूप में और अब समाज कल्याण मंत्री के रूप में। समाज में जो असमानताएँ और गरीबी की विषमताएँ शेष हैं, उन्हें दूर करना ही सरदार पटेल जी के संकल्प- एकता, समानता और आत्मनिर्भरता- को साकार करने का वास्तविक मार्ग है। हम लोकल फॉर वोकल के मंत्र के साथ कन्नौज और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। यही सरदार पटेल जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अध्यक्ष ,जिला पंचायत प्रिया शाक्य ने कहा कि सरदार पटेल ने ऊंच नीच का भेद भाव खत्म किया। रियासतों मे बंटे देश को एक करने का कार्य किया। तथा देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। इसलिए सरदार पटेल को लौह पुरुष कहते है। विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस धरती पर सरदार पटेल जी का जन्म हुई उसी धरती पर देश के प्रधानमंत्री जी का जन्म हुआ। सरदार पटेल जी ने अखण्ड देश को एक करने का कार्य किया तो वहीं प्रधानमंत्री जी विकसित भारत देश बनाने के लिए प्रयासरत है।

जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के सिद्धान्तों, आदर्शों एवं आचरण के व्यवहारिक पक्ष को निष्ठापूर्वक एवं सेवा-भाव के साथ आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धाजलि होगी। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभीअतिथियों, विभागीय अधिक ारियों, विद्यालयों एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल जी भारतीय एकता के प्रतीक हैं, उनके अटूट साहस और संगठन कौशल के कारण ही देश एक सूत्र में बंध सका। आज जब भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है, तो सरदार पटेल के आदर्श और नीतियाँ हमें मार्गदर्शन देती हैं। उन्होंने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी जब प्रत्येक नागरिक देश की प्रगति में सहभागी बने। इस अवसर अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिलाधिकारी (वि0/रा0) देवेन्द्र सिंह, ज्वांइट मजिस्ट्रेट/ उपजिला धिकारी वैशाली, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, अधिकारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# सरदार पटेल जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

**समाज जागरण कांधला.**



राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती थाने में धूमधाम से मनाई गई। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने टीम के साथ सुबह 7 बजे 'रन फॉर यूनिटी' शुरू की, जिसमें सभी ने देश की एकता-अखंडता की शपथ ली। दौड़ थाने से बाईपास, मेन बाजार, रेलवे रोड होते हुए वापस थाने पहुंची। कस्बे में पहली बार हुआ

यह ऐतिहासिक आयोजन हजारों लोगों ने देखा और थाना प्रभारी की सराहना की।

## राज्यमंत्री संजीव गोंड के काफिले पर हमला, ओवरटेक विवाद में हमला , एक आरोपी हिरासत में, दो की तलाश जारी

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड के वाहन पर बृहस्पतिवार रात सोनभद्र में हमला हुआ। यह घटना रॉबर्ट्सगंज से डाला लौटते समय हुई, जहां हमलावरों ने उनके वाहन को रोकने का प्रयास किया और शीशे व बोनट पर मुक्के मारे। राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड ने बताया कि लोढ़ी टोल प्लाजा पार करने के बाद एक लखनऊ नंबर की कार उनके पीछे लग गई। कार सवारों ने रास्ते में कई बार उनके वाहन को ओवरटेक करने और रोकने की कोशिश की। चोपन पुल से पहले, एस्कॉर्ट गाड़ी के आगे निकलने के बाद, ब्रेकर पर मंत्री के वाहन की गति धीमी होते ही हमलावर सामने आ गए और मुक्के मारने लगे। चालक ने स्थिति भांपते हुए गाड़ी आगे बढ़ा दी। सोन नदी पुल पार करने के बाद मंत्री ने बैरियर पर वाहन रोककर पुलिस को सूचना दी। चोपन एसओ कुमुद शेखर सिंह तत्काल पुलिस बल के साथ मौके




पर पहुंचे, लेकिन तब तक कार सवार वाहन छोड़कर भाग चुके थे। पुलिस ने लखनऊ नंबर की कार को कब्जे में ले लिया, जो दुद्धी के अंकित मिश्रा की बताई जा रही है। सोनभद्र एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि यह विवाद राज्यमंत्री के काफिले में शामिल स्कॉर्ट गाड़ी को ओवरटेक करने को लेकर हुआ था। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने वाहन स्वामी अंकित मिश्रा को हिरासत में ले लिया है और दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार, मंत्री अपने सहयोगियों के साथ यात्रा कर रहे थे, तभी एक वाहन (यूपी 32के पी1042) ने उनकी एस्कॉर्ट गाड़ी को ओवरटेक करने का प्रयास किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। चोपन पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाहन सहित उसके मालिक अंकित मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। वाहन में दुद्धी निवासी शुभम सोनी और पंकज अग्रहरि भी मौजूद थे। पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर गाड़ी को भी कब्जे में ले लिया है।

राज्यमंत्री ने बताया काफिले में शामिल एस्कॉर्ट टीम के साथ वाहन में सवार कुछ युवकों ने विवाद किया। यह घटना कलेक्ट्रेट में एक कार्यक्रम के बाद डाला स्थित निवास आने के दौरान शाम को घटित हुई। टोल प्लाजा पार करने के बाद युवकों ने वाहन को रोकने का प्रयास किया और अभद्रता की। संजीव कुमार गोंड ने बताया सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। राज्यमंत्री ने बताया टोल प्लाजा पार करते ही एक काले रंग की कार तेजी से उनके एस्कॉर्ट वाहन से आगे निकली। एस्कॉर्ट टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं रुके। इसके बाद युवकों ने हमारी गाड़ी को भी रोकने की कोशिश की। यह सिलसिला चोपन पुल के पास बने ब्रेकर तक चला, जहां युवकों ने अपनी गाड़ी लगाकर एस्कॉर्ट टीम के सदस्यों को गाली-गलौज दी और दो लोगों ने राज्यमंत्री की गाड़ी के बोनट पर हाथ से पीटा। घटना की सूचना तत्काल चोपन पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और विवाद में शामिल वाहन को कब्जे में ले लिया और एक आरोपी को पकड़ लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। राज्यमंत्री ने इस घटना पर कहा कि उनका किसी से कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा, "हमें नहीं पता कि उनकी मंशा क्या थी या वे कौन लोग थे। यह जांच का विषय है।" मंत्री ने बताया कि जिन्हें कोई समस्या या काम होता है, वे उनके आवास पर आकर मिलते हैं और उनसे अच्छे से बातचीत की जाती है। राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि ये लोग अचानक कहां से और कैसे आए। पुलिस पूछताछ के बाद ही आरोपियों की मंशा और इस घटना के पीछे के उद्देश्य का पता चल पाएगा।

## चोपन पुलिस के अधिकारियों- कर्मचारियों ने दौड़ कर दी एकता का संदेश

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर मेंRun For Unity 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी निरीक्षक द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाकर किया गया। इसके उपरांत उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत, देश की एकता, अखंडता हमारा गौरव जैसे नारों के साथ एकता दौड़ में भाग लिया। दौड़




के दौरान प्रतिभागियों ने शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सद्भावना का संदेश दिया। सभी ने राष्ट्र निमार्ता लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के देश के एकीकरण और राष्ट्र निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह ने कहा कि सरदार पटेल जी ने अपने दृढ़ संकल्प, कुशल नेतृत्व और देशभक्ति की भावना से भारत को एक सूत्र में बांधा। उनके आदर्श आज भी हमें एकता और राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक स्वर में राष्ट्र की एकता और समरसता को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## पुलिस और गो तस्करों के बीच हुई मुठभेड़, एक घायल तस्कर गिरफ्तार, अन्य फरार

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। रॉबट्र्सगंज थाना क्षेत्र में पुलिस और गो तस्करों के बीच मुठभेड़ हुई है। इसमें एक गो तस्कर जितेंद्र यादव घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके पास से एक पिकअप वाहन से पांच गोवंश, एक तमंचा और कारतूस बरामद किया हैं। 31 अक्टूबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चार पशु तस्कर एक पिकअप वाहन से घोरावल से नौगढ़ होते हुए बिहार गोवंश वध के लिए ले जा रहे हैं। इस सूचना पर रॉबर्ट्सगंज पुलिस और एसओजी टीम ने दो अलग-अलग टीमें बनाकर दोमुहिया पुलिया के पास घेराबंदी



की। खुद को घिरा देखकर अपराधियों ने पुलिस बल पर फायरिंग शुरू कर दी। सीओ रणधीर कुमार मिश्रा ने बताया, आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में बिहार के भभुआ जिले के चैनपुर थाना अंतर्गत झरिया निवासी जितेंद्र यादव (पुत्र सवारथ यादव) के दाहिने पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर के कब्जे से बीआर45 जीबी 3416 नंबर की एक पिकअप गाड़ी से पांच गोवंश, एक 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। मुठभेड़ के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर तीन अन्य अभियुक्त इबरार, मल्लू और हजरत फरार होने में सफल रहे। घायल अभियुक्त जितेंद्र यादव को इलाज के लिए लोढ़ी स्थित जिला चिकित्सालय में पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया है। इस बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर रॉबर्ट्सगंज थाने में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि कैमूर, बिहार में बैठे उसके रिश्तेदार भगवान यादव और बलवंत यादव ने गोवंश तस्करी की पूरी योजना बनाई थी। वे घोरावल के पास से गोवंश लादकर नौगढ़ होते हुए बिहार ले जाते थे, जहां उन्हें शातिर तस्करों नाटे, मुखिया और हाफिज को सौंपा जाता था। जितेंद्र ने यह भी बताया कि वे पहले भी कई बार इसी योजना के तहत गोवंश की तस्करी कर चुके हैं, जिन्हें वध के लिए पश्चिम बंगाल भेजा जाता था।

## विविधता में एकता ही विकास का मंत्रः अमरेंद्र

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र/शक्तिनगर। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 31/10/ 2025 को सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय एकता मार्च निकल गया। एकता मार्च एनटीपीसी परिसर से प्रारंभ होकर एमजीआर बस्ती होते हुए ऊर्जा गेट से होकर एनटीपीसी परिसर में पहुंचकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधक सामुदायिक विकास एनसीएल खड़िया अमरेंद्र ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र निर्माण सतर्कता के सामूहिक प्रयास से संभव है। उन्होंने सामुदायिक विकास और राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य पर प्रकाश डाला और इस दिशा में हर संभव सहयोग




का आश्वासन दिया जिससे स्थानीय समस्याओं का समाधान त्वरित गति से किया जा सके। समारोह की अध्यक्षता कर रहे परिसर के प्रभारी डॉ० प्रदीप कुमार यादव ने सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकता के लिए दिए गए योगदान को नमन किया और विविधता में एकता का संदेश दिया। परिसर के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० दिनेश कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्थानीय समस्याओं के प्रति जागरूकता लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में एनसीएल खड़िया प्रबंधन का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता का शपथ लिया। कार्यक्रम में डॉ० मनोज कुमार गौतम, प्रशांत कुमार विश्वकर्मा, ज्योति, पंकज, राहुल, नीरज, समीर, पूनम, खुशबू, आयशा, प्रभा सोंधिया, रूबी, श्रेया, संचिता, अजय शाह, अमृतलाल, आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ० विनोद कुमार पांडेय ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ० छोटेलाल प्रसाद ने दिया।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनपद में यूनिटी मार्च कार्यक्रम का किया गया भव्य आयोजन

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। लौह पुरुष, सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी द्वारा अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ जनपद सोनभद्र में कार्यक्रम के तहत समय सुबह 08.00 बजे डायट परिसर में हरी हरी झण्डी दिखाते हुए प्रारंभ होकर बढ़ौली चैराहा राबट्र्सगंज तक यूनिटी मार्च निकाली गयी एवं आमजन में राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश चन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, क्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद,



तहसीलदार सदर अमित सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, विशिष्ट स्टेडियम तियरा के तीरंदाजी के बच्चें सहित जन मानस ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत, एकता में ही शक्ति है जैसे नारों के साथ देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बढ़ौली चैराहा राबट्र्सगंज में आत्म निर्भर भारत की शपथ भी दिलायी, मैं स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेता हूँ। मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि दैनिक जीवन में यथासंभव भारत में निर्मित वस्तुओं का ही उपयोग कर आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना सहयोग दूंगा। साथ ही दूसरों को भी स्वदेशी अपनाने हेतु प्रेरित करूंगा। जिलाधिकारी ने यूनिटी मार्च के पश्चात डायट परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि एवं राष्ट्रनिष्ठा से देश की रियासतों का एकीकरण कर भारत की अखंडता को सशक्त किया। उनके जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि हम सभी देश की एकता, अखंडता और भाईचारे की भावना को सदैव बनाए रखें। राष्ट्रीय एकता दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि विविधता में एकता ही भारत की पहचान है। हमें समाज में सौहार्द, एकजुटता और साम्प्रदायिक सद्भाव को सशक्त करने के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। लौह पुरुष, सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में स्वदेशी उत्पादों से सम्बन्धित लगाये गये मेला में विभिन्न उत्पादों से सम्बन्धित सामग्री का जिलाधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया, इस दौरान उन्होंने ग्रामोद्योग विभाग द्वारा तैयार की गयी कालीन, नमकीन आदि सामग्री की खरीदारी भी कियें और जनमानस से भी अपील किये कि स्वदेशी उत्पादों से सम्बन्धित सामग्री की खरीद करें और उसे अपने दैनिक उपयोग में लायें। इस अवसर पर रेशम विभाग, उद्योग विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, सोलर हनुमत लाईट सहित विभिन्न विभागों के स्वदेशी उत्पादों से सम्बन्धित स्टाल लगाये गये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ल, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश चन्द्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, उपायुक्त उद्योग बिनोद चैधरी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## गुरमुरा में सरदार वल्लभ भाई पटेल की धूमधाम से मनाई गई जयंती

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। कोटा ग्राम पंचायत के कोटा खास बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। शुक्रवार को कोटा खास में कार्यकर्ताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शक्ति केन्द्र सेक्टर प्रभारी मुकेश जैन, मंडल अध्यक्ष संदीप पटेल रहें और विशिष्ट अतिथि के रूप में सेक्टर संयोजक आकाश उपाध्याय बूथ अध्यक्ष पीयूष जायसवाल, प्रभाकर चौबे रहे जह सर्वप्रथम सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र समकक्ष



दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया जाता और कार्यक्रम के क्रम में प्रभारी मुकेश जैन व मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह पटेल द्वारा उसके जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए अपने जीवन में अमल करने हेतु जागरूक किया जाएगा। "सरदार पटेल की सोच - देश से पहले कुछ नहीं" "एक भारत, एक लक्ष्य - यही सरदार पटेल की भावना थी।" "देश को जोड़ने वाला हमेशा इतिहास में अमर रहता है।"इस दौरान विरेंद्र पासवान उर्फ आरडी कार्तिकेय, अंश चौबे, मृत्युंजय, गणेश, दिनेश, शैलेश इत्यादि उपस्थित रहे।

## सरदार पटेल देश की एकता के सूत्रधार थेः- थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार सिंह

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**

बीजापुर/ सोनभद्र। डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, रिहंदनगर में देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी, लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रार्थना सभागार में सरदार पटेल की तस्वीर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीजपुर थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात विद्यालय के सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं, कर्म चारियों एवं विद्यार्थियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। तदोपरांत एनटीपीसी परिसर के आईटी चौराहा से विद्यालय तक के लिए हरी झंडी दिखाकर थाना प्रभारी ने "रन फॉर यूनिटी" की शुरूआत कराई। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार सिंह ने स्वयं भी दौड़ में शामिल होकर सभी का उत्साह वर्धन



किया। महिला दीवान उमावती के साथ उनका तीन वर्षीय पुत्र आरुष सिंह ने भी बड़े उत्साह से इस दौड़ में शामिल हुआ। उसके बाद विद्यालय के प्रार्थना सभागार में विद्यार्थियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। आशीष, अदालत, अर्पित, शिवकुमार, काजल, त्रिप्ती, तन्वी, रंजू, अल्फिया के साथ आरुष सिंह को भी विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल महान स्वतंत्रता सेनानी, स्वतंत्र भारत के महान एवं दूरदर्शी राजनेता तथा कुशल प्रशासक थे। उन्हें सरदार के साथ-साथ लौह पुरुष एवं भारत का बिस्मार्क भी कहा जाता है। उन्होंने 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके अखंड भारत का निर्माण किया। प्राचार्य राजकुमार ने कहा कि किसी भी देश का आधार उसकी एकता और अखंडता में निहित होती है और सरदार पटेल देश की एकता और अखंडता के सूत्रधार थे। इस अवसर पर सरदार साहब के जीवन पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया। इसमें कक्षा नौवीं से जरीन, कृतिका गौतम, आराध्या, सना, आंचल, मोहित, संजय, नुमान, गौरव, रोहित और अरशद रजा ने भाग लिया। इस नाटक का निर्देशन हिंदी शिक्षक अवधेश कुमार ने किया था। संगीत शिक्षिका आकृति पांडे एवं बबिता कन्नौजिया के निर्देशन में देशभक्ति से ओतप्रोत एक समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें कक्षा आठवीं की छात्रा आंख्या, जीवन ज्योति, अंकिता, महिमा, श्वेता, आकांक्षा, कशफ, कशिश ने भाग लिया। ऋषि कुमार शर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका बेहतरीन तरीके से निभाया। अंश कुमार सिंह एवं शैलजा यादव ने सरदार साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। संगीत शिक्षिका आकृति पांडे एवं हिन्दी शिक्षिका समता सिंह ने 'छोड़ो कल की बातें' एवं 'खादी वाला तिरंगा' गीत गाकर सम्पूर्ण वातावरण को देशभक्तिमय बना दिया।

खेल शिक्षक मनोज पांडे के नेतृत्व में 'एक भारत -श्रेष्ठ भारत', भारत माता की - जय, 'वंदे- मातरम' एवं सरदार पटेल- अमर रहें के जयघोष से पूरा प्रांगण गूंजायमान हो उठा। आज के कार्यक्रम का संचालन विज्ञान शिक्षिका रंजना सिंह एवं शगुफ्ता शबनम के निर्देशन में कक्षा ग्यारहवीं का छात्र आशीष पांडे एवं शॉर्य प्रताप सिंह ने किया। वरिष्ठ शिक्षक डॉ आर के झा, विजय तिवारी, डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव, मनीष विश्वकर्मा, सर्वेश श्रीवास्तव, सौरभ कुमार ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## भारी बारिश के कारण गरीब का गिरा आशियाना, एक बकरी की मौत

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। विकास खण्ड दुद्धी के अंतर्गत गरडरवा ग्राम पंचायत में लगातार हो रही बारिश के कारण शुक्रवार को भोर लगभग तीन बजे गरदरवा निवासी रामचरण पुत्र विमलेश का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया जिससे एक बकरी कच्चे के मकान में दबने से मौत हो गई। वहीं भुक्तभोगी रामचरण ने बताया कि कल रात को खाना पीना खाकर अपने स्वजन और तीन के साथ कच्चे के मकान में सो रहे थे और पास में तीन बकरा बकरी भी बंधी हुई थी वहीं शाम से ही रूक



रूक बारिश हो रहा था सुबह भोर में लगभग तीन बजे अचानक से कच्चा का मकान गिर गया तब तक हम सब की नींद खुल गई। जिसमें तीन बच्चों सहित हमको हल्का फुल्का चोट लगी लेकिन पास बंधी हुई बकरा बकरी दब गई थी जिसे तत्काल स्वजनों के मदद से बाहर निकलवाया गया तब तक एक बकरी की मृत्यु हो चुकी थी और दो बकरी घायल हो गई वहीं इसकी सूचना पाकर जय बाबू प्रधान पहुंच गए और राहत की कुछ समाग्री दिया। उक्त को लेकर क्षेत्रीय लेखपाल को फोन के माध्यम से संपर्क करने पर उनका नम्बर नहीं लगा।

## मारकुण्डी कोनियवां बेचूबीर बाबा धाम मेला तीन दिवसीय 30 अक्टूबर से शुभारंभ

### भूत-प्रेतों की निवारण के साथ निःसंतान महिलाओं का भी होता है निवारण

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमा चौकी अन्तर्गत मारकुण्डी ग्राम पंचायत के टोला कोनियवां में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के चर्चित आस्था का महापर्व बेचूबीर धाम मेला 30 अक्टूबर से 1नवम्बर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ पुजारी द्वारा किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए बेचूबीर धाम मेला आयोजक समाजसेवी सुरज यादव ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम 31 अक्टूबर की रात 4 बजे भोर में मनरी बचने के साथ पूजा का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इस धाम में भूत-प्रेतों से ग्रसित महिला, पुरुष, बच्चों के निवारण के साथ ही निःसंतान महिलाओं की मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं । इस कार्यक्रम में आदिवासी बाहुल क्षेत्रों समेत अन्य जनपदों के पीड़ित महिला पुरुष भी देखने को मिलते है।

## चोपन रेलवे स्टेशन पर मॉक ड्रिल (Mock Drill) का हुआ आयोजन

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। यात्रियों की सुरक्षा, आपदा प्रबंधन की तैयारी तथा राहत एवं बचाव कार्यों की दक्षता का आकलन करने हेतु शुक्रवार को धनबाद मंडल के चोपन रेलवे स्टेशन पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अमित कुमार की उपस्थिति में गाड़ी संख्या 18614 के पटरी से उतरने की काल्पनिक स्थिति पर आधारित एक मॉक ड्रिल (Mock Drill) का सफल आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का आयोजन आकस्मिक परिस्थितियों- जैसे रेल दुर्घटना, आग लगने या अन्य आपातकालीन



स्थितियों में त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया था। अभ्यास के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की संपूर्ण प्रक्रिया को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया गया। इसमें अग्निशमन कार्यवाही, दुर्घटनाग्रस्त कोच से यात्रियों की सुरक्षित निकासी, घायलों को प्राथमिक उपचार (जैसे सीपीआर एवं पट्टी बांधना) प्रदान करना, उन्हें सुरक्षित ढंग से संभालने से जुड़ी सावधानियाँ, तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में एनडीआरएफ की टीम, जिला आपदा प्रतिक्रिया दल, सीआईएसएफ, आरपीएफ, जीआरपी, फायर ब्रिगेड, चिकित्सा विभाग, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स तथा अन्य विभागों की टीमों ने सक्रिय एवं समन्वित रूप से भाग लिया। इस दौरान सभी विभागों के बीच समन्वय, संचार व्यवस्था एवं आपसी सहयोग की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया। यह अभ्यास भारतीय रेल की किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तत्परता तथा एनडीआरएफ, राज्य आपदा प्रतिक्रिया टीम जैसी अन्य राहत एवं बचाव एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने की क्षमता को दशार्ता है। रेल प्रशासन द्वारा इस प्रकार के मॉक ड्रिल समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित, प्रभावी एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## सरदार पटेल की जयंती पर किया गया पौधारोपण, खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को किया पुरस्कृत

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**

म्योरपुर/ सोनभद्र। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को नेमना कंपोजिट विद्यालय में वृहद पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर सुनील कुमार, वन दारोगा श्यामलाल, राहुल कुमार दुबे द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बाल संसद, इको क्लब और मीना मंच की छात्राओं को मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूल बैग दे कर पुरस्कृत किया गया। सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी के बाद वन विभाग जरहा के सौजन्य से उपलब्ध कराए गए पौधों का मुख्य अतिथि सुनील कुमार और विशिष्ट अतिथियो द्वारा पौधारोपण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को प्रोत्साहित



करते हुए कहा आज लगाए गए सभी पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी बच्चों की है। शुक्रवार को चल रहे क्रिकेट टूनार्मेंट में कक्षा 7 और 8 की बालिकाओं के बीच मैच कराया गया। उक्त अवसर पर सहायक अध्यापक मनोज कुमार दुबे, ज्वाला प्रसाद, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष लाले राम, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राधेश्याम, पूर्व ग्राम प्रधान रामजी, ग्राम पंचायत सदस्य लोलर पनिका, मेवाराम, वनकर्मी देव कुमार, नरेंद्र कुमार, त्रिभुवन वर्मा, अर्जुन उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन बाल संसद की प्रधानमंत्री रंजना द्वारा किया गया।

# पेड न्यूज एवं फेक न्यूज एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर जिला प्रशासन द्वारा की जा रही सख्त निगरानी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निमित्त किशनगंज जिला में समाहरणालय स्थित एमसीएमसी (मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी) कोषांग का गठन किया गया है। यह कोषांग आपदा कार्यालय के ऊपर नियमित रूप से संचालित हो रहा है।

एमसीएमसी कोषांग द्वारा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मीडिया माध्यमों तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित सामग्री का सतत अवलोकन किया जा रहा है। अवलोकन के क्रम में यह पाया गया है कि कुछ मीडिया संस्थानों एवं अन्य सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर द्वारा पेड न्यूज, फेक न्यूज, सर्वेक्षण तथा पब्लिक ऑपिनियन जैसी सामग्रियों का प्रकाशन एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जो कि आदर्श आचार संहिता (MCC) का स्पष्ट उल्लंघन है।

कुछ मामलों में यह भी देखा गया है कि प्रत्याशी विशेष के पक्ष में अनधिकृत रूप से ह्लपब्लिक ऑपिनियनह्व अथवा सर्वेक्षण चलाए जा रहे हैं तथा उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल किया जा रहा है। ऐसी गतिविधियाँ निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।

एमसीएमसी कोषांग द्वारा इन सभी मामलों का गंभीरता से संज्ञान लिया गया है और आईटी एक्ट तथा बीएनएस की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है एवं आगे भी की जाएगी।

जिला प्रशासन, किशनगंज द्वारा आमजन, मीडिया प्रतिनिधि एवं सोशल मीडिया उपयोगकताओं से अपील की जाती है कि निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार की भ्रामक, प्रलोभनात्मक या एकतरफा समाचार सामग्री का प्रसारण न करें तथा केवल प्रमाणित एवं सत्यापित सूचना ही साझा करें।

पूर्ववर्ती दिनों में यह देखा गया है कि कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मतदान किए गए पोस्ट बैलेटल की तस्वीरें वायरल किये जा रहे हैं, जो पूर्णतः अवैध हैं तथा आदर्श आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन है। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा साइबर पुलिस की मदद ली जा रही है, ताकि ऐसे मामलों की पहचान कर दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके। जिला प्रशासन आम नागरिकों से भी अपील करता है कि वे इस प्रकार की किसी भी सामग्री को सोशल मीडिया पर साझा या प्रसारित न करें, अन्यथा उनके विरुद्ध भी आवश्यक विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु प्रत्येक स्तर पर निगरानी रखी जा रही है। सभी व्यक्तियों, राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करें।

# सेवा और एकता का संदेश: पुलिस स्मृति दिवस पर रक्तदान शिविर में उमड़ा उत्साह

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



रक्तदान केवल किसी जरूरतमंद को खून देना नहीं है, बल्कि यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। रक्त की एक यूनिट किसी की जिंदगी बचा सकती है, किसी परिवार में फिर से मुस्कान ला सकती है। हर वर्ष देशभर में हजारों मरीज दुर्घटना, प्रसव या गंभीर बीमारी के दौरान रक्त की प्रतीक्षा करते हैं। ऐसे में जब समाज का कोई वर्ग स्वेच्छा से आगे बढ़कर रक्तदान करता है, तो यह न केवल जीवनदान का कार्य होता है बल्कि संवेदनशील नागरिकता का परिचायक भी बन जाता है।इसी भाव को साकार करते हुए आज पुलिस स्मृति दिवस और राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन केंद्र, किशनगंज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु सिपाहियों एवं पुलिस लाइन केंद्र के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 25 यूनिट रक्त दान किया। यह आयोजन सुरक्षा बलों की सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस लाइन केंद्र के मेजर अमित कुमार ने स्वयं रक्तदान किया, जिससे शिविर में उत्साह का माहौल बन गया।

**सेवा और जिम्मेदारी का प्रतीक बना रक्तदान**

रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक, सदर अस्पताल किशनगंज की टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही। मौके पर डॉ. मंजर आलम, CDO-cum-DVBDCO ने कहा कि क्तदान न केवल जरूरतमंदों को जीवन देता है, बल्कि यह समाज में एकता, सहयोग और संवेदना की भावना को भी बढ़ाता है। पुलिस कर्मियों ने जिस तरह से आगे बढ़कर रक्तदान किया है, यह सामाजिक चेतना का प्रेरक उदाहरण है।उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को प्रेरित करने का सशक्त माध्यम हैं।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि पुलिस विभाग की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है। रक्तदान मानवता की सेवा का सबसे बड़ा प्रतीक है और इसे हर व्यक्ति को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।उन्होंने बताया कि रक्तदान से शरीर को कोई हानि नहीं होती, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इससे शरीर में नई कोशिकाओं का निर्माण तेज होता है और व्यक्ति मानसिक रूप से भी संतुष्टि महसूस करता है। उन्होंने जिले के अन्य विभागों से भी इसी तरह के जनसेवी कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की।

जिलाधिकारी विशाल राज ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस और पुलिस स्मृति दिवस जैसे अवसर हमें यह सिखाते हैं कि सेवा, एकता और करुणा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। पुलिसकर्मियों द्वारा आयोजित यह रक्तदान शिविर इसी भावना का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सहयोग और मानवीय संवेदना का प्रसार होता है। जब हम किसी अनजान व्यक्ति की मदद करते हैं, तो यह सच्चे अर्थों में देशभक्ति होती है।

# बिहार विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों की बढ़ाई गई शुरक्षा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और मतदान की तिथि जैसे-जैसे करीब आ रही है, राजनीतिक गतिविधियां भी तेज होती जा रही हैं। विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशी लगातार जनसभाएं कर रहे हैं, लोगों के बीच जाकर समर्थन जुटा रहे हैं और चुनावी माहौल पूरे राज्य में गर्म है। ऐसे समय में प्रत्याशियों की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय बनकर सामने आया है। चुनाव के दौरान किसी भी अनहोनी या असुरक्षा की स्थिति न पैदा हो, इसके लिए पुलिस मुख्यालय ने विशेष सुरक्षा निर्देश जारी किए हैं। जैसे ही कोई प्रत्याशी नामांकन करता है, जिला पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा स्थिति का मूल्यांकन करता है। यदि प्रत्याशी के लिए खतरे की संभावना अधिक पाई जाती है, तो उन्हें तुरंत सुरक्षा मुहैया कराई जाती है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी ताजा निर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक ऐसे प्रत्याशी जिन्हें जोखिम की श्रेणी में रखा गया है, उनके साथ एक पीएसओ यानी पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर अनिवार्य रूप से रहेगा। पीएसओ का कार्य केवल किसी संभावित हमले को रोकना नहीं, बल्कि प्रत्याशी के हर सार्वजनिक और निजी कार्यक्रम में सुरक्षा सुनिश्चित करना है। चाहे प्रत्याशी दिन में गांव-गांव दौरा कर रहे हों या रात में चुनावी बैठकें कर रहे हों, उनके साथ सुरक्षा अधिकारी का होना जरूरी है। पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि कोई प्रत्याशी बिना सुरक्षा व्यवस्था के यात्रा या भीड़ में जाता है, तो यह सुरक्षा उल्लंघन माना जाएगा। चुनावी सभाओं और जुलूसों पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होते हैं। ऐसे समय पर सुरक्षा के लिहाज से हल्की चूक भी गंभीर परिणाम दे सकती है। इसलिए निर्देश दिए गए हैं कि चुनाव प्रचार के दौरान सुरक्षा कर्मी प्रत्याशी के पास ही तैनात रहें और स्थिति पर हर समय निगरानी बनाए रखें। मोबाइल सुरक्षा दलों के साथ-साथ स्थानीय थाने की विशेष टीमों को भी सक्रिय किया गया है। बड़े कार्यक्रमों में भीड़ नियंत्रण एवं प्रवेश बिंदुओं की जांच विशेष रूप से की जाएगी। चुनावों के दौरान अशांति या हिंसा की संभावना को देखते हुए तकनीकी निगरानी बढ़ाई जा रही है। संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और बड़े रैलियों व सभाओं पर ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। इससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या भीड़ के असामान्य व्यवहार का पता तुरंत चल सकेगा और पुलिस तत्काल हस्तक्षेप कर सकेगी। यह व्यवस्था केवल प्रत्याशियों की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि मतदाताओं की सुरक्षा को भी ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। चुनाव का उद्देश्य यह है कि हर नागरिक सुरक्षित माहौल में मतदान कर सके और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग ले सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में करवाना केवल कानूनी प्रक्रिया नहीं बल्कि जनता के प्रति जिम्मेदारी भी है। बिहार विधानसभा चुनाव सिर्फ राजनीतिक परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रयोग का अवसर है। प्रत्याशियों की सुरक्षा सुनिश्चित करके सरकार और पुलिस प्रशासन ने संकेत दिया है कि चुनाव स्वतंत्र, सुरक्षित और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराए जाएंगे।

# नबीनगर विधान सभा क्षेत्र को बसपा प्रत्याशी ने बनाया चतुर्थकोणीय संघर्ष

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नबीनगर विधान सभा क्षेत्र में बसपा प्रत्याशी डॉ. बिनोद कुमार के रूप में एक जाने पहचाने चेहरे ने चुनावी मैदान में ताल ठोक दी है, जिससे मुकाबला और भी रोचक हो गया है। डॉ. बिनोद कुमार के मैदान में उतरने से नबीनगर और बारुण क्षेत्रों में चुनावी चर्चा तेज हो गई है।नबीनगर विधान सभा क्षेत्र में इस बार चतुर्थकोणीय संघर्ष देखने को मिल सकता है। एक तरफ महागठबंधन से राजद के आमोद कुमार चंद्रवंशी हैं, तो वहीं एनडीए से जदयू के चेतन आनंद मैदान में हैं तो दूसरी तरफ जनसुराज पार्टी से अर्चना चंद्र यादव मैदान मे कमर कसे हुए हैं।इसके अलावा कुछ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भी नामांकन किया गया है। अब डॉ. बिनोद कुमार के मैदान में आने से मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया डॉ. बिनोद कुमार को नबीनगर और बारुण क्षेत्रों में सभी वर्गों का अपार समर्थन मिल रहा है। लोगों का कहना है कि डॉ. बिनोद कुमार एक जाने पहचाने, स्थानीय,ईमानदार और मेहनती प्रत्याशी हैं, जो क्षेत्र के विकास के लिए काम करने की क्षमता रखते हैं।नबीनगर विधान सभा क्षेत्र में चुनावी माहौल गरमाता जा रहा है, और सभी प्रत्याशी अपने जीत के दावे कर रहे हैं। अब देखना यह है कि नबीनगर की जनता किसके पक्ष में अपना मत डालती है।

# कहीं रंगोली तो कहीं नारों की गूंज, जीविका दीदियाँ मतदाताओं को कर रहीं जागरूक

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जीविका दीदियाँ, लोकतंत्र के महापर्व विधानसभा चुनाव में अपनी सकारात्मक भागेदारी सुनिश्चित कर रही हैं. अपनी प्रेरणादायी रचनात्मक कार्यक्रम से, 11 नवंबर को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर, मतदाताओं को जागरूक कर रही हैं. प्रभातफेरी, जागरूकता रैली, घर - घर जाकर मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग को लेकर प्रेरित कर रही हैं. जीविका सामुदायिक संगठनों में रंग झ बिरंगी रंगोली बनाकर मताधिकार का संदेश दे रही हैं. दीदियाँ अपने हथेलियों पर मेहँदी रचाकर मतदान का संदेश दे रही हैं. उनके सामूहिक रचनात्मक प्रयास से किशनगंज जिला के मतदाताओं में जागरूकता बढ़ रही है. जीविका दीदियाँ स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन, संकुल संघ में इकट्ठा होकर अपने मताधिकार के प्रयोग को लेकर शपथ ले रही हैं. गाँव - गली - मुहल्लों में नारा लगाती जीविका दीदियों कि गूंज की सतरंगी छटा, मतदाता जागरूकता अभियान में देखने को मिल रही है. किशनगंज जिला में आगामी 11 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार के प्रयोग को लेकर, जीविका दीदियों का उत्साह झ उमंग देखने को मिल रहा है. जीविका की जिला परियोजना प्रबंधक अनुराधा चंद्रा ने बताया कि सभी सातों प्रखंड के विभिन्न सामुदायिक संगठन में जीविका दीदियाँ, मतदाता जागरूकता अभियान में हिस्सा ले रही हैं. पिछले चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले पंचायतों में जीविका दीदियाँ, घर - घर जाकर मतदाताओं को जागरूक कर रही हैं. जीविका के लगभग इक्कीस हजार स्वयं सहायता समूह में मतदाता जागरूकता अभियान, स्वीप अंतर्गत विभिन्न प्रेरणादायी रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. जीविका दीदियों के सामूहिक प्रयास से मतदाताओं को मतदान के महत्व की बातें बताई जा रही हैं. मतदाता जागरूकता अभियान में जीविका दीदियों को ग्रामीणों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है. जीविका दीदियों द्वारा बनाई गई रंगोली, नारों, प्रेरणादायी बातों को वे बड़ी गंभीरता से देख झ सुन रहे हैं. शाम को जीविका दीदियाँ अपने सामुदायिक संगठन में इकट्ठा होकर कैंडल मार्च निकाल रही हैं. उनके प्रयास से राष्ट्रीय पर्व चुनाव में भागेदारी को लेकर मतदाताओं में नये ऊर्जा का संचार हो रहा है.

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जन संपर्क अभियान को किया तेज

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) कुटुम्बा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने अपने जनसंपर्क अभियान को धार देते हुए क्षेत्र के कई पंचायतों और गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आम जनता से मुलाकात कर कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विकास योजनाओं की जानकारी दी तथा अपने पक्ष में समर्थन मांगा।उन्होंने आश्वासन दिया कि जनता यदि उन्हें मौका देती है तो क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा, "मैं राजनीति को सेवा का माध्यम मानता हूँ। जनता की समस्याओं को हल करना और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना मेरा पहला लक्ष्य होगा।"राजेश राम ने केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकारें वादे तो बहुत करती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर विकास दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही वह पार्टी है जो गरीब, किसान, दलित और अल्पसंख्यक समुदायों की सच्ची आवाज उठाती है।युवाओं से अपील करते हुए राजेश राम ने कहा कि वे जाति और धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर मतदान करें। उन्होंने कहा, "हमें राजनीति बदलना नहीं, व्यवस्था बदलना है। हर घर में शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान का माहौल बनाना है।" जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं की भारी उपस्थिति देखने को मिली। समर्थकों ने नारे लगाए - कुटुंबा के नायक_राजेश राम,राजीव गांधी जिंदाबाद,राजेश राम जीतेंगे, कुटुम्बा बदलेगा, क्षेत्र की जनता कांग्रेस के साथ ।राजेश राम ने बताया कि आने वाले दिनों में वे पूरे विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर जनता से सीधा संवाद करेंगे।

# पटना में "मोथा" तूफान का असर, गिरा तापमान, बढ़ी ठंढ

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना सहित पूरे बिहार में इस समय मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। चक्रवात ह्यमोंथाह्न का प्रभाव जिस प्रकार तटीय क्षेत्रों और उत्तर-पूर्वी राज्यों में देखा गया, अब वह असर बिहार में भी स्पष्ट रूप से महसूस किया जा रहा है। शुक्रवार की सुबह से ही पटना में बारिश का दौर जारी है। आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और सूरज की रोशनी लगभग गायब है। लगातार हो रही फुहारों और बूंदाबांदी ने राजधानी के मौसम को ठंडा और नम बना दिया है। मौसम विभाग की मानें तो इस बदले मौसम की स्थिति अगले दो दिनों तक बनी रह सकती है। फिलहाल तापमान में सामान्य दिनों की तुलना में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। सुबह और शाम के समय हल्की ठंडक का अहसास होने लगा है। यह ठंड भले ही बहुत तेज नहीं है, परंतु बारिश और हवा की वजह से लोगों को ऊनी या गर्म कपड़ों की आवश्यकता महसूस होने लगी है। मौसम में हो रहे इस परिवर्तन ने दैनिक दिनचर्या पर भी प्रभाव डाला है। पटना में लगातार हो रही बूंदाबांदी से भारी जलजमाव जैसी स्थिति अभी नहीं बनी है, क्योंकि बारिश बहुत तेज नहीं है। लेकिन हल्की बारिश और फुहारों के कारण लोगों के लिए आना-जाना आसान नहीं रह गया है। स्कूल और दफ्तर जाने वाले लोगों को छतरी और रेनकोट के सहारे सड़क पर निकलना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी हो रही है, क्योंकि फिसलन भरी सड़कों पर सावधानी से चलना आवश्यक है। वहीं, सड़क किनारे छोटे व्यापारियों की आमदनी पर भी असर पड़ा है, क्योंकि ग्राहक कम निकल रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने सिर्फ राजधानी ही नहीं, पूरे बिहार के 24 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। जिन जिलों में अलर्ट जारी किया गया है, उनमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सीतामढ़ी, शियोहर, बक्सर, भोजपुर, पटना, अरवल, जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा, गया, नवादा, औरंगाबाद और रोहतास शामिल हैं। इन जिलों के लोगों को मौसम विभाग ने सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि चक्रवात ह्यमोंथाह्न का प्रभाव बिहार में 48 घंटे तक रहेगा। इस दौरान बादल छाए रहेंगे और रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश होती रहेगी। इसका असर खेती पर भी पड़ेगा, खासकर रबी की फसलों पर। जहां खेतों में नमी बढ़ेगी, वहीं भारी बारिश होने पर फसलों को नुकसान की भी आशंका है। हालांकि फिलहाल की बारिश मध्यम श्रेणी की है, इसलिए किसानों को अभी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन मौसम में अत्यधिक बदलाव पर नजर बनाए रखना जरूरी है। सरकार और स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। विशेष रूप से ऐसे इलाकों में जहां जलजमाव की संभावना रहती है, वहां सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। शहर में खुले स्थानों पर खड़े पेड़ों के पास अधिक देर रुकना या वाहन खड़ा करना भी जोखिमपूर्ण हो सकता है, क्योंकि हवा के तेज होने पर पेड़ की टहनियां टूटकर गिर सकती हैं।

# जदयू प्रत्याशी चेतन आनंद ने किया नबीनगर में तूफानी जनसंपर्क

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)एनडीए के जदयू प्रत्याशी चेतन आनंद ने शुक्रवार को नबीनगर विधान सभा क्षेत्र के पिपरा पंचायत के दरार, सोनवर्षा, लेंबोखाप, पोखराही, गमहरिया सहित कई गांवों का दौरा कर मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।चेतन आनंद ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे उन्हें अपना आशीर्वाद दें और नबीनगर के विकास के लिए साथ दें। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए काम करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।चेतन आनंद ने अपने दौरे के दौरान स्थानीय मुद्दों पर जोर दिया और कहा कि वे क्षेत्र की समस्याओं को समझते हैं और उनके समाधान के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नबीनगर के विकास के लिए वे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।नबीनगर विधान सभा क्षेत्र में चुनावी समीकरण काफी रोचक हो गए है।

# नबीनगर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर "रन फॉर यूनिटी"कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर थाना के नेतृत्व मे राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारी और कर्मचारी सहित स्कूली बच्चे और समाज के लोग शामिल हुए।नवीनगर थाने में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में पुलिस इंस्पेक्टर



सुरज कुमार, थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय, एसआई संजय कुमार, आई राजू कुमार, पीटीसी रूपकमल सिंह संतोष कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी ,पुलिस बल के जवान और कर्मचारी मौजूद थे। इसके अलावा, प्रधानाध्यापक देव बिहारी सिंह और शिक्षक धनंजय सिंह सहित सामाजिक कार्यकताओं ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देना है। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने एकता और भाईचारे का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।इस कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों के अलावा स्कूली बच्चे और समाज के लोग भी शामिल हुए। लोगों ने एकता और अखंडता के नारों के साथ देशभक्ति का प्रदर्शन किया।

# कुटुंबा से 131 लीटर देसी शराब बरामद बाइक जप्त तस्कर फरार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वुशुनपुर बिगहा गांव के पास से एक मोटरसाइकिल सहित 131 लीटर देसी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में शराब तस्कर भागने में सफल रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वुशुनपुर बिगहा गांव के पास छापेमारी की। इस दौरान मोटरसाइकिल पर लदी देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर शराब तस्कर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी के पास शराब तस्करी से संबंधित कोई जानकारी है, तो वह पुलिस को सूचित करें। पुलिस का कहना है कि शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# पटना में ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फतुहा स्टेशन के पास गुरुवार की देर छठ पूजा मनाने के बाद अपने घर लौट रहे 67 वर्षीय भीम दास ट्रेन से गिरकर अपनी जान गंवा बैठे। यह हादसा न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि परिचितों और स्थानीय लोगों के लिए भी अत्यंत पीड़ादायक है। त्योहार के उल्लास के बीच घटी इस दुर्घटना ने परिजनों की खुशियों को मातम में बदल दिया। भीम दास बेगूसराय जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र के निवासी थे। वे बिहार राज्य खाद्य निगम में प्यून के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी अंतिम सेवा पोस्टिंग पटना के आर ब्लॉक, पंच मंदिर के पास स्थित कार्यालय में रही। सेवानिवृत्ति के बाद भीम दास अपने परिवार सहित दीघा के घुरदौल रोड नंबर 5 स्थित एक किराए के मकान में रह रहे थे। शांत और सरल स्वभाव के भीम दास परिवार और समाज में एक सम्मानित व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। छठ पूजा बिहार का प्रमुख पर्व है, जिसमें परिवार और समाज के लोग आस्था के साथ शामिल होते हैं। भीम दास अपनी पत्नी के साथ अपने पैतृक गांव बेगूसराय में छठ मनाने गए थे। छठ पूजा संपन्न होने के बाद गुरुवार की रात वे पटना लौट रहे थे। फतुहा स्टेशन से पश्चिम दिशा में पोल संख्या 522/5 और 7 के बीच अप लाइन पर यह घटना घटी। ट्रेन चलते समय अचानक संतुलन बिगड़ने से भीम दास नीचे गिर गए। गति में चल रही ट्रेन से गिरने के कारण उन्हें गंभीर चोटें आईं और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसा इतना अचानक हुआ कि आसपास के यात्रियों और रेलकर्मियों को स्थिति संभालने का मौका भी नहीं मिला।हादसे के तुरंत बाद ट्रेन में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्रियों ने स्थिति को समझने की कोशिश की, लेकिन हादसा हो चुका था। परिजनों को इस घटना की खबर मिलते ही उन पर जैसे पहाड़ टूट पड़ा। बेटे नीरज कुमार ने बताया कि उनके पिता छठ पूजा समाप्त होने के बाद घर लौट रहे थे और किन परिस्थितियों में यह दुर्घटना हुई, इसका सही अंदाजा कोई नहीं लगा पा रहा है। परिवार के लोग रो-रोकर बेहाल हैं और गहरे सदमे में हैं। घटना की सूचना मिलते ही फतुहा रेल थाना पुलिस सक्रिय हुई। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। वहां से शव को बरामद कर थाने लाया गया और परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेजा गया। पुलिस ने बताया कि आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है और दुर्घटना के कारणों की सटीक जांच भी की जाएगी।

# नबीनगर में मोंथा तूफान का असर वर्षात जैसा मौसम जनजीवन प्रभावित

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान 'मोंथा' का असर अब बिहार के औरंगाबाद जिले में भी दिखने लगा है। पिछले चार दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है, बादलों का रंग बदल गया है, और तापमान में गिरावट आई है। बारिश के बाद ठंडक ने दस्तक दे दी है,





और लोगों के शरीर पर उनी वस्त्र दिखने लगे हैं।नबीनगर के अलावा टंडवा, बड़ेम रामनगर, जयहिंद तेंदुआ, माली सहित कई क्षेत्रों में बरसात जैसा मौसम बन गया है। बारिश के कारण धान की खेती करने वाले किसानों को काफी नुकसान हो रहा है।वही पालतू पशुओं को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान 'मोंथा' के कारण बिहार के कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। औरंगाबाद जिले में भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई हैऔर इसका असर दो से तीन दिन तक रहने की संभावना जताई जा रही है।इस दौरान 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और वज्रपात होने की संभावना है।बारिश के कारण धान की खेती करने वाले किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। धान की फसलें पानी में डूब गई हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

# ग्राम वाणी तकनीक के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता की दिशा में सशक्त बना रही है: शनी श्रीवास्तव

**समाज जागरण**

बलरामपुर, 31 अक्टूबर 2025: ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल सशक्तिकरण से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ग्राम वाणी संस्था ने "उद्यमी वाणी" डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत की है। यह पहल उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर, भदोही, बलरामपुर, श्रावस्ती और झांसी जिलों में संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को जानकारी, प्रशिक्षण और प्रेरणा प्रदान कर सतत ग्रामीण आजीविका के अवसरों से जोड़ना है।



"उद्यमी वाणी" के माध्यम से स्थानीय महिला उद्यमियों को डिजिटल माध्यम से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे अपने अनुभव, चुनौतियाँ और सफलताएँ साझा कर सकें। इससे महिलाएँ न केवल उद्यमिता से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर रही हैं बल्कि अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए तकनीक का प्रभावी उपयोग भी सीख रही हैं।

इसी क्रम में ग्राम वाणी द्वारा 30 अक्टूबर को बलरामपुर में जिला उद्यमिता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिला स्तर पर उद्यमिता विकास और आजीविका क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों को एक मंच पर लाकर महिला उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना था।

ग्राम वाणी के उत्तर प्रदेश प्रमुख शनी श्रीवास्तव ने बताया कि "ग्राम वाणी तकनीक के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को जोड़कर उन्हें उद्यमिता की दिशा में सशक्त बनाया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हर व्यक्ति तक तकनीक की पहुँच हो और महिलाएँ इसका उपयोग कर अपने व्यवसाय को नई दिशा दे सकें।"

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बलरामपुर के निदेशक पंकज वर्मा ने कहा कि "हमारा उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना है। हमारे यहाँ विभिन्न प्रकार के निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनसे प्रतिभागियों को उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।"

जिला मिशन प्रबंधक अखिलेश मौर्य ने कहा कि "ग्राम वाणी की तकनीक के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों तक पहुँच बनाई जा सकती है। परंपरागत और गैर-परंपरागत रोजगार के माध्यम से महिलाओं के लिए नए अवसर तैयार किए जा रहे हैं।"

**समाज जागरण**

खंड विकास अधिकारी बलरामपुर सदर मनोज कुमार ने कहा कि "हमारा प्रयास रहेगा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुँचे, और इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से इसे जमीनी स्तर पर साकार किया जा सके।"

कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि और स्थानीय अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्राम वाणी का मानना है कि तकनीक तभी मानव विकास के लिए उपयोगी हो सकती है जब समाज के हर वर्ग को इसका समान रूप से उपयोग करने का अवसर मिले। संस्था का उद्देश्य समुदाय को डिजिटल तकनीक के माध्यम से सशक्त बनाना है ताकि वे अपनी आवाज खुद उठा सकें, उपयोगी जानकारी प्राप्त कर सकें और अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

# नाबार्ड, बाराबंकी द्वारा विजिलेंस अवेयरनेस वीक 2025 का आयोजन एवं आर्ट प्रतियोगिता

**समाज जागरण**

बाराबंकी, 31 अक्टूबर 2025: भारत सरकार के केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, नाबार्ड, जिला कार्यालय बाराबंकी ने ग्राम पंचायत मेढिया में "विजिलेंस अवेयरनेस वीक 2025" के अंतर्गत एक जागरूकता बैठक और सतर्कता प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती दिव्या राय, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड बाराबंकी ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ सतर्कता प्रतिज्ञा से हुआ, जिसकी शपथ ग्राम प्रधान ने दिलाई। ग्राम प्रधान ने कहा कि "ग्राम स्तर पर ईमानदारी और पारदर्शिता को अपनाने से राष्ट्र स्तर पर भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण का निर्माण संभव है।"



शरणम संस्थान के सचिव आदेश सक्सेना ने बच्चों में नैतिकता, सच्चाई और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर जोर दिया, ताकि आने वाली पीढ़ी एक ईमानदार समाज का निर्माण कर सके। श्रीमती दिव्या राय ने कहा कि "भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। सतर्कता केवल एक सप्ताह की गतिविधि नहीं, बल्कि यह एक जीवन मूल्य होना चाहिए जिसे हम अपने कार्यों और व्यवहार में अपनाएं।"

बैठक में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत नाबार्ड, बाराबंकी द्वारा स्थानीय जूनियर हाईस्कूल के 15 विद्यार्थियों के साथ एक आर्ट प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय "ईमानदारी और पारदर्शिता" था। विद्यार्थियों ने अपने चित्रों के माध्यम से सत्यनिष्ठा और भ्रष्टाचार-निरोध जैसे विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में 5 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को नाबार्ड की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती पर भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न

**समाज जागरण**

वाराणसी।आज शुक्रवार को महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में पूर्व सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर प्राध्यापको एवं छात्रों द्वारा पुष्पार्चन किया गया। कार्यक्रम में डॉ सत्य प्रकाश सिंह डॉ अर्चना सिंह, उमेश कुमार, डॉ रेनू कुमारी ने भाषण प्रस्तुत किया। छात्रों की ओर से 10 छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुराधा मौर्य द्वितीय स्थान सत्यम मिश्रा तथा तृतीय स्थान नंदिनी केसरी को मिला।

कार्यक्रम का संचालन अंगद प्रसाद यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 अखिला नन्द सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ0 आशा सिंह डॉ0ममता डॉ0 अजय कुमार कुशवाहा ,उमेश कुमार राय, कंचन वर्मा एवं कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय सलाहकार समिति की 70वीं बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण**

फरीदाबादः राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशालय, फरीदाबाद में क्षेत्रीय सलाहकार समिति की 70वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अशोक कुमार ने की।

बैठक प्रारंभ होने से पूर्व शिक्षा अधिकारी उत्तम सिंह ने उपस्थित सभी सदस्यों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात इरा समिति के सचिव अजय कुमार दीक्षित ने सदस्यों को क्षेत्रीय निदेशालय द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और उनके उद्देश्यों से अवगत कराया।



बैठक में सभी सदस्यों ने श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण, पीएफ और ईएसआईसी से जुड़े मामलों के समाधान में सहयोग प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विभिन्न श्रम संस्थानों और श्रमिक प्रतिनिधियों जैसे बेचू गिरि, बिनोद कुमार, प्रमोद कुमार सचदेवा, राजेश चौहान, जगदीप सिंह, अरुण कुमार और रवि वासुदेव ने श्रमिक कल्याण के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए।

अजय दीक्षित ने अध्यक्ष अशोक कुमार से अनुरोध किया कि आज बैठक में दिए गए सुझावों को केन्द्र सरकार, श्रम मंत्रालय और संस्थान के मुख्यालय दिल्ली तक पत्राचार के माध्यम से पहुंचाने में सहायता प्रदान की जाए। अध्यक्ष ने इसे सहर्ष स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया।

# जूनियर वर्ग में 3 गोल्ड लेकर अभीक हाल्दार और रिमझिम कुमारी बने सर्वश्रेष्ठ एथलीट

**पेफी राज्य एथलेटिक मीट 2025 का भव्य आयोजन – 1500 से अधिक एथलीटों ने दिखाई अपनी प्रतिभा**

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर 2025: नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दो दिवसीय पेफी राज्य एथलेटिक मीट 2025 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट और शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार




के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर से 1500 से अधिक एथलीटों ने 70 से अधिक ट्रैक और फील्ड इवेंट्स में अपनी खेल प्रतिभा और अनुशासन का प्रदर्शन किया।

इस आयोजन ने नई खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ ही भारत के मिशन ओलंपिक्स 2026 और ओलंपिक 2036 की दिशा में भी एक सशक्त कदम साबित किया।

लड़कों की श्रेणी में अभीक हाल्दार को और लड़कियों की श्रेणी में रिमझिम कुमारी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब प्रदान किया गया। इसके अलावा इंडस वैली पब्लिक स्कूल, नोएडा को सर्वाधिक प्रतिभागिता के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में सचिव, भारतीय खेल प्राधिकरण श्री विष्णु कांत तिवारी ने कहा कि पेफी की यह पहल भारतीय एथलेटिक्स के भविष्य को नई दिशा देगी और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शन का अवसर प्रदान करेगी।

**सर्वश्रेष्ठ एथलीट पुरस्कार:**

U-14 बालक - अभीक हाल्दार (3 स्वर्ण)
U-14 बालिका - रिमझिम कुमारी (3 स्वर्ण)
U-16 बालक - राहुल राज महतो (3 स्वर्ण)
U-16 बालिका - स्नेहा मुखोपाध्याय (3 स्वर्ण)
U-18 बालक - ऋषभ कुमार (1 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य)
U-18 बालिका - चित्रा सिंह राणा (3 स्वर्ण)

**अधिकतम सहभागिता पुरस्कार:**

**विद्यालय श्रेणी – इंडस वैली पब्लिक स्कूल, नोएडा**
**क्लब श्रेणी – विजन फिट रनिंग क्लब**

कार्यक्रम में उपनिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण श्री निथन जोश, निदेशक, श्यामा प्रसाद मुखर्जी फाउंडेशन श्री विनय सिंह, पेफी अध्यक्ष डॉ. ए. के. उप्पल, सचिव आयोजन समिति डॉ. त्रिभुवन राम नारायण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

डॉ. पीयूष जैन ने कहा कि यह आयोजन खेल और शारीरिक शिक्षा को जन आंदोलन बनाने में सहायक है और चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, पोषण और फिटनेस सहयोग प्रदान किया जाएगा।

दो दिवसीय आयोजन के अंत में सभी विजेताओं को पदक, प्रमाणपत्र और विशेष सम्मान प्रदान किए गए। इस आयोजन ने राजधानी के खेल परिदृश्य में एक नया अध्याय जोड़ा और युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और फिटनेस की भावना को प्रोत्साहित किया।

# पटेल न होते तो भारत का मानचित्र कुछ और होता - सलिल विश्नोई

**समाज जागरण**

कानपुर।"स्वतंत्रता के बाद अंग्रेज भारत को खंड-खंड होने के लिए छोड़ गए थे। 550 से ज्यादा रियासतों को कम समय में एक कर सरदार पटेल ने भारत के मानचित्र को बनाने का काम किया। अगर वे न होते तो आज देश का मानचित्र कुछ और होता।" ये बातें राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर सचान चौराहे पर भाजपा दक्षिण जिला इकाई द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी के शुभारंभ के मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई ने कहीं।

इससे पहले उन्होंने महापौर प्रमिला पांडेय, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, विधायक महेश त्रिवेदी के साथ पटेल चौक पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद ।

मुख्य अतिथि सलिल विश्नोई ने तिरंगे गुब्बारे उड़ाकर भाजपा दक्षिण जिले में एकता दौड़ को रवाना किया। बड़े बड़े तिरंगे झंडों के साथ देश भक्ति से सराबोर माहौल में सैकड़ों भाजपा नेताओं, कार्यकताओं ने शहरवासियों के साथ दीप सिनेमा तिराहे तक दौड़ लगाई। रन फॉर यूनिटी में आगे आगे तिरंगे झंडे लिए चलर हे पांच सौ से अधिक भारत स्काउट गाइड और राष्ट्रीय कैडेट कॉप्स (एनसीसी) के बच्चे प्रमुख आकर्षण का केंद्र



रहे। इसके अलावा भाजपा दक्षिण जिले के सभी बूथों पर सरदार पटेल की जयंती मनाई गई।

इस मौके पर सलिल विश्नोई ने कहा कि राष्ट्र के प्रति सरदार पटेल के कर्तव्य पारायणता और लोहे जैसे इरादों का परिणाम है कि भारत 79 वर्ष के बाद भी दुनिया के सामने सम्मान के साथ खड़ा है । उन्होंने कहा कि कश्मीर से लेकर लक्ष्य दीप तक फैले देश को एक करने में उनका बहुत बड़ा योगदान है और देश इस ऋण को कभी चुका नहीं सकेगा। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केवडिया में उनकी सबसे ऊंची प्रतिमा बनवाकर सरदार पटेल को उचित सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पीएम ने अमृत काल में संकल्प से सिद्धि का संकल्प लिया है। 15 अगस्त 2047 तक देश दुनिया में सर्वप्रथम होगा। ऐसे भारत के निर्माण का संकल्प लेना है, कि देश की आजादी की सौवीं वर्षगांठ के अवसर पर हम हर क्षेत्र में प्रथम स्थान पर हो। विश्नोई ने कहा कि आइए हम सब मिलकर अगले वर्षों में भारत को सर्वप्रथम पर लाने का संकल्प लें और सरदार पटेल के सपने को साकार करने के लिए समर्पित होकर काम करें। इसके पर मौजूद सभी लोगों को उन्होंने एकता की शपथ भी दिलाई।

प्रमुख रूप से स्वप्निल वरुण, पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, रघुनंदन भदौरिया, जसविंदर सिंह,प्रकाश वीर आर्य,पार्षद डॉ अखिलेश बाजपेई, रामदेव शुक्ला, विनोद शुक्ला, कौशल किशोर दीक्षित,जय प्रकाश कुशवाहा, राम बहादुर यादव, गणेश शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, पुष्पा तिवारी, विनोद मिश्रा, राजन चौहान, अर्जुन बेरिया, विनय मिश्रा, बिट्टू परिहार, दीपांकर मिश्रा,विनीत दुबे दीपू पासवान,डा.समरदीप पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन संपन्न हुआ।

कानपुर विशेष संवाददाता। दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी द्वारा छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कल्याणपुर कानपुर नगर में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती "राष्ट्रीय एकता दिवस" पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षणः

**राष्ट्रीय एकता की शपथ**

छात्रों, शिक्षकों और पुलिस ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। देश की एकता और अखंडताः सभी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया।



**कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य:**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देना एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल के योगदान को याद करना था। इस आयोजन के माध्यम से लोगों में राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया गया।

# संस्कृत और तमिल भारत की आत्मा : योगी आदित्यनाथ

वाराणसी, 31 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां काशी नाटकोट्टई नगर क्षेत्रम में निर्मित धर्मशाला के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्ण भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'वनक्कम काशी' से अपने संबोधन को शुरू करते हुए कहा कि काशी में गंगा नदी से लेकर तमिलनाडु की कावेरी नदी तक हमारी साझी परंपरा ये याद दिलाती है कि भाषाएं भले ही अलग हों, भारत की आत्मा एक ही है जो शाश्वत समावेशी और अटूट है।

**काशी और तमिलनाडु के बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंध**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारे लिए सुखद संयोग है कि यूपी की इस यात्रा में उपराष्ट्रपति जी बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में पधारे हैं। श्रीकाशी नाटकोट्टई नगर क्षेत्रम मैनेजिंग सोसाइटी द्वारा निर्मित धर्मशाला का उद्घाटन उपराष्ट्रपति जी द्वारा हुआ है। यह श्रद्धालुओं को रहने की सुविधा उपलब्ध कराएगी साथ ही काशी और तमिलनाडु के प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करेगी।

**विश्वेश्वर और रामेश्वर एक दूसरे के रूप में पूजित**

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम द्वारा रामेश्वरम धाम में स्थापित पावन ज्योतिर्लिंग और काशी में विराजमान भगवान आदि विश्वेवश्वर ज्योतिर्लिंग, यह एक-दूसरे के रूप में पूजित हैं। काशी विश्वनाथ और रामेश्वरम दोनों भगवान शिव के दिव्य स्वरूप हैं। यह उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकात्मता का सुंदर सार भी प्रस्तुत करता है।

# पालीगंज में मनाया गया चिराग पासवान का 43 वां जन्म दिन

## चिराग पासवान ने काटा केक

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज में रोड शो के दौरान शुक्रवार की देर शाम लोजपा (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने केक काटकर अपनी 43 वां जन्म दिन मनाया।

जानकारी के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पहली चरण के दौरान 6 नवम्बर को पटना जिले के पालीगंज विधानसभा क्षेत्र संख्या 190 में मतदान कराई जाएगी। जिसको लेकर चुनाव का प्रचार प्रसार जोरो पर है। छोटे बड़े नेताओं का कार्यक्रम जारी है। इसी क्रम में एनडीए के लोजपा प्रत्यासी सुनील कुमार यादव के प्रचार को



लेकर लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भारत सरकार के खाद्दय प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान का रोड शो कार्यक्रम पालीगंज में शुक्रवार की शाम आयोजित होना सुनिश्चित था। संयोग से शुक्रवार दिनांक 30 नवम्बर को ही चिराग पासवान का 43 वां जन्मदिन भी था। जिसको लेकर कार्यकर्ताओ में उत्साह का माहौल था। इसी बीच शुक्रवार की शाम रोड शो के दौरान चिराग पास्वान पालीगंज पहुंचे। जहां चंदोस मोड़ पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। वही कार्यकर्ताओ के आग्रह पर चिराग पासवान ने केक काटा। साथ ही उन्होंने लोजपा प्रत्यासी सुनील कुमार यादव को भारी मतों से जीत दिलाने के लिए हेलीकॉप्टर चिन्ह पर बटन दबाने की अपील मतदाताओं से किया है।

मौके पर कार्यकर्ता लाला पासवान, गुड्डू पासवान, सागर पासवान, पिन्टू कुमार, नीतीश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई सरदार पटेल की 150 में जयंती

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल में आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रबंधक श्रवण सिंह ने सदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसमें स्कूल के प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य तथा सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। शिक्षकों ने उनके जीवन, आदर्शों और राष्ट्र की एकता में किए गए योगदान पर प्रेरणादायी भाषण प्रस्तुत किए। प्रबंधक श्रवण सिंह ने कहा कि सरदार पटेल के 150



वीं जयंती पर दृढ़ संकल्प, निष्ठा और देशभक्ति से प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए। शिक्षकों ने भी सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सभी को सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे गुण अपने जीवन में अपनाने चाहिए, जैसे सत्यनिष्ठा, एकता और दृढ़ निश्चय का भाव। प्रधानाचार्य ने सभी अध्यापक एवं छात्र-छात्राओं को को राष्ट्रीय एकता दिवस के बारे में जानकारी दी।

# धर्म को थोड़े समय के लिए संकट हो सकता है, लेकिन वह स्थायी नहीं- उप राष्ट्रपति

**- दो कर्मयोगियों मोदी और योगी ने बदल दी काशी की तस्वीर- उपराष्ट्रपति**

**- पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में काशी का आध्यात्मिक पुनर्जागरण हो रहा - उपराष्ट्रपति**

**- बोले उपराष्ट्रपति, आज हर ओर ह्यहर हर महादेवङ्ग और ह्यगंगा मैया की जयङ्ग की गूंज सुनाई दे रही है**

**- उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने सीएम योगी संग किया नाटकोट्टाई नगर क्षेत्रम में धर्मशाला भवन का लोकार्पण**

**- काशी-तमिल संबंध की नई मिसाल बना 60 करोड़ रुपये की लागत से बना नाटकोट्टाई धर्मशाला भवन**

**- जहां नाटकोट्टाई समूह सक्रिय होता है, वहां सेवा, धर्म और प्रगति साथ-साथ चलती है- उपराष्ट्रपति**

वाराणसी, 31 अक्टूबर। काशी एक बार फिर आस्था, संस्कृति और एकता के अद्भुत संगम की साक्षी बनी है। शुक्रवार को उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में श्री काशी नाटकोट्टाई संस्था के नए धर्मशाला भवन का उद्घाटन किया।

श्री काशी नाटकोट्टाई संस्था द्वारा 60 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस आधुनिक धर्मशाला भवन का लोकार्पण समारोह के संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि धर्म को कुछ समय के लिए संकट हो सकता है, लेकिन वह कभी स्थायी नहीं होता। आज धर्म की विजय हुई है, यह इमारत उसी की साक्षी है। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष पूर्व जब मैं काशी आया था, तब मैं मांसाहारी था। गंगा स्नान के बाद जीवन में इतना परिवर्तन आया कि मैंने शाकाहार अपना लिया।

**आज काशी पूरी तरह से बदल गई है- उपराष्ट्रपति**

राधाकृष्णन ने कहा कि 25 साल पहले की काशी और आज की काशी में जमीन-आसमान का अंतर है। यह परिवर्तन केवल दो कर्मयोगियों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि जहां नाटकोट्टाई समूह सक्रिय होता है, वहां सेवा, धर्म और प्रगति साथ-साथ चलती है। यह भवन उसी भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह धर्मशाला केवल एक इमारत नहीं, बल्कि उत्तर और दक्षिण भारत के सांस्कृतिक बंधन का नया अध्याय है। उन्होंने कहा कि तमिल और काशी के बीच सदियों से चले आ रहे रिश्तों को यह भवन और मजबूत करेगा। तमिल पंडित, कवि, भक्त ज्ञान की जिज्ञासा में काशी आते रहे। कंवर गुरु, महाकवि सुब्रमण्य भारती यहां बसे। काशी तमिल संगमम ने इसे और मजबूत किया। काशी की पवित्रता पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 72 हजार मंदिर, कण-कण में शिव, हवा में गूंजता मंत्र ओम नमः शिवाय काशी की पहचान है।

**नाटकोट्टाई समूह पराए के लिए जीता है- उपराष्ट्रपति**

उपराष्ट्रपति ने कहा कि 1863 में इस संस्था की स्थापना तमिलनाडु से काशी आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए हुई थी और आज भी वही भावना जीवित है। 1942 के कर्फ्यू में भी 'शंभो' प्रणाली नहीं रुकी। ये कम नहीं, अधिक देने वाले लोग हैं। नाटकोट्टाई समूह पराए के लिए जीता है। यह सिंगापुर, बर्मा, काशी जहां भी जाता है अपनी छाप छोड़ता है।

उन्होंने अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति की वापसी और काशी-तमिल संगमम जैसे आयोजनों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में काशी का आध्यात्मिक पुनर्जागरण हो रहा है। आज हर ओर 'हर हर महादेव' और 'गंगा मैया की जय' की गूंज सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि जो समाज केवल अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए भी जीता है, वही सच्चे धर्म का पालन करता है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में 76 सोलर लैंप्स (1.5 करोड़) ग्रीन एनर्जी का प्रतीक, इससे सालाना 25 लाख रुपये की बचत होगी।

# ओम साई जनता जनार्दन इंटरमीडिएट कॉलेज कलवारी खुर्द में सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का हुआ कार्यक्रम

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के ओम साइन जनता जनार्दन इंटरमीडिएट कॉलेज कलवारी खुर्द के कॉलेज के प्रबंधक गजेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आज सरदार पटेल की 150 में जयंती के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने यूनिटी के तहत दौड़ लगाया। सबसे पहले प्रबंधक गजेंद्र प्रताप सिंह ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसमें मडीहान थाना अध्यक्ष भी मौके पर उपस्थित रहे। रन फॉर यूनिटी के तहत स्कूल के छात्र-छात्राओं में दौड़ लगाकर जिसमें स्कूल के सभी शिक्षक प्रधानाचार्य और प्रबंधन ने भी दौड़



लगाया। प्रतिभा कर छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी वितरण किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा।

# किन फलों को छीलकर खाएं और किन्हें बिना छिलकों के

**फल खाते और काटते वक्त कई बार समझ नहीं आता कि छिलका हटाकर फल को खाएं या इसे छिलका के साथ ही खा लें. आजकल मिलावट और कैमिकल्स की वजह से ज्यादातर लोग फलों के छिलके हटाकर खाते हैं. जानिए किन फलों को छिलकों के साथ और बिना छिलकों के खाया जा सकता है.**



फलों के बिना हमारा भोजन संपूर्ण नहीं है. दालों और अनाज के साथ-साथ फलों को डाइट में शामिल करना बेहद जरूरी है. बता दें कि फलों में तमाम विटामिन, मिनरल और फाइबर समेत पोषक तत्व होते है. ये सारे तत्व हमारे हमारे शरीर के विकास के लिए जरूरी हैं. लेकिन फल को खाते समय समझ नहीं आता कि किसके छिलके उतारकर खाएं और किसके नहीं. मिलावट और केमिकल के चलते लोग फलों के छिलके उतारकर खाते हैं.

अपोलो हॉस्पिटल में चीफ न्यूट्रिशिनिस्ट डॉ. प्रियंको रोहतगी के कहती हैं कि फलों को अच्छी तरह से धोकर छिलके के साथ खाना सेफ माना जाता है. इससे जरूरी फाइबर और विटामिन मिलते हैं. सेब, चीकू और अंगूर को छिलकों के साथ ही खाया जाता है. हालांकि, कुछ लोग अपने पाचन तंत्र को ध्यान में रखकर फल छिलके उतार कर ही खाते हैं.

## किन फल को छिलकों के साथ खाएं

डॉ. प्रियंको रोहतगी कहती हैं कि फलों को छिलकों के साथ खाने में कोई रिस्क नहीं है लेकिन इन्हें पहले अच्छी तरह से धो लें. ताकि हानिकारक केमिकल्स निकल जाएं. जानिए किन फलों को छिलकों के साथ खाया जा सकता है.

## सेब

आपको बता दें कि सेब के छिलके में एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है. ऐसे में इसे अच्छी तरह धोकर छिलकों के साथ ही खाना चाहिए.

## आलू बुखारा

सुर्ख लाल रंग का दिखने वाला आलू बुखारा खाने में खट्टा और मीठा लगता है. इस फल को भी छिलकों के साथ खाया जाना चाहिए.

## नाशपाती

नाशपाती को छीलकर खाएंगे तो इसके पोषक तत्व कम हो जाएंगे. इसलिए इसे धोने के बाद छिलकों के समेत ही खाना चाहिए.

## चीकू

चीकू के छिलके में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट, पोटेशियम और आयरन होता है. आपकी स्किन को हेल्दी रखने और आंत को स्वास्थ रखने में मदद करता है.

## इन फलों को छिलके उतार कर खाएं

## तरबूज

तरबूज का छिलका बहुत सख्त और मोटा होता है. इसे खाना भी आसान नहीं है. इसलिए तरबूज को आप छिलकों को उतारकर ही खाएं.

## कीवी

कुछ लोग कीवी को भी छिलकों के साथ ही खाना पसंद करते हैं. लेकिन अगर आपको इसके छिलके से परेशानी है तो इसे छीलकर ही खाएं.

## संतरा

संतरा का छिलका विटामिन सी, विटामिन बी 6, कैल्शियम और राइबोफ्लेविन से भरपूर होता है. हालांकि, जब इसे खाया जाए तो ये स्वाद में कड़वा लगता है.

---



# रोजाना दो कीवी का सेवन हर साल बचा सकता है आपके हजारों रुपये, सेहत के लिए ये बहुत लाभकारी

**अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि अगर आहार में ही सुधार कर लिया जाए तो कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है। आहार में गड़बड़ी को शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए गंभीर दुष्प्रभावों वाला माना जाता है। प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने से लेकर पाचन को ठीक रखने, त्वचा और मेटाबॉलिज्म को सुधारने के लिए नियमित रूप से कीवी का सेवन करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।**

कई गंभीर बीमारियों के जोखिमों से बचाने में भी कीवी खाने को फायदेमंद पाया गया है। यानी अगर आप नियमित रूप से कीवी का सेवन करते हैं तो आप हर माह बीमारियों पर होने वाले खर्च को कम कर सकते हैं।



कीवी लो कैलोरी वाले फल के साथ फाइबर से भरपूर होता है। इसमें प्रोटीन पाचन एंजाइम और विटामिन-सी होता है, जिसका अर्थ है कि यह प्रभावी रूप से वजन घटाने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूती देने में आपके लिए विशेष लाभकारी है। यदि आप अपने हृदय और पाचन स्वास्थ्य में सुधार करना चाहते हैं तो रोजाना एक-दो कीवी खाना बेहतर विकल्प हो सकता है।

## प्रतिरक्षा को मजबूत करती हैं कीवी

कीवी में विटामिन-सी की अधिकता होती है, 100-ग्राम कीवी से दैनिक विटामिन सी का 80त्न तक प्राप्त किया जा सकता है। विटामिन-सी शरीर में एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करता है और कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव डैमेज से बचाता है। प्रतिरक्षा प्रणाली के मजबूत होने से कई प्रकार के संक्रामक रोगों का खतरा कम होता है, इसलिए रोजाना कीवी का सेवन आपके लिए बहुत लाभकारी है।

## पोटेशियम का अच्छा स्रोत है कावी

हृदय, किडनी, मांसपेशियों और तंत्रिकाओं को ठीक से काम करने के लिए पोटेशियम की आवश्यकता होती है। एक कीवी में 215 मिलीग्राम तक पोटेशियम होता है, ऐसे में कीवी का सेवन करना आपके रक्तचाप और तंत्रिकाओं के लिए लाभकारी है। आहार के माध्यम से पोटेशियम की पूर्ति करना उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक जैसी हृदय संबंधी समस्याओं को कम करने, किडनी की पथरी और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाने में आपके लिए फायदेमंद है।

## ब्लड क्लॉटिंग होती है कम

नसों में रक्त का थक्का जमना हृदय और मस्तिष्क में रक्त के संचार को बाधित कर सकता है, जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा हो सकता है। कीवी, रक्त में वसा के स्तर को कम करके रक्त के थक्के को जमने से बचा सकती है। प्रतिदिन दो से तीन कीवी फल खाने से रक्त को पतला करने और समय के साथ हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। स्ट्रोक के खतरे को कम करने में भी इसके लाभ हैं।

## पाचन स्वास्थ्य में मिलता है लाभ

कीवी में अघुलनशील और घुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर होते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि कीवी में लगभग एक-तिहाई घुलनशील और दो-तिहाई अघुलनशील फाइबर होता है। फाइबर, रक्त शर्करा के स्तर को ठीक रखने के साथ, हृदय और पाचन स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकता है। फाइबर का सेवन करना आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।